चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 16 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-79, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



शनि के उपग्रह एन्सेलाडस में ठहरी जीवन की तलाश 16

फिल्म के लिए मिल रही तारीफ से भावुक हुईं परिणीति 15

## कृष्ण जन्मभूमि मामले में पांच अगस्त से सुनवाई करेगा कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



- हाईकोर्ट के सर्वेक्षण संबंधी आदेश पर रोक जारी

सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे विवादित शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण कराने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक जारी रखते हुए सोमवार को कहा कि वह इस मामले में 5 अगस्त से सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि तब तक हाईकोर्ट के 14 दिसंबर 2023 के आदेश पर रोक बरकरार रहेगी। शीर्ष अदालत ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर 16 जनवरी 2024 को हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। पीठ ने कहा कि अंतरिम आदेश तक सर्वेक्षण पर रोक जारी रहेगा। साथ ही हमने हाईकोर्ट के समक्ष अन्य कार्यवाही पर रोक नहीं लगाई है। हाईकोर्ट ने मौजूदा मामले में कोर्ट की निगरानी में एडवोकेट कमिश्नर की तीन सदस्यीय टीम द्वारा मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह परिसर के प्राथमिक सर्वेक्षण की अनुमति दी थी। साथ ही एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त करने का भी निर्देश दिया था।

## हमारे फैसले आम आदमी को डराने के लिए नहीं : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रधानमंत्री ने कहा कि सीबीआई से जुड़े कानून भाजपा के समय में नहीं आए
- वोट के लिए कांग्रेस ने रामलला मंदिर के आमंत्रण को ठुकराया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार के फैसले किसी को डराने के लिए नहीं हैं। ईमानदार आदमी को किसी से डरने की जरूरत नहीं है पर जो भ्रष्टाचार से घिरे हैं, उनमें पाप का डर होता है। देश को समझना होगा कि राजनीतिक नेताओं पर ईडी के सिर्फ तीन फीसदी केस ही हैं। 97 फीसदी मामले उन लोगों पर हैं, जो राजनीति से नहीं जुड़े हैं।

मोदी ने एक एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कांग्रेस पर जमकर चुटकी ली। पीएम ने कहा कि ईडी आज के समय में बेहतरीन काम कर रही हैं, भ्रष्टाचारियों को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जा रहा है। मोदी ने कहा कि ईडी और सीबीआई से जुड़े कोई भी कानून भाजपा के समय में नहीं आए। बल्कि भाजपा सरकार चुनाव आयोग में बदलाव के लिए कानून लाई। पहले जो लोग एक परिवार के करीबी होते थे, सिर्फ उन्हें ही चुनाव आयुक्त बनाया जाता था और उन्हें बाद में राज्यसभा या अन्य मंत्रालय भेज दिया जाता था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सनातन से लेकर चुनावी बांड और ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाने वाले विपक्ष के आरोपों पर भी हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस से यह सवाल भी किया कि ऐसी क्या मजबूरी थी कि उसने सनातन धर्म के विरुद्ध घृणा और जहर उगलने वाली द्रमुक के साथ गठबंधन किया। मोदी ने एक सवाल का जबाव देते हुए कहा कि कांग्रेस को गर्व होना चाहिए था कि रामलला मंदिर के लिए संघर्ष करने वालों ने उसके सभी पापों को भुलाकर आमंत्रित किया था, लेकिन वोट बैंक के लिए उसने आमंत्रण ठुकरा दिया। आज अगर कोई सनातन को अपशब्द कहने की हिम्मत करता है और आप उसके साथ राजनीति करते हैं तो यह देश के लिए चिंता का विषय है।

पीएम ने कहा, "जिन पर केस हैं, वे या तो ड्रग माफिया हैं या भ्रष्टाचार के मामलों में घिर अधिकारी। कुछ अफसरों ने बेनामी संपत्ति बना ली थी और उन्हें जेल भेजा गया है। प्रधानमंत्री ने ईडी की तारीफ करते हुए कहा कि 2014 से उनके सत्ता में आने के बाद से ही एजेंसी लगातार भ्रष्टाचार से लड़ रही है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले ईडी ने सिर्फ 5000 करोड़ की संपत्ति अटैच की थी। क्या तब किसी ने ईडी को कार्रवाई करने से रोका था?

चुनावी बांड से संबंधित सवालों का जबाव देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब चुनावी बांड योजना से संबंधित विधेयक को संसद में पारित किया गया था तो आज इस पर टिप्पणी करने वाले कुछ लोगों ने इसका समर्थन किया था। उन्होंने 1,000 और 2,000 रुपये के नोटों को बंद करने के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि चुनावों के दौरान बड़ी मात्रा में इन नोटों को ले जाया गया था। सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया ताकि कालाधन खत्म हो।

### 10 सालों में ईडी ने 2200 करोड़ नकदी पकड़ी

पीएम ने कहा कि मेरे पिछले 10 साल के कार्यकाल में ईडी ने 2200 करोड़ कैश में पकड़ा है, जबकि 2014 से पहले सिर्फ 34 लाख रुपये की रिकवरी ही एजेंसी ने की थी, जो कि एक स्कूल बैग में भी ले जाई जा सकती थी। जबकि 2200 करोड़ से 79 छोटा हाथी ट्रक भरे जा सकते हैं। यानी साफ है कि ईडी बेहतरीन काम कर रही है।




## 21 सेवानिवृत्त जजों का सीजेआई को पत्र न्यायपालिका को किया जा रहा कमजोर

### पत्र लिखने वालों में उच्चतम न्यायालय के चार सेवानिवृत्त न्यायाधीश भी शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के 21 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के समूह ने सोचे समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक रूप से अपमान के जरिए न्यायपालिका को कमजोर करने के कुछ गुटों के बढ़ते प्रयासों पर प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को पत्र लिखा है। न्यायधीशों ने कहा कि ये आलोचक संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित हैं तथा न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं।

यह पत्र भ्रष्टाचार के मामलों में कुछ विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों में वाकयुद्ध के बीच लिखा गया है। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ को भेजी गई चिट्ठी पर हस्ताक्षर करने वालों में उच्चतम न्यायालय के चार पूर्व न्यायाधीश- न्यायमूर्ति दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एमआर शाह हैं।

बाकी 17 विभिन्न उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने आलोचकों पर अदालतों और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के स्पष्ट प्रयासों के साथ कपटपूर्ण तरीके अपनाने का आरोप लगाया है। पूर्व न्यायाधीशों ने न्यायपालिका से ऐसे दबावों के खिलाफ मजबूत होने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि कानूनी प्रणाली की पवित्रता और स्वायत्तता संरक्षित रहे। पत्र में कहा गया है कि हम विशेष रूप से गलत सूचना की रणनीति और न्यायपालिका के खिलाफ जनता की भावनाओं को भड़काने के प्रयासों में चिंतित हैं। यह कोशिश न केवल अनैतिक हैं, बल्कि लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के लिए नुकसानदायक भी हैं। उन्होंने उन तरीकों से स्पष्ट रूप से दोषारोपण करके न्यायिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का प्रयास किया। इस तरह की कोशिश न केवल हमारी न्यायपालिका की पवित्रता का अपमान करती हैं, बल्कि न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती भी हैं।



| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | Justice | M R Shah | Former Supreme Court Judge |
| 5 | Justice | Pemod Kohli | Former Chief Justice Sikkim High Court and Chairman CAT |
| 6 | Justice | S.M.Soni | Former Judge Gujarat High Court and Lokayukt State of Gujarat |
| 7 | Justice | Ambadas Joshi | Former Judge, Mumbai High Court |
| 8 | Justice | S.N. Dhingra | Former Judge, Delhi High Court |
| 9 | Justice | R K Gauba | Former Judge, Delhi High Court |
| 10 | Justice | Gyan prakash Mittal | Former Judge, Delhi High Court |
| 11 | Justice | Ajit Bharihoke | Former Judge, Delhi High Court |
| 12 | Justice | Raghuvendra Singh Rathore | Former Judge, Rajasthan High Court |
| 13 | Justice | Ramesh Kumar Merathia | Former Judge, Jharkhand High Court |
| 14 | Justice | Karam Chand Puri | Former Judge, Punjab & Haryana High Court |
| 15 | Justice | Rakesh Saksena | Former Judge, M.P High Court |
| 16 | Justice | Narender Kumar | Former High Court Judges & Chairman, NCMEI |
| 17 | Justice | Rajes Kumar | Former Judge, Allahabad High Court |
| 18 | Justice | S N Srivastav | Former Judge, Allahabad High Court |
| 19 | Justice | P.N Ravindaran | Former Judge, Kerala High Court |
| 20 | Justice | Lokpal Singh | Former Judge, Utrakhand High Court |
| 21 | Justice | Rajiv Lochan | Former Judge, Allahabad High Court |

पत्र में 21 पूर्व न्यायाधीशों ने हस्ताक्षर करके अपनी सहमति दी है।



- न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर अपनाए जा रहे कपटपूर्ण तरीके

### न्यायपालिका को डराने-धमकाने के लिए पत्र लिखवाया गया: कांग्रेस

न्यायाधीशों के एक समूह द्वारा प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखा जाना न्यायपालिका को डराने-धमकाने की रणनीति का हिस्सा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि न्यायपालिका को सबसे बड़ा खतरा कांग्रेस से नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से है। 21 पूर्व न्यायाधीशों ने खत लिखा है जो इस बात की एक और मिसाल है कि किस प्रकार से प्रधानमंत्री और गृह मंत्री उच्चतम न्यायालय को धमकी दे रहे हैं, डरा रहे हैं और दबाव बना रहे हैं। उनका कहना था, उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि मणिपुर में संविधान नहीं बचा है। इसके बाद उसने कहा था कि चुनावी बॉण्ड असंवैधानिक है। उच्चतम न्यायालय में एक न्यायाधीश ने नोटबंदी की आलोचना की थी। इसलिए एक निष्पक्ष न्यायपालिका को डराने और धमकी देने के लिए यह तरीका अपनाया गया है।

### पिछले महीने 600 वकीलों ने लिखा था सीजेआई को पत्र

पिछले महीने वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे सहित 600 से ज्यादा वकीलों ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर सवाल उठाने को लेकर चिंता जाहिर की है। इस पत्र में लिखा कि एक ग्रुप न्यायिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए दबाव की रणनीति अपना रहा है। यह खासकर राजनीतिक हस्तियों और भ्रष्टाचारों से जुड़े मामलों में ज्यादा देखने को मिल रहा है। उनका तर्क है कि ये कार्रवाइयां लोकतांत्रिक ढांचे और न्यायिक प्रक्रियाओं में रखे गए भरोसे के लिए खतरा पैदा करती है।

भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर पार्टी कार्यालय में की पत्रकार वार्ता

## जो मोदी का विजन वही हमारे लिए मिशन : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- सीएम बोले, देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास, नारा दिया- 80 बनेगा आधार एनडीए 400 के पार

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी बताते हुए इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की उद्घोषणा करार दिया है। योगी के मुताबिक, आज देश का जो भी एंबीशन है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है। इस देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है।

सोमवार को यहां भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, इस घोषणापत्र में हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने उप्र. में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा कि '80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार।'

योगी ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है। बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर प्रभावी ढंग से लागू करने के 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है। संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। आजादी के अमृतकाल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है। हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अंत्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं।

## एक नजर

### चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू

देहरादून : चारधाम यात्रा इस साल 10 मई से शुरू हो रही है। यात्रा के लिए सोमवार से पंजीकरण शुरू हो गया। पहले दिन रिकॉर्ड पंजीकरण हुआ। चारधाम यात्रा शुरू होने से 25 दिन पहले सोमवार से पंजीकरण शुरू हो गया है। पहले दिन रिकॉर्ड लगभग 2.50 लाख तीर्थयात्रियों ने यात्रा के लिए पंजीकरण कराया है। इसमें केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए सबसे अधिक 85,034 पंजीकरण शामिल हैं। पंजीकरण करने के लिए उत्साह को देखते हुए पर्यटन विभाग को इस बार भी यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की आने की उम्मीद है। सुबह सात बजे पंजीकरण के लिए वेबसाइट खोल दी गई थी। पर्यटन विभाग के अनुसार पिछले साल पहले दिन लगभग 50 हजार यात्रियों ने पंजीकरण किया था।

### रामनवमी पर श्रद्धालुओं को 19 घंटे दर्शन

**अयोध्या।** रामनवमी पर रामलला भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे। रामलला के जन्मोत्सव पर 17 अप्रैल को सुबह चार से रात 11 बजे तक मंदिर में प्रवेश मिलेगा। दोपहर में 12:16 बजे सूर्याभिषेक होगा। पांच मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी। श्रृंगार, आरती आदि दर्शन के साथ-साथ चलते रहेंगे। दोपहर 12 बजे से पहले वस्त्र श्रृंगार होगा और 12 बजते ही पर्दा खुल जाएगा।

### अमानतुल्ला की याचिका रद, ईडी के समक्ष पेश हों

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आप विधायक अमानतुल्ला खान की अध्यक्षता के दौरान दिल्ली वक्फ बोर्ड में अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर विचार से सोमवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने खान को 18 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे ईडी के सामने पेश होने को कहा।

## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सेंसेक्स 845 अंक लुढ़का

**मुंबई।** शेयर बाजारों में सोमवार को दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और सेंसेक्स 845 अंक और लुढ़क गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित रही।

तीस शेयरों वाले बीएसई सेंसेक्स 845.12 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ दो सप्ताह के निचले स्तर 73,399.78 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 929.74 अंक तक टूटा था। एनएसई का निफ्टी भी 246.90 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,272.50 अंक पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 793.25 अंक और निफ्टी 234.40 अंक के नुकसान में था। दो कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 1,638 अंक यानी 2.19 प्रतिशत और निफ्टी 481 अंक यानी 2.13 प्रतिशत टूटा है। व्यापक बाजार में, बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 1.54 प्रतिशत और मिडकैप में 1.50 प्रतिशत की गिरावट आई।

## 23 तक तिहाड़ में ही रहेंगे केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी



आबकारी नीति घोटाला

- वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री

दिल्ली की अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत सोमवार को 23 अप्रैल तक बढ़ा दी।

सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की हिरासत की अवधि बढ़ा दी। इससे पहले, केजरीवाल को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। उनकी पूर्व की हिरासत अवधि सोमवार को समाप्त हो रही थी। ईडी ने यह कहते हुए केजरीवाल की हिरासत 14 दिन बढ़ाने की मांग की कि जांच महत्वपूर्ण चरण में है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार को ईडी से 24 अप्रैल तक जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तारी को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के नौ अप्रैल के उस आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखा गया था।

### कविता की अर्जी पर सीबीआई को नोटिस

**नई दिल्ली।** अदालत ने कविता की जमानत अर्जी पर सीबीआई को नोटिस जारी किया। सीबीआई और ईडी के मामलों के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया और संघीय एजेंसी को 22 अप्रैल तक अर्जी पर जवाब देने का निर्देश दिया। सीबीआई ने कविता को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में ईडी के गिरफ्तार करने के बाद से वह तिहाड़ जेल में थीं।

### ईडी ने चनप्रीत को किया गिरफ्तार, 18 तक हिरासत में

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में चनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए आप के कोष का कथित तौर पर प्रबंधन किया था। सूत्रों ने बताया कि सिंह को धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था और अगले दिन विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने सिंह को 18 अप्रैल तक ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी द्वारा इस मामले में यह 17वीं गिरफ्तारी है।

## सलमान के घर के बाहर फायरिंग के मामले में पुलिस ने दो को उठाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के पॉश बांद्रा इलाके में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के आवास के बाहर कई राउंड फायरिंग के 24 घंटे में मुंबई अपराध शाखा ने नवी मुंबई से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य अनमोल बिश्नोई ने कल शाम हमले की जिम्मेदारी ली थी।

मुंबई पुलिस अपराध शाखा के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि बांद्रा पुलिस की प्रारंभिक जांच के बाद अब मामले की जांच अपराध शाखा कर रही है। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह पांच बजे बाइक सवार दो हमलावरों ने बांद्रा स्थित सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर पांच राउंड फायरिंग की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद दोनों शूटरों को पहचान की है। अभिनेता के घर के बाहर हुई फायरिंग के मामले में पनवेल के सहायक पुलिस आयुक्त अशोक राजपूत ने बताया कि बाइक पनवेल में रहने वाले व्यक्ति के नाम पर है, जिसके बाद अपराध शाखा की टीम वहां गई और वाहन मालिक व दो अन्य को पूछताछ के लिए ले आई।

## धनंजय की पत्नी श्रीकला को बसपा से टिकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा सीट पर सपा-बसपा और भाजपा ने अपने-अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं। सोमवार को बसपा ने धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला को टिकट दे दिया है। इसकी पुष्टि सोमवार को मंडल कोआर्डिनेटर घनश्याम चंद्र खरवार ने की है।

भाजपा, सपा और बसपा ने अपने पत्ते खोल दिए हैं। पहले भाजपा ने कृपा शंकर सिंह को टिकट दिया। उसके बाद 14 मार्च को समाजवादी पार्टी ने बाबू सिंह कुशवाहा को टिकट थमाया तो राजनीतिक हलचलें तेज हो गईं। इसके अगले ही दिन बसपा ने सबको चौंकाते हुए धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला को टिकट थमा दिया। अब पूरा चुनाव त्रिकोणीय हो गया।

दरअसल, आदर्श चुनाव आचार संहिता लगने के बाद से ही धनंजय सिंह ने चुनाव लड़ने के लिए ताल ठोंक दी थी। हाल के दिनों में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ एक समारोह में खींची गई उनकी फोटो भी वायरल होने लगी थी। हालांकि, धनंजय सिंह को एक मामले में 7 साल की सजा हो गई।

## पत्नी की मौत से आहत एसडीएम ने की आत्महत्या

**आजमगढ़ ।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र में एक पीसीएस अधिकारी ने रविवार देर रात फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। पुलिस सूत्रों ने अनुसार बूढ़नपुर कस्बा निवासी आलोक कुमार सिंह (43) गाजीपुर जिले में बतौर एसडीएम तैनात थे और नगर पालिका गाजीपुर के प्रभारी ईओ का काम भी देख रहे थे। 2003 बैच के पीसीएस अधिकारी बीते 15 दिनों से अवकाश पर थे। एक साल पूर्व आलोक कुमार की पत्नी का निधन हो गया था जिसके बाद से वे डिप्रेशन में थे। रविवार को आलोक कुमार घर पर अकेले थे और इसी दौरान उन्होंने घर में ही फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात पट्टीदारों व पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर अतरौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की दो पुत्रियां हैं। दोनों बाहर रहकर पढ़ाई कर रही हैं।

## कर्ज लेने वालों को नहीं शुल्क की जानकारी... तो वसूली नहीं

मुंबई, एजेंसी



- बैंकों को निर्देश, व्यक्तिगत कर्जदारों, डिजिटल ऋण व छोटी राशि के कर्ज के संबंध में सभी जानकारी देना अनिवार्य

आरबीआई ने सोमवार को कहा कि बैंकों और एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां) को एक अक्टूबर से खुदरा और एमएसएमई कर्ज के लिए ऋण लेने वाले को ब्याज, सभी तरह के शुल्क और ऋण समझौते के बारे में सभी जानकारी (केएफएस) देनी होगी। आरबीआई ने कहा कि वास्तविक आधार पर तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं की ओर से केंद्रीय बैंक के दायरे में आने वाले संस्थानों द्वारा कर्ज लेने वाले संस्थानों से वसूले गए बीमा और कानूनी शुल्क जैसी राशि भी वार्षिक प्रतिशत दर (एपीआर) का हिस्सा होगी। इसके बारे में अलग से खुलासा किया जाएगा। साफ है कि बैंक अब लीगल खर्च, बीमा खर्च या डाक्यूमेंट के नाम पर भी छिपा हुआ शुल्क नहीं वसूल सकेंगे। प्रोसेसिंग फीस किस किस मद के लिए ली जा रही है, इसे भी बैंकों को बताना होगा। इससे कर्ज लेने वाला सोच-विचारकर वित्तीय निर्णय कर सकेंगे।

वर्तमान में, विशेष रूप से वाणिज्यिक बैंकों की तरफ से दिये गये व्यक्तिगत कर्जदारों, आरबीआई के दायरे में आने वाली इकाइयों के डिजिटल ऋण और छोटी राशि के कर्ज के संबंध में ऋण समझौते के बारे में सभी जानकारी देना अनिवार्य किया गया है। रिजर्व बैंक ने बयान में कहा कि कर्ज के लिए केएफएस पर निर्देशों को सुसंगत बनाने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा, यह आरबीआई के दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के उत्पादों को लेकर पारदर्शिता बढ़ाने और सूचना की कमी को दूर करने के लिए किया गया है।

यह निर्देश आरबीआई के नियमन के दायरे में आने वाले सभी इकाइयों (आरई) की तरफ से दिये जाने वाले खुदरा और एमएसएमई सावधि ऋण के मामलों में लागू होगा। केएफएस सरल भाषा में ऋण समझौते के मुख्य तथ्यों का एक विवरण है। यह कर्ज लेने वालों को एक मानकीकृत प्रारूप में प्रदान किया जाता है। केंद्रीय बैंक ने कहा, वित्तीय संस्थान दिशानिर्देशों को जल्द-से-जल्द लागू करने के लिए आवश्यक उपाय करेंगे। एक अक्टूबर, 2024 को या उसके बाद स्वीकृत सभी नये खुदरा और एमएसएमई सावधि ऋण के मामले में दिशानिर्देश बिना किसी अपवाद के अक्षरशः पालन किया जाएगा। इसमें मौजूदा ग्राहकों को दिये गये नये कर्ज भी शामिल हैं।

### किसी भी चरण में नहीं लिया जाएगा कोई शुल्क

जहां भी आरई ऐसे शुल्कों की वसूली में शामिल है, उचित समय में हर भुगतान के लिए कर्ज लेने वालों को प्राप्त रसीदें और संबंधित दस्तावेज दिए जाएंगे। ऐसा शुल्क जिसका जिक्र केएफएस में नहीं है, उधारकर्ता की स्पष्ट सहमति के बिना ऋण की अवधि के दौरान किसी भी चरण में इस प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा सकता है। क्रेडिट कार्ड के मामले में प्राप्त होने वाली राशि को लेकर प्रावधानों से छूट दी गई है।

## एक नजर

### मुख्य अभियंता ने अधिकारियों संग की समीक्षा

अमृत विचार,लखनऊ : ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता ने सोमवार को उपकेंद्र अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से 11 केवी तारों को डालने के कार्य को जल्द पूरा करने के लिए निर्देश दिए ।मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि समीक्षा बैठक में क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए प्रयास तेज करने और कर्मचारी को बिना अधिकारी के अनुमति के शटडाउन ना देने के लिए कहा है। इसके साथ ही बकायेदारों से राजस्व की वसूली को तेज करने और प्रीपेड मीटरों के स्टॉक को चेक करने के लिए भी निर्देशित किया है ।उपकेंद्र अधिकारियों को उपभोक्ताओं की समस्या को निपटाने के लिए ऑफिस में मौजूद रहने के लिए कहा है।

### 40 जिलों ने नहीं दिया युवा उत्सव का उपयोगिता प्रमाण पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल द्वारा कराए गए युवा उत्सव के उपयोगिता प्रमाण पत्र 40 जिलों ने नहीं दिए हैं। जबकि महानिदेशालय से बराबर पत्राचार कर कार्यक्रम संबंधित प्रमाण पत्र मांगे जा रहे हैं। वर्ष 2023-24 में मंडल व जनपद स्तर पर युवा उत्सव कार्यक्रमों हुए थे। इन कार्यक्रमों की महानिदेशालय ने पुष्टि के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र जिला युवा कल्याण अधिकारियों से मांगे हैं। जो सोनभद्र, लखीमपुर, महोबा, उन्नाव, सुल्तानपुर, चंदौली, प्रतापगढ़, कानपुर नगर, कन्नौज, जालौन, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, बुलंदशहर, ललितपुर, इटावा, शामली, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, वाराणसी, मिर्जापुर, कौशांबी, कानपुर देहात, हापुड़, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, अयोध्या, बाराबंकी संत कबीर नगर, देवरिया, चित्रकूट व हाथरस ने दिए हैं। जबकि शेष जिले प्रमाण पत्र नहीं उपलब्ध करा रहे हैं।

# लालू आबादी बढ़ाएं, मोदी पीएम आवास बढ़ाएंगे

## मुख्यमंत्री योगी ने बिहार में दो जनसभाओं को किया संबोधित, विपक्षियों पर जमकर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बिहार में औरंगाबाद और नवादा में जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान योगी ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल पर जमकर प्रहार किया।

योगी ने वहां औरंगाबाद में भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में जनसभा की, वहीं नवादा में विवेक ठाकुर के पक्ष में विजय संकल्प रैली को उन्होंने संबोधित किया। भाजपा पार्टी कार्यालय लखनऊ से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, योगी आदित्यनाथ ने लालू प्रसाद यादव पर तंज कसते हुए कहा कि ईश्वर उन्हें स्वस्थ्य रखे, वो आबादी बढ़ाएं, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच साल में तीन करोड़ गरीबों के आवास बनाएंगे। योगी ने कहा कि बिहार से कांग्रेस व राजद के दलदल को साफ करने के बाद बिहार में विकास की रफ्तार बढ़ेगी। औरंगाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राजद से कोई उम्मीद न कीजिए। यह चुनाव नेशन फर्स्ट व फैमिली फर्स्ट का है।

# भाजपाई चुनाव जीतकर संविधान बदलने की बात कह रहे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मुजफ्फरनगर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित



**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। समाजवादी पार्टी मुख्यालय लखनऊ से साझा की गई जानकारी के अनुसार अखिलेश यादव ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण बचाने का चुनाव है।

भाजपा के लोग और उनके कई सांसद देश में लोकसभा चुनाव जीतकर संविधान बदलने की बात कह रहे हैं। बाबा साहब ने जो संविधान बनाया है भाजपा उसी को खत्म करना चाहती है। भाजपा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों की विरोधी है। बाबा साहब ने देश की जनता को वोट और आरक्षण का जो अधिकार दिया है, भाजपा उसे खत्म करना चाहती है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा ने हार के डर से विपक्षी नेताओं पर झूठे मुकदमे लगवाकर जेल भिजवाया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और झारखण्ड के मुख्यमंत्री रहे हेमन्त सोरेन को जेल भेजा गया। जनता सब देख रही है। चुनाव में भाजपा का सफाया कर देगी। जनसभा को सपा के मुजफ्फरनगर लोकसभा प्रत्याशी हरेन्द्र मलिक, पूर्व सांसद कादिर राणा, पूर्व सांसद शाहिद सिद्दीकी, एमएलसी किरन पाल कश्यप, विधायक अतुल प्रधान समेत अन्य नेताओं ने भी सम्बोधित किया।

# चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक-प्रकाशक का नाम व पता अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

भारत निर्वाचन आयोग

▸▸ विज्ञापन करने वाली एजेंसियों की जिम्मेदारी तय

▸▸ भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किए निर्देश

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम व पता अनिवार्य कर दिया है। विज्ञापन करने वाली एजेंसियों को जवाबदेह बनाने के तहत यह कार्रवाई की गई है। इस सिलसिले में आयोग ने निर्देश जारी किया है। आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को इसे सख्ती से लागू कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देश के तहत सभी प्रकार की चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का नाम व पता का अनिवार्य रूप से उल्लेख करना होगा। यह कदम चुनाव प्रक्रिया में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 ए के तहत चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पैम्फलेट, पोस्टर या बैनर के मुद्रण में मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते के बिना मुद्रित नहीं किया जा सकता।

आयोग ने यह निर्देश उन शिकायतों के बाद जारी किया, जिसमें दावा किया गया था कि नगर निकाय के नियंत्रण वाले होर्डिंग लगाने के स्थानों पर बिना प्रकाशक और मुद्रक की पहचान वाले होर्डिंग्स लगे हुए हैं। इस निर्देश के साथ आयोग ने अब 'आउटडोर मीडिया' पर प्रकाशित राजनीतिक विज्ञापनों के लिए स्थान किराए पर देने वाले सभी स्थानीय प्रशासन व नगरीय निकायों के लाइसेंसधारियों-ठेकेदारों की जवाबदेही भी तय कर दी है। सभी नगरीय निकायों व स्थानीय प्रशासन जो कि होर्डिंग्स, पोस्टर, बैनर लगवाने के लिए जिम्मेदार हैं, को आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना होगा।

### मतदाताओं को पता होगा विज्ञापन करने वाले का नाम

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव सामग्री की प्रिंटिंग में शामिल सभी पक्षों को अधिक सतर्क रहना होगा और उन्हें अपनी जवाबदेही का पूर्ण रूप से पालन करना होगा। इससे निर्वाचन प्रक्रिया में अधिक स्पष्टता आएगी और मतदाताओं को उचित जानकारी प्राप्त हो सकेगी। निर्वाचन आयोग का यह निर्देश चुनावी प्रक्रिया को और अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और उसे नैतिक बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इससे चुनाव प्रचार में शामिल सभी मुद्रित सामग्री की उत्पत्ति और वित्तपोषण के स्रोतों की पहचान हो सकेगी, जो लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है।

# रामनवमी को लेकर डीजीपी ने जारी की गाइडलाइन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ वरिष्ठ अधिकारी संवदेनशील स्थानों का करें भ्रमण

**अमृत विचार :** रामनवमी के त्योहार को लेकर प्रदेश की पुलिस अलर्ट हो गई है। सोमवार को पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने प्रदेश के समस्त एडीजी, आईजी, डीआईजी और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि त्योहार रजिस्टर की प्रविष्टियों का परीक्षण कर विगत वर्षों अथवा वर्तमान में कोई समस्या दिखाई पड़े तो उसका तत्काल निस्तारण कराया जाए।

शांति समिति, कार्यक्रम आयोजकों व धर्मगुरुओं के साथ वरिष्ठ अधिकारियों की अध्यक्षता में बैठक कर ली जाए।

उन्होंने कहा कि जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण मन्दिरों, मेला स्थलों, जुलूस एवं शोभा यात्राओं के मार्गों सहित सभी संवदेनशील स्थानों का भ्रमण कर लिया जाय तथा छोटे से छोटे जुलूसों के साथ भी आवश्यकतानुसार पुलिस व्यवस्थापन किया जाए। शरारती एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध नियमानुसार प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# दूसरे चरण में हेमा व अरुण की प्रतिष्ठा दांव पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** दूसरे चरण की आठ सीटों पर हो रहे चुनाव में भाजपा नेता व अभिनेत्री हेमा मालिनी व अभिनेता अरुण गोविल की प्रतिष्ठा दांव पर है। भाजपा ने हेमा मालिनी को मथुरा व अरुण गोविल को मेरठ से प्रत्याशी बनाया है। इस चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है।

इस चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा सीटों पर चुनाव है, जिसमें मथुरा व मेरठ सीट अहम मानी जा रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में मथुरा सीट से भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी ने 2,93,471 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। उन्हें 6,71,293 वोट मिले थे। हेमा मालिनी ने रालोद के प्रत्याशी कुंवर नरेंद्र सिंह को हराया था। रालोद प्रत्याशी को 3,77,822 वोट मिले थे। इस बार रालोद भाजपा गठबंधन में शामिल है। इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस ने हेमा मालिनी से मुकाबला करने के लिए मुकेश धनगर का प्रत्याशी बनाया है, जबकि बसपा ने सुरेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह, मेरठ सीट पर भाजपा ने टीवी धारावाहिक रामायण ने राम की भूमिका निभा चुके अरुण गोविल को चुनाव मैदान में उतारा है। सपा ने उनके मुकाबले अतुल प्रधान व बसपा ने देवव्रत कुमार त्यागी को चुनाव मैदान में उतारा है। पिछले चुनाव में भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल ने इस पर जीत दर्ज की थी। उन्होंने बसपा के हाजी मोहम्मद याकूब को हराया था।

इसी तरह, 2019 के चुनाव में अमरोहा सीट पर बसपा ने जीत हासिल की थी, बसपा के प्रत्याशी रहे कुंवर दानिश अली ने भाजपा के कंवर सिंह तंवर को हराया था। इस पर दानिश अली कांग्रेस से प्रत्याशी हैं, जबकि बसपा ने मुजाहिद हुसैन को प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने कुंवर सिंह तंवर को फिर चुनाव मैदान में उतारा है। बागपत सीट पर इस बार भाजपा गठबंधन में शामिल रालोद ने राजकुमर सांगवान को प्रत्याशी बनाया है, जबकि सपा ने मनोज चैधरी व बसपा ने प्रवीण बंसल को चुनाव मैदान में उतारा है।



राजधानी स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय के बाहर चुनाव के प्रचार सामग्री की दुकान पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

# 11 हजार छात्रों को आरटीई के तहत मिलेंगी निशुल्क पुस्तकें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आश्रम पद्धति के छात्राओं को दी जाएंगी पुस्तकें

**अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं को आरटीई (शिक्षा के अधिकार) के तहत निशुल्क पुस्तकें दी जाएंगी। समाज कल्याण विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग में इसको लेकर आपसी सहमति बन गई है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 56 यूपी बोर्ड के विद्यालय हैं। यूपी बोर्ड के विद्यालय में कक्षा छह से आठ तक के लगभग 11 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। आरटीई के तहत इनको पुस्तकें निशुल्क दिए जाने का प्रावधान हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से पुस्तकें नहीं दी जा रही थीं। पुस्तकें न मिलने से छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही थी। उन्होंने बताया कि विभाग के अपर राज्य परियोजना निदेशक से इस संबंध में बात की गई और उनको पूरे मामले की जानकारी दी गई। अपर राज्य परियोजना निदेशक ने छात्र-छात्राओं को निशुल्क पुस्तकें देने को कहा है।

# पहले चरण के लिए प्रचार को 48 घंटे शेष आरोपों-प्रत्यारोपों का जमीनी घमासान होगा

अजय दयाल, लखनऊ

▸▸ अखिलेश, मायावती ने भी तेज की रैलियां, अब जल्द नजर आएगी दो लड़कों की जोड़ी भी

▸▸ मोदी, योगी और शाह एनडीए प्रत्याशियों के लिए कर रहे ताबड़तोड़ जनसभाएं

**अमृत विचार :** प्रदेश में पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान है। राज्य की आठ सीट के लिए होने वाले मतदान में अब मात्र तीन दिन शेष हैं। यानि प्रचार के लिए तो अब दो दिन ही मान कर चलिए। ऐसे में इन चंद घंटों में खासकर एनडीए और इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारकों के बीच पश्चिमी उप्र. में आरोप-प्रत्यारोपों का जमीनी घमासान देखने को मिलेगा। इस बीच, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी और उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी हस्तियां एनडीए प्रत्याशियों के प्रचार में ताबतोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। वहीं, देर से ही सही, लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और बसपा नेत्री मायावती व राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद भी अब जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। सभी दलों का फिलहाल फोकस पश्चिमी यूपी पर है।

भाजपा के सहयोगी दल भी प्रदेश के चुनावी रण में पसीना बहाने में पीछे नहीं रहे। हालांकि, राजनीतिक दलों के नेताओं, आम कार्यकर्ताओं से लेकर आम मतदाताओं को अभी भी सबको प्रदेश के दो लड़कों की जोड़ी की संयुक्त रैली, रोड-शो का इंतजार है। बहरहाल, बुधवार को राहुल और अखिलेश की जोड़ी नजर आने वाली है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के मुख्य नेताओं ने आपस में बैठकर पिछले दिनों चुनाव के अगले चरणों की भी रूपरेखा बना ली है। प्रचार के दौरान आप नेता संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी नजर आ सकती है।

दरअसल, दिल्ली का रास्ता तय कराने वाले उत्तर प्रदेश में सात चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को है। पहले चरण में पश्चिमी यूपी की कुल आठ सीटों पर चुनाव होना है। इसमें बिजनौर, कैराना, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, पीलीभीत, रामपुर और सहारनपुर सीट शामिल हैं। जिसमें से कई सीट पर भाजपा और सपा को अंदरूनी कलह से निपटना होगा।

### प्रचार को लेकर कुछ और है विपक्ष की राजनीतिक सोच

बहरहाल, चुनाव प्रचार की रेस में एनडीए के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन के नेता नि:संदेह देर से शामिल हुए हैं। इसपर भाजपा के स्टार प्रचारकों ने चुटकी भी ली कि, एनडीए की तैयारी देखकर विपक्षी खेमा प्रचार से भी दूर है। वहीं, सूत्र बता रहे हैं कि, उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन में शामिल दल खामोशी से प्रचार की रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं। बड़ी रैलियों के बजाय लोकसभा क्षेत्र के स्तर पर छोटी-छोटी सभाएं करने पर जोर है। हर चरण के चुनाव में एक-दो ही बड़ी रैलियां करने की योजना पर काम हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि इसके पीछे विपक्ष की रणनीति भाजपा में अतिआत्मविश्वास भरकर अपनी चिन्हित कई सीटों से दूर रखना है।

### विपक्षी दलों के लिए वित्तीय प्रबंधन भी बड़ी चुनौती

कांग्रेस के एक पुराने नेता का तर्क है कि पिछले कई चुनावों में कांग्रेस ने बड़ी चुनावी रैलियां तो कीं, लेकिन परिणाम लगभग सिफर ही रहा। इस बार कांग्रेस को वित्तीय प्रबंधन की भी चिंता है। वहीं, प्रत्याशी भी खामोशी से चुनाव लड़ना चाहते हैं। यही स्थिति अमूमन अन्य दलों की भी है। क्योंकि क्षेत्र में जो भी उनकी मजबूत बेल्ट हैं, वह नहीं चाहते कि भाजपा की उनमें भी सेंधमारी हो। सूत्रों की मानें तो इंडी गठबंधन में शामिल दलों की रणनीति यह है कि उनके परंपरागत वोटबैंक में अतिरिक्त मतदाताओं को बिना किसी शोर-शराबे के जोड़ने का प्रयास करते हुए जीतने की जुगत भिड़ाई जाए, बाकी 'अंडर करंट' पर निर्भर रहें।

### एनडीए को पहले चरण में ही बड़ी चुनौती

प्रदेश में मिशन 80 लेकर चल रही भाजपा के सामने पहले चरण में ही बड़ी चुनौती है। पहले चरण में रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना लोस. सीट के लिए चुनाव होना है। इन्हीं आठ में से पांच सीटों पर भाजपा 2019 में पराजित हुई थी। हालांकि, पिछले चुनाव में सपा का साथ देने वाला रालोद इस बार राजग के साथी बन चुका है। बहरहाल, ताजा चुनौती कुछ और भी है। कई इलाके में राजपूत समुदाय सत्तारूढ़ दल के खिलाफ महा पंचायतें कर रहा है। इस तरह की महापंचायतें सहारनपुर, मेरठ और गाजियाबाद में हो चुकी हैं। मतदान पर इसका क्या-क्या प्रभाव पड़ेगा यह बड़ा सवाल है?

# जयवीर सिंह, आदित्य यादव व छत्रपाल सिंह ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ तीसरे चरण में 18 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार :** तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए हो रहे चुनाव के लिए सोमवार को 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें मैनपुरी से भाजपा से मंत्री जयवीर सिंह, बदायूं में सपा से पूर्व मंत्री शिवपाल यादव के पुत्र आदित्य यादव, बरेली सीट के लिए भाजपा से छत्रपाल सिंह समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इस चरण की सीटों पर अब तक कुल 19 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए पीस पार्टी से राशिद ने नामांकन पत्र भरा। हाथरस (अजा) सीट के लिए समाजवादी पार्टी से जसवीर, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी से घनश्याम सिंह व निर्दलीय प्रत्याशी जयपाल ने नामांकन पत्र भरा। आगरा (अजा) सीट के लिए भाजपा से सत्यपाल सिंह बघेल ने नामांकन पत्र भरा। फतेहपुर सीकरी सीट के लिए निर्दलीय प्रत्याशियों में अम्बेडकरी हसनुराम अम्बेडकरी व रामेश्वर सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। फिरोजाबाद सीट के लिए समाजवादी पार्टी से अक्षय यादव व भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी से उपेन्द्र सिंह ने नामांकन पत्र भरा।

मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा से जयवीर सिंह ने नामांकन पत्र भरा। एटा सीट के लिए भाजपा से राजवीर सिंह ने नामांकन पत्र भरा। बदायूं सीट के लिए समाजवादी पार्टी से आदित्य यादव व राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से किशोर कुमार ने नामांकन पत्र भरा। आंवला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भाजपा से धर्मेन्द्र कश्यप ने नामांकन पत्र भरा। बरेली सीट के लिए भाजपा से छत्रपाल सिंह, जनशक्ति एकता पार्टी से रोहताश कुमार, वंचित समाज इंसाफ पार्टी से लइक अहमद मंसूरी व निर्दलीय प्रत्याशी में नितिन मोहन ने नामांकन पत्र भरा।

### 19 तक प्रत्याशी कर सकेंगे नामांकन

तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और दो सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। मुरादाबाद, सम्भल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं व बरेली सहित 12 जिलों के अंतर्गत तीसरे चरण के 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र आते हैं। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 20 अप्रैल को की जायेगी। प्रत्याशी 22 अप्रैल को नाम वापसी कर सकेंगे।

# किसी भी आरटीओ कार्यालय में फिटनेस करा सकेंगे वाहन स्वामी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के व्यवसायिक वाहन स्वामियों को परिवहन विभाग ने बड़ी राहत प्रदान की है। वाहन मालिकों को फिटनेस के लिए अधिक भागदौड़ नहीं करनी होगा। वाहन स्वामी अब प्रदेश के किसी भी अपने वाहन की फिटनेस करवा सकेंगे। परिवहन विभाग ने एनीव्हेयर व्हीकल्स फिटनेस व्यवस्था लागू कर दी है। वाहनों के फिटनेस आवेदन करने पर वाहन 4.0 पोर्टल पर फिटनेस की नई व्यवस्था के तहत लाइव नजर आएगा। इससे वाहन स्वामी के सामने उस आरटीओ कार्यालय आने की मजबूरी नहीं होगी जहां उसके वाहन का नंबर दर्ज है।

# कब्र में दफन अतीक अहमद राजनीति में जिंदा

## लोकसभा चुनाव में अतीक के नाम पर वोटों के ध्रुवीकरण की जुगत में पक्ष और विपक्ष

विनय सिंह, लखनऊ

▸▸ पिछले वर्ष 15 अप्रैल को पुलिस हिरासत में हुई थी अतीक व अशरफ की हत्या

▸▸ पुण्यतिथि पर कब्रिस्तान के बाहर भगोड़ा पत्नी का इंतजार करती रही पुलिस



**अमृत विचार :** उप्र. के दुर्दांत अपराधी, पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या एक साल पूर्व 15 अप्रैल को की गई थी। गली-मोहल्लों और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अब चर्चा न के बराबर होती है लेकिन वोट की राजनीति ने उसे जिंदा कर रखा है। मौजूदा लोकसभा चुनाव में अतीक की चर्चा कर मतों का ध्रुवीकरण करने में कोशिश में लगे हैं। भाजपा और सपा दोनों ही दलों के लिए अतीक एक मुद्दा बना हुआ है।

अपराधी अतीक के खिलाफ हुई कार्रवाइयों को भाजपा अपनी सफलताओं में गिना रही है, जबकि सपा उसकी हत्या के मुद्दे को उठाकर मुस्लिमों की सहानुभूति को वोटों में बदलने की फिराक में है। मंगलवार को अतीक की पुण्यतिथि थी। जिस कालिंदीपुरम कब्रिस्तान में अतीत दफन है, उसके बाहर सिविल ड्रेस में पुलिस कर्मियों का पहरा रहा।

दरअसल पुलिस को अनुमान था कि अतीक की भगोड़ा घोषित अतीक की पत्नी शाइस्ता और जैनब कब्रिस्तान पहुंच सकते हैं। हटवा में रह रहे बेटे आबान व एहजम के भी कब्रिस्तान जाने की संभावना थी। पुलिस ने दोनों भाइयों की निगरानी बढ़ा दी गई थी, क्योंकि उनकी जान को भी खतरा है। भगोड़ा शाइस्ता और जैनब को लेकर भी पुलिस को आशंका थी कि वह कब्रिस्तान पहुंच सकती हैं, लेकिन वह भी नहीं पहुंची।

हालांकि पुण्यतिथि पर किसी भी दल के बड़े नेता ने अतीत की हत्या पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी लेकिन इस लोकसभा चुनाव में अतीक मुद्दे के रूप में सामने आया। सत्ता पक्ष जहां और विपक्ष अपने-अपने हिसाब से मुद्दे को भुना रहे हैं। खुलेआम तो कोई नहीं बोलता लेकिन इशारा अतीक पर ही रहता है।

### चित्रकूट जेल में बंद हैं अतीक-अशरफ के हत्यारोपी

बांदा के लवलेश तिवारी, हमीरपुर के सनी सिंह और कासगंज के अरुण मौर्य पर अतीक अहमद की हत्या करने का आरोप था। पुलिस तीनों के खिलाफ चार्जशीट फाइल कर चुकी है। फिलहाल तीनों जेल में बंद हैं। न्यायिक आयोग ने नौ महीने में हत्या मामले की जांच पूरी की थी। 18 जनवरी को जांच रिपोर्ट कैबिनेट में भेज दी गई थी।

### अतीक की 1800 करोड़ की संपत्तियों पर हुई कार्रवाई

उमेश पाल हत्याकांड के बाद पुलिस ने अतीक अहमद और उसके सिंडीकेट को खत्म करने का अभियान चलाया। अतीक, अशरफ, उसके परिवार और आईएस-227 गैंग के सदस्यों की करीब 1800 करोड़ की नामी-बेनामी संपत्तियां कुर्क की गई।

### अतीक के दोनों बेटों की हिस्ट्रीशीट खुली

अतीक अहमद के दोनों बेटों उमर और अली की प्रयागराज के खुल्दाबाद थाने में मंगलवार को हिस्ट्रीशीट खोल दी गई। उमर का हस्ट्रीशीट नंबर 57 बी और अली अहमद उर्फ अली अतीक का हिस्ट्रीशीट नंबर 48 बी है। अतीक की हिस्ट्रीशीट का नंबर 39 और अशरफ का 93बी था। अतीक अंतरराज्ययीय गैंग आईएस 227 का सरगना था। खुल्दाबाद थाने में ही अतीक और अशरफ की भी हिस्ट्रीशीट खुली थी। अतीक पर 105 मुकदमे दर्ज थे। उमर पर तीन और अली पर 11 मुकदमे दर्ज हैं।

### 4000 करोड़ की संपत्तियों का लेखा-जोखा तैयार

पुलिस ने अतीक और अशरफ की मौत के बाद मिले दस्तावेजों का आकलन कर करीब चार हजार करोड़ के आसपास की संपत्तियों का लेखा-जोखा तैयार किया है। कुछ नामी संपत्तियां तो अतीक के परिवार के नाम हैं और उस पर उनके लोग काबिज हैं। पूछताछ, छापेमारी, घर, कार्यालय, रिश्तेदारों के यहां से मिले संपत्तियों के दस्तावेजों के अनुसार अतीक का साम्राज्य 4000 करोड़ का था। जांच एजेंसियों को अतीक की दुबई में भी संपत्ति का पता चला है। दुबई में फ्लैट के साथ ही सफेदपोश के साथ कारोबार में रकम लगी होने की जानकारी भी मिली है।

# आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर के स्थान पर वैद्य लिखें: दुर्गा शंकर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ डॉ. त्रिपाठी आयुर्वेद निदानशाला एवं पंचकर्म सेन्टर शुरू

**अमृत विचार:** कोविड महामारी के दौरान हमारी आयुष पद्धतियों के द्वारा ही जनमानस ने अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर अपना जीवन सुरक्षित किया। आयुर्वेद के चिकित्सकों से अपने नाम के आगे डॉक्टर न लिखकर वैद्य लिखने का आग्रह किया। यह बात सोमवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने डॉ.त्रिपाठी आयुर्वेद निदानशाला एवं पंचकर्म सेन्टर के उद्घाटन अवसर पर कही।

भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करने के बाद उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई हजार आरोग्य केन्द्र बन चुके हैं। उन्होंने कहा, हमारी भारतीय चिकित्सा पद्धति चाहे आयुर्वेद हो, योग हो, सिद्धा हो, प्राकृतिक हो सभी में 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामय' की कामना की गई है। यह 'पंचकर्म सेन्टर' लोगों के लिये वरदान सिद्ध होगा।

प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी ने कहा कि पंचकर्म सेन्टर से लखनऊ ही नहीं, वरन आने वाले समय में प्रदेश के जनमानस को भी आयुर्वेद के माध्यम से उपचार की विशिष्ट सुविधा प्राप्त होगी। निदेशक आयुर्वेद डॉ. प्रकाश चन्द्र सक्सेना ने आयुर्वेद का दैनिक जीवन में महत्ता पर प्रकाश डाला। राजवैद्य शिव शंकर त्रिपाठी ने मुख्य सचिव समेत सभी अतिथियों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन वैद्य माण्डवी बाजपेयी व वैद्य दीपांजली त्रिपाठी ने किया।

शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
— A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC —
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज


क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षो से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## अष्टम महागौरी



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र-श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः।

## शहर में आज



- संदोहन देवी मंदिर, चौपटिया में अष्टमी पर सुंदरकांड का पाठ – 9.00 बजे।
- माल एवेन्यू स्थित सराका आर्ट गैलरी में जबलपुर के वरिष्ठ चित्रकार रघुवीर अम्बर की 23 कलाकृतियों की एकल प्रदर्शनी – 11:00 बजे।
- सेवाग्राम कालोनी, चारबाग में मानव आदर्श सेवा समिति के तत्वावधान में रामनवमी के अवसर पर 108 कन्याओं का पूजन – 11.30 बजे।
- रामलीला मैदान ऐशबाग में चैती महोत्सव की 8वीं संध्या पर नाटक महिषासुर मर्दिनी का मंचन और फरुवाही नृत्य का आयोजन – 4.00 बजे।

# चारबाग में मानक के विपरीत बने 250 होटलों पर कार्रवाई का इंतजार

## बालाजी ग्रैंड होटल में आग लगने के बाद जागा एलडीए, जारी की नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर में मानक विपरीत हो रहे निर्माण के विरुद्ध लखनऊ विकास प्राधिकरण की कार्रवाई पर अब सवाल उठ रहे हैं। चारबाग क्षेत्र में मानक विपरीत बने 250 से अधिक रेस्टोरेंट और होटलों पर ध्वस्तीकरण और सीलिंग की नोटिस जारी होने के बावजूद पिछले पांच वर्षों से कार्रवाई संबंधी फाइलें धूल फांक रही हैं। रविवार को चारबाग में बालाजी ग्रैंड होटल में आग लगने की घटना के बाद यह सामने आया कि होटल एलडीए के अभियंताओं की मिलीभगत से अवैध तरीके से बनाया गया था। फायर एनओसी भी नहीं ली गई थी। घटना के बाद एलडीए के अफसर जागे। प्रवर्तन जोन छह के अभियंताओं ने होटल को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है।

इससे पहले भी वर्ष 2018 में चारबाग के एसएसजे इंटरनेशनल और विराट होटल में आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई थी। इसके बावजूद एलडीए के अधिकारियों और अभियंताओं ने हादसे से सबक नहीं लिया। घटना के बाद कार्रवाई के नाम पर अवैध तरीके से बने होटलों को चिन्हित तो किया, लेकिन ध्वस्तीकरण तो दूर सीलिंग की कार्रवाई भी नहीं की गई। बालाजी ग्रैंड होटल की घटना में कोई हताहत तो नहीं हुआ, लेकिन एलडीए के अफसर एक बार फिर अवैध तरीके से किए गए निर्माणों की बंद फाइलों से धूल साफ करने लगे हैं।



### लेवाना होटल अग्निकांड के बाद जागे थे अफसर

हजरतगंज के लेवाना होटल में 5 सितंबर 2022 को हुए अग्निकांड में चार लोगों की मौत हो गई थी और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए थे। होटल आवासीय भूखंड पर संचालित था। शासन ने अग्निशमन विभाग, बिजली विभाग सहित एलडीए के अधिकारियों पर निलंबन की कार्रवाई की। इसके बाद एलडीए के अफसर जागे। शहर में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बने होटलों की जांच कराई गयी। लिस्ट बनी, लेकिन कार्रवाई के बिना दो महीने बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

# होटलों में एनओसी, अग्निशमन उपकरणों का होगा सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के बाद चलाया जाएगा अभियान

**अमृत विचार :** चारबाग के बालाजी रेस्टोरेंट एंड होटल में रविवार को आग लगने की घटना के बाद अग्निशमन विभाग सतर्क हो गया है। अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह अभियान के बार चारबाग के होटल में अग्निशमन विभाग की एनओसी, अग्निशमन यंत्रों और मानकों का सत्यापन कराएगा। नियमों की अनदेखी करने वाले होटलों को नोटिस देकर कार्रवाई की जाएगी।

सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि दमकल विभाग 14 से 19 अप्रैल तक आगजनी से बचाव पर जागरूकता सप्ताह मना रहा है। इसके तहत अस्पताल, सार्वजनिक स्थान, शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसके बाद होटलों में मानकों की जांच की जाएगी।

उन्होंने कहा कि नाका के चारबाग रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड, पान दरीबा, सुदर्शन टॉकीज लेन, गुरुनानक मार्केट, गुरुद्वारा रोड, सब्जी मंडी, आर्यनगर लुकमानगंज, विजयनगर, ऐशबाग रोड पर डीएवी कॉलेज के आसपास तंग गालियों में पांच सौ से ज्यादा छोटे और बड़े होटल हैं। इनमें कई होटलों तक चार पहिया वाहन जाने की जगह नहीं है। आग लगने पर काबू पाना मुश्किल हो सकता है।

## पांच लाख लोग आज झेलेंगे बिजली संकट

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के कई क्षेत्रों मे मंगलवार को जर्जर केबल, ट्रांसफार्मर और पोलों को लगाने का कार्य किया जायेगा। जिसके चलते पांच लाख उपभोक्ताओं को दिनभर बिजली संकट झेलना पडेगा। विकासनगर में खराब कंडक्टर को बदलने के कारण सेक्टर-8, नगर निगम कॉलोनी, और वद्वाश्रम कल्याणपुर के आसपास के इलाकों में सुबह 9 से शाम 4 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। कैंट में एचटी पोल लगाने के कारण सदर ओवर हेड फीडर से पोषित इलाकों की बिजली सप्लाई सुबह 10 से शाम 5 बजे तक गुल रहेगी। इसके साथ ही जानकीपुरम के इंजीनियरिंग कॉलेज के एमडीएम स्कूल सेक्टर- एच, एफ, सुंदरम पार्क, गौशाला, सेक्टर-आई जानकीपुरम के रामपुर निसफ और एलीशा नगर चौराहे के आसपास के इलाकों में सुबह 9 से 3:30 बजे तक सप्लाई ठप रहेगी। अहिबरनपुर डालीगंज के बागशाह फीडर से होने वाली सप्लाई टीजी हॉस्टल, गोड़ियन टोला, बैरल नंबर 25 सहित भांडू टोला और सगीर मैदान के आसपास के इलाकों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। चिनहट के कमता और सुरेंदनगर मे एलटी तारों के जर्जर तारों के बदलने के चलते उसके आसपास के इलाकों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक सप्लाई गुल रहेगी।

# विस्थापितों को आज से आवंटित होंगे पीएम आवास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



▸▸ अकबर नगर : पहले चरण में 700 लोगों को दिए जाएंगे आवास

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण अकबर नगर के विस्थापितों को मंगलवार से हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास आवंटित करेगा। सर्वे में पात्र मिले 700 विस्थापितों को पहले आवास दिए जाएंगे। एलडीए के सम्पत्ति विभाग ने आवंटन की तैयारी पूरी कर ली है। मंगलवार से मकान आवंटित करने के साथ विस्थापितों को आवंटन पत्र जारी किए जाएंगे। दूसरे चरण में अन्य पात्र विस्थापितों को मकान दिए जाएंगे।

अकबर नगर में कुकरैल बंधे व नदी की भूमि पर अवैध तरीके से बने लगभग 1,200 मकानों, कॉम्प्लेक्स, शोरूम और दुकानों को एलडीए ने ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी किया था। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर एलडीए विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास दे रहा है। इसके लिए एलडीए ने 31 मार्च तक अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में शिविर लगाकर पंजीकरण कराया था।

जिसमें कुल 1,700 लोगों ने आवेदन किया था। 857 विस्थापित पात्र पाए गए हैं। इनमें 157 लोगों को एलडीए पहले ही मकान दे चुका है।

एलडीए पहले चरण में 700 पात्र विस्थापितों को मकान देने की तैयारी कर चुका है। जांच के बाद अन्य पात्र विस्थापितों को भी मकान आवंटित किए जाएंगे।

### अकबर नगर मामले में सर्वोच्च न्यायालय में 6 मई को होगी सुनवाई

अकबर नगर मामले में अब अगली सुनवाई सर्वोच्च न्यायालय में 6 मई को होगी। सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई की तारीख लगी थी। लखनऊ में लोकसभा चुनाव के लिए 20 मई को मतदान होना है। अकबर नगर के विस्थापितों के मकान ध्वस्त करने के मामले में अब चुनाव बाद ही निर्णय होने की संभावना है। क्योंकि मकान तोड़े जाने की स्थिति में अकबर नगर के विस्थापित मतदान करने से वंचित रह जाएंगे।

## अनुपमा बनीं पर्यटन अध्ययन संस्थान की प्रभारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने पर्यटन अध्ययन संस्थान की डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव को उनकी जिम्मेदारियों के अलावा तीन वर्षों की अवधि के लिए पर्यटन अध्ययन संस्थान के प्रभारी के रूप में नामित किया है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया है कि डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव को कार्यभार ग्रहण करने के लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## गृहकर पर 15 प्रतिशत छूट का फायदा उठाने उमड़ी भीड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के कैश काउंटरों पर गृहकर जमा करने के लिए भवन स्वामियों को भीड़ लग रही है। 30 जून तक वित्तीय वर्ष 2024-25 का गृहकर 30 जून तक जमा करने पर 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके बाद गृहकर जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। पहली बार नगर निगम वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में गृहकर जमा करने पर 15 प्रतिशत की छूट दे रहा है। यह लाभ पाने के लिए भवन स्वामी का गृहकर बकाया नहीं होना चाहिए। इससे पहले गृहकर जमा करने पर अधिकतम 10 प्रतिशत की छूट मिलती थी। नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में इस प्रस्ताव को पास किया गया था। सोमवार को नगर निगम सभी आठ जोन में गृहकर जमा करने के लिए लोग उमड़ पड़े।

# तीन दिन बाद बंद हो जाएंगी रात की उड़ानें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 18 की रात 10 से सुबह 6 बजे तक उड़ान सेवाएं रहेंगी बाधित

▸▸ रनवे के पास होगी ग्रेडिंग, पुरानी लाइटें बदली जाएंगी, साथ ही नए टैक्सी वे बनाए जाएंगे

**अमृत विचार :** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 18 अप्रैल से अनुरक्षण कार्य शुरू होगा। मरम्मत के लिए नोटम (नोटिस टू एयरमैन) 18 से 30 अक्टूबर तक का जारी किया गया है, लेकिन अधिकारियों का दावा है कि जुलाई तक कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अनुरक्षण कार्य के चलते रात 10 से सुबह 6 बजे तक उड़ानें बंद रहेंगी।

अनुरक्षण कार्य करने के लिए रात 10 से सुबह 6 बजे तक हवाई अड्डे को बंद करने का प्रस्ताव कुछ समय पहले बनाकर भेजा गया था। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे के पास ग्रेडिंग का काम होगा। साथ ही पुरानी लाइटें बदली जाएंगी। उक्त अवधि में नए टैक्सी वे बनाए जाएंगे।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमौसी एयरपोर्ट का रनवे 2744 मीटर का है। इसको बढ़ाकर 3500 मीटर किया जाना है। जिससे कि यहां पर बड़े विमानों को भी उतारा जा सके। रनवे पर 105 मीटर तक मिट्टी का काम होना है। इसकी स्ट्रेंथ को मजबूत किया जाना है। 18 अप्रैल से 11 जुलाई तक रात में उड़ानें लखनऊ एयरपोर्ट पर आवाजाही नहीं कर सकेंगी।

नोटम (नोटिस टू एयरमैन) रात 10 से सुबह 6 बजे तक का जारी किया गया है। रात में करीब आधा दर्जन से अधिक उड़ानें हैं, जिनको सुबह से रात तक के बीच समायोजित किया जाएगा। एयरपोर्ट प्रवक्ता के अनुसार रनवे भले ही रात में बंद रहेगा, लेकिन विभिन्न एयरलाइंस ने उड़ानों के समय में बदलाव कर लिया है।



सोमवार को हजरतगंज क्षेत्र में चिलचिलाती धूप व गर्मी से बचने के लिए सिर को दुपट्टे से ढक कर गंतव्य को जातीं युवतियां। अमृत विचार

# एडी को 100 फीसद गोवंशों के कानों में मिले टैग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर अपर निदेशक पशु पालन कानपुर मंडल डॉ. अवनीश भट्ट ने जिले की गोशालाओं में ईयर टैग का सत्यापन किया। जो 100 फीसद गोवंशों के कानों में लगे मिले। नियमित ईयर टैग करने के निर्देश दिए।

शासन के निर्देश पर अपर निदेशक ने सोमवार को मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार के साथ चिनहट के ग्राम रैथा में संचालित वृहद गोआश्रय का निरीक्षण किया। यहां 152 गोवंश संरक्षित मिले। रजिस्ट्रर से मिलान कर सभी के ईयर टैग चेक किए। जो सभी के कानों में लगे मिले। भूसा, चारा व पानी की उपलब्धता देखी। इसके बाद बीकेटी के पहाड़पुर में अस्थाई गोशाला का निरीक्षण किया। यहां सभी 103 गोवंशों के ईयर टैग लगे मिले। इसी ब्लॉक के कुमरावां गोशाला में भी सत्यापन में सभी 106 गोवंशों के ईयर टैग लगे मिले। डॉ. सुरेश ने बताया, अभियान चलाकर जिले में 100 फीसद ईयर टैग कराए हैं। इससे गोवंशों की गणना के साथ पहचान करना आसान है।



ग्राम कुमरावां में संचालित गोशाला का निरीक्षण करते अपर निदेशक कानपुर मंडल डॉ. अवनीश भट्ट। अमृत विचार

## दिव्यांग कर्मचारियों को डीआरएम ने किया प्रोत्साहित

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा ने सोमवार को दिव्यांग कर्मचारियों की समस्याएं सुनी। दिव्यांग कर्मचारियों के साथ आयोजित बैठक में उन्होंने सभी दिव्यांग कर्मचारियों का प्रोत्साहित किया। डीआरएम ने दिव्यांग कर्मचारियों के साथ रेल प्रशासन के कार्यों में सुगमता एवं पारदर्शिता सहित अनेक बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने प्रशासनिक कार्यों में दिव्यांग कर्मचारियों द्वारा दिए जाने वाले सहयोग, अनुशासन, अद्भुत कार्यकौशल एवं इनकी प्रतिबद्ध कार्यशैली की सराहना क। इसके अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों की कला, संगीत, खेल एवं अन्य अभिरुचियों से अवगत होते हुए इन रूचि को निरंतर बढ़ावा देते रहने की बात कही। मंडल के कार्मिक विभाग द्वारा आयोजित बैठक में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अमित पाण्डेय एवं दिव्यांग रेलकर्मी उपस्थित रहे।

# केबल कटा, गुल रही 30 हजार घरों की बिजली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आठ घंटे बाद कर्मचारियों ने सप्लाई को किया सामान्य

**अमृत विचारः** खुर्रमनगर फ्लाईओवर निर्माण के दौरान कार्यदायी संस्था के ठेकेदार की लापरवाही से रविवार देर रात सड़क खुदाई के दौरान भूमिगत केबल कट गई। जिससे लगभग 30 हजार की आबादी अंधेरे में डूब गई। जिसके बाद गर्मी में बिजली न आने से लोग परेशान हो गये।

नाराज लोग विकासनगर उपकेंद्र पर फोन घनघनाने लगे। सूचना मिलने के बाद मौके पर जूनियर इंजीनियर और कर्मचारी पहुंचे गये। आधे घंटे बाद लेसा कर्मचारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था कर बिजली सप्लाई चालू की। क्षतिग्रस्त केबल को दुरुस्त करने में कर्मियों को आठ घंटे लग गये। गौरतलब है कि 11 अप्रैल को भी इसी कार्यदायी संस्था ने सड़क खुदाई के दौरान भूमिगत केबल को क्षतिग्रस्त कर दिया था। जिसके बाद विभाग की ओर से कार्यदायी संस्था के मैनेजर आशीष वैश्य और रमेश गिरि के खिलाफ गुडंबा थाने में मुकदमा दर्ज कराया। इस मामले में पीडब्ल्यूडी (एनएच) के अधिकारियों ने पूरे प्रकरण से पल्ला झाड़ लिया है।

खुर्रमनगर चौराहे पर ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए पीडब्ल्यूडी (एनएच) ने कार्यदायी संस्था मेसर्स विजय कन्सट्रक्शन इंडिया प्रा.लि. को ढाई किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर निर्माण का ठेका दिया है। कार्यदायी संस्था की ओर से सड़क खुदाई के दौरान लेसा के विकासनगर उपकेंद्र की भूमिगत केबल को क्षतिग्रस्त कर दिया।हाल ही मे 11 अप्रैल को 11 केवी भूमिगत केबल में फॉल्ट का संज्ञान लेकर जेई सूरज वर्मा ने विकासनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। सोमवार को रात 2.20 बजे विकासनगर उपकेंद्र से खुर्रमनगर ट्रांसमिशन सब स्टेशन को आने वाली भूमिगत केबल को खुदाई के दौरान क्षतिग्रस्त कर दी। इससे विकासनगर, शेखुपुरा सहित एक बड़े इलाके की बिजली सप्लाई ठप हो गई।

# एमडी ने किया कमता बस अड्डे का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



▸▸ कर्मियों को बेहतर संचालन के दिए गए निर्देश

▸▸ बोले, बसों के आवागमन से सड़क पर जाम न लगने पाए

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने सोमवार को कमता बस स्टेशन का दौरा किया। यहां पर उन्हें यात्री सुविधाओं के साथ अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही बस अड्डे में दाखिल और बाहर निकलने वाली बसों की व्यवस्था देखी।

इस मौके पर मौजूद लखनऊ परिक्षेत्र के आरएम आरके त्रिपाठी ने उन्हें यहां के कार्य व्यवस्था से जुड़ी जानकारी दी। इस मौके पर एमडी ने यहां पर मौजूद कर्मचारियों को बेहतर बस संचालन के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि बसों के आवागमन के दौरान रोड पर कहीं जाम नहीं लगना चाहिए।

## अभियंताओं ने पहले बनवा दी बिल्डिंग फिर किया सील

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के अभियंताओं ने कॉम्प्लेक्स बनवा दिया, बाद में सील कर दिया। सहायक अभियंता एनएन चौबे और अवर अभियंता सुभाष शर्मा प्रवर्तन जोन पांच में काफी समय से तैनात हैं। इनके सामने ही जानकीपुरम विस्तार में भूखंड संख्या 3/1258 पर मनीष जैन व अन्य द्वारा लगभग 2,152 वर्गफिट क्षेत्रफल में सेटबैक को कवर्ड करते हुए बेसमेंट समेत दो मंजिला व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा था। इस बिल्डिंग को पहले भी सील किया गया था। इसके बावजूद बिल्डिंग बनकर तैयार हो गई। सोमवार को एलडीए ने इसे दोबारा सील कर दिया।

# आंखों के सामने होगा परिवार तो नहीं बढ़ेगी बस की रफ्तार

## डैशबोर्ड पर लगेगा चालक के परिवार का फोटो, कैब, टैक्सी और निजी बसों में अनिवार्य की गई व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन विभाग एक अनूठी पहल करने जा रहा है। इसके तहत वाहन के डैशबोर्ड पर या चालक के सामने उसके परिवार की तस्वीर (फैमिली फोटो) लगाई जाएगी। ताकि गाड़ी चलाते समय चालक अपने परिवार के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ा रहे।

परिवार सामने रहेगा तो वह रैश ड्राइविंग से भी बचेगा और नशे से भी। बढ़ते सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए शासन ने यह फैसला किया है। इस तरह का प्रयोग आंध्र प्रदेश में किया गया था। इससे सड़क दुर्घटनाओं में आई कमी को देखते हुए इस मॉडल को उत्तर प्रदेश में भी लाया जा रहा है। रोडवेज बसें, निजी बसें, मोटर कैब, मैक्सी, टैक्सी कैब सहित सभी वाहनों में लिए यह अनिवार्य किया गया है।

इस आशय के आदेश परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह ने प्रदेश के सभी उप परिवहन आयुक्तों, आरटीओ और एआरटीओ को भेज दिए गए हैं। दरअसल, प्रदेश में बढ़तीं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए बीते 9 अप्रैल को प्रमुख सचिव परिवहन की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया था। इसमें अपर पुलिस महानिदेशक (सड़क सुरक्षा एवं यातायात) द्वारा बताया गया कि आंध्र प्रदेश में सार्वजनिक वाहनों में चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति भावनात्मक रूप से संवदेनशील बनाया जाए। इसके लिए चालक के परिवार की तस्वीर उसकी सीट के ठीक सामने लगाए जाने की व्यवस्था शुरू हुई। इसके बाद आंध्र प्रदेश में वाहन चालकों ने अतिरिक्त सावधानी बरती और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई।

परिवहन आयुक्त ने बताया कि इससे चालकों का इमोशनल जुड़ाव होगा। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों के साथ ही सभी सार्वजनिक और व्यावसायिक यात्री वाहनों में चालक के परिवार की तस्वीर उसकी सीट के सामने लगेगी। इससे वाहन चालक और सावधानीपूर्वक वाहन चलाएगा।



▸▸ चालक को भावनात्मक रूप से जोड़ने के लिए डैशबोर्ड पर लगाई जाएगी परिवार की तस्वीर

### वर्ष 2023 में 4.7 प्रतिशत लोग हुए हादसों का शिकार

अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी के अनुसार, वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश में हुईं सड़क दुर्घटना में 22,595 लोगों की मौत हुई थी। वहीं, वर्ष 2023 में यह आंकड़ा 23,652 पहुंच गया। वर्ष 2023 में वर्ष 2022 की तुलना में 4.7 प्रतिशत अधिक लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल से 4 मई के बीच शुरू हो रहे सड़क सुरक्षा पखवारा के दौरान अभियान चला इसे लागू कराया जाएगा।

## एक नजर

### 30 से शुरू होंगी विवि की परीक्षाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में 30 अप्रैल से परीक्षाएं आयोजित हो रही है। इसको लेकर विवि प्रशासन की ओर से समय सारणी जारी कर दी गई है। इसमें स्नातक और स्नातकोत्तर से जुड़े विषय शामिल हैं। परीक्षाओं की पहली सूची बीएससी होम साइंस से जुड़ी हुई है। सीएनडी सेमेस्टर( नेप) द्वितीय से जुड़े विषयों की परीक्षाएं 30 अप्रैल से 6 मई तक चलेंगी। चतुर्थ सेमेस्टर पहली से 7 जून तक आयोजित होगा। छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 अप्रैल से 27 तक चलेंगी। बीएससी और बीए से जुड़ी परीक्षाएं 30 अप्रैल से 6 जून तक चलेगा। वहीं बीकॉम परीक्षाएं 22 मई से शुरू होकर 6 जून को समाप्त होंगी।

# 20 जिलों में परखी जायेगी शिक्षा की व्यवस्था

## शिक्षा महानिदेशक ने गठित की वरिष्ठ अधिकारियों की टीम, एक सप्ताह में पूरा करना होगा निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 18 से 25 अप्रैल तक किया जायेगा निरीक्षण
- निरीक्षण आख्या तत्काल गूगल फार्म पर दर्ज करने के निर्देश

**अमृत विचार :** सरकारी विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को परखने के लिए राज्य परियोजना कार्यालय की टीम 20 जनपदों का निरीक्षण करेगी। एक सप्ताह तक होने वाले निरीक्षण के लिए शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों की टीम गठित कर दी है। 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक निरीक्षण किया जायेगा।

इस संबंध में अधिकारियों के लिए पांच बिंदुओं की गाइडलाइन भी जारी की गई है। निरीक्षण के दौरान सभी टीमें पीएमश्री विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालयों, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और राजकीय इण्टर कालेज का निरीक्षण करेंगी।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को तत्काल निरीक्षण आख्या चेकलिस्ट में निर्धारित बिन्दुओं के आधार पर गूगल फार्म पर अपलोड करने के लिए कहा गया है। इसके बाद इसकी विस्तृत रिपोर्ट तीन दिन के अंदर लिखित रूप से देनी होगी।

शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, अधिकारियों की ओर से निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, वित्त एवं लेखाधिकारीऔर खंड शिक्षा अधिकारियों कार्यशैली को भी परखा जायेगा।

इस दौरान स्कूलों में चल रहे निर्माण कार्य, शिक्षकों का एरियर भुगतान, मृतक आश्रित नियुक्ति, शिक्षकों के निलम्बन बहाली एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर भी बैठक की जायेगी।

### इन जनपदों का होगा निरीक्षण

प्रयागराज, लखीमपुर, हापुड़, रायबरेली, एटा, भदोही, शामली, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, उन्नाव, कुशीनगर, फिरोजबाद, महाराजगंज, कानुपर नगर, अंबेडकर नगर, इटावा, सहारनपुर, देवारिया, अयोध्या, ललितपुर।

### निजी स्कूल नये सत्र का डाटा नहीं कर रहे अपलोड

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकारी स्कूलों की तर्ज पर यू डायस पोर्टल पर निजी विद्यालयों को भी बच्चों की नामांकन संख्या सहित पूरा ब्योरा अपलोड करना अनिवार्य है। लेकिन नये शैक्षिक सत्र में प्रवेश लेने वाले बच्चों का ब्योरा पोर्टल पर नहीं अपलोड किया जा रहा है। ऐसे में निजी स्कूल प्रबंधनों पर कार्रवाई हो सकती है। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार के इस पोर्टल पर पूरी जानकारी अपलोड करना अनिवार्य है। जो विद्यालय डाटा अपलोड नहीं करेंगे, उनके एडमिशन अमान्य किए जा सकते हैं। साथ ही उनके विद्यालय की मान्यता प्रत्याहरण की भी कार्रवाई हो सकती है।

# आईएमएस और आईआईए ने एमओयू पर किया हस्ताक्षर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिक्षा और उद्यम स्थापित करने के समन्वय पर बल

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विज्ञान संस्थान (आईएमएस) ने रोजगार मेले का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान आईएमएस और आईआईए ने एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया। उद्योग अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारतीय उद्योग संघ (आईआईए) के प्रमुख को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

प्रो. विनीता काचर ने शिक्षा और उद्योग के बीच समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। आईआईए के प्रमुख विकास खन्ना ने स्टार्टअप और उद्यम स्थापित करने पर छात्रों को प्रोत्साहित किया। रोजगार मेले के दौरान कई कंपनियों ने अपने उत्पादों, सेवाओं, कार्य संस्कृति, कैरियर उन्नति के अवसरों आदि का विवरण प्रस्तुत किया। प्रो. विनीता काचर ने बताया कि मंगलवार को आईएमएस में आने वाली कंपनियों में एचएसबीसी केनरा, वावा फूड्स, एमएमए मैट्रिक्स जिम, ओरिएंटल कंसल्टेंट्स, ट्रोइका बिजनेस सॉल्यूशंस आदि शामिल हैं। चयनित छात्रों के परिणाम जॉब फेयर के बाद घोषित किए जाएंगे।

**सर्वोदय महाविद्यालय**
मिहींपुरवा, बहराइच
सम्बद्ध – डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय, फैजाबाद

आवश्यकता है

निम्नलिखित विषयों के प्राध्यापकों की:–

अ. परास्नातक कक्षाओं में शिक्षण हेतु–
(1) गृहविज्ञान पद –02

ब. स्नातक कक्षाओं में शिक्षण हेतु–
(1) प्राचीन इतिहास पद–01
(2) अंग्रेजी पद –01
(3) राजनीति शास्त्र पद –01

स. संगणक अध्यापक– 01, लिपिक कम जीप चालक – 01

नोट:–1. इच्छुक अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक प्रमाण–पत्रों के साथ विज्ञप्ति जारी होने के 21 दिनों के अन्दर आवेदन प्रस्तुत करें।
2. प्राध्यापकों की शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0 मानकानुसार।
2. वेतन स्ववित्तपोषित योजर्नागत ।


प्रबन्धक / प्राचार्य
मो0नं0–9839920510,9450257922

# बीकॉम व एमकॉम के छात्रों को ऑनलाइन दी गईं जानकारियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय में ऑनलाइन शिक्षा के पहले दिन बीकॉम और एमकॉम के छात्रों को इंडक्शन प्रोग्राम और विवि से जुड़ी जानकारियां दी गईं। ऐसे में छात्रों और शिक्षकों के बीच सवाल-जवाब भी हुए।

लविवि के ऑनलाइन एजुकेशन के निदेशक प्रोफेसर पीयूष भार्गव ने ऑनलाइन सत्र की शुरुआत की। बीकॉम और एमकॉम के छात्रों को ऑनलाइन प्रथम बैच का महत्व बताया गया। विवि के संकाय, लाइब्रेरी और अन्य कक्षों के वीडियों के सहारे जानकारी दी। तकनीकी विशेषज्ञों ने छात्रों को उपकरण तथा नेटवर्कों के उपयोग की जानकारी दी। असाइनमेंट कैसे जमा करेंगे, परीक्षाएं कैसे होगी मूल्यांकन कैसे होगा। इसको भी विस्तार से बताया गया। छात्रों से जुड़े प्रश्नों का उत्तर प्रो. गीतिका एवं डिप्टी शशि प्रभा द्वारा दिया गया।



ऑनलाइन शिक्षा ग्रहण करते छात्र।

### इन्होंने दी बिन्दुवार जानकारियां

संकाय विषय की जानकारी डीन वाणिज्य संकाय प्रो. रचना मुज्जु द्वारा दी गई। प्रो. गीतिका कपूर, डॉ. नागेंद्र मौर्य और डॉ. ताल्हा सिद्दीकी ने छात्रों को विषयवार परिचय कराया। डॉ. मधु भाटिया ने एमकॉम से जुड़े कोर्स की जानकारी दी। ग्रीवेंस सेल तथा हेल्प डेस्क की जानकारियां प्रो. अंचल श्रीवास्तव की ओर से साझा की गई।

# मूल्यांकन न करने वाले शिक्षकों का कटेगा वेतन

## पूर्व में वेतन रोके जाने के आदेश के क्रम में कॉलेजों के प्रधानाचार्यों से मांगा गया स्पष्टीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वेतन कटौती न होने पर प्रधानाचार्य माने जाएंगे जिम्मेदार
- 202 शिक्षकों ने नहीं किया मूल्यांकन कार्य

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा के बाद मूल्यांकन ड्यूटी न करने वाले शिक्षकों का वेतन काटा जायेगा।

इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार की ओर से पहले ही सभी अनुपस्थिति शिक्षकों का वेतन रोके जाने का आदेश दिया गया था। अब इन शिक्षकों के पे बिल पर मूल्यांकन समय अवधि का वेतन पास किया गया है या काटा गया है। इस संबंध में विभाग ने कॉलेजों के प्रधानाचार्यों से जवाब मांगा है।

डीआईओएस राकेश कुमार ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन 16 मार्च से लेकर 31 मार्च तक किया गया। इस दौरान राजधानी के अलग-अलग राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के 202 शिक्षकों की ओर से मूल्यांकन कार्य नहीं किया गया। जिस पर यूपी बोर्ड की ओर से कार्रवाई की आदेश दिए गये थे।

दरअसल, मूल्यांकन केन्द्रों से डीआईओएस कार्यालय भेजी गई मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों की उपस्थिति पंजिका पर भी इन शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज नहीं पाई गई। जिस पर वेतन रोकने के आदेश जारी किए गये थे । वहीं मनमानी करने वाले इन शिक्षकों का मार्च महीने का वेतन निकालने के लिए पे-बिल भी लेखा कार्यालय कॉलेजों की ओर से भेजा जा चुका है।

अब इन पे-बिल पर डीआईओएस की ओर से पूर्व में वेतन रोकने के आदेश के क्रम में कटौती की गई है या नहीं इस पर जवाब मांगा गया है। डीआईओएस ने कहा कि यदि कटौती नहीं की गई होगी तो इसके लिए प्रधानाचार्य जिम्मेदार माने जायेंगे।

# लविवि में 7 शिक्षकों को मिली प्रोन्नति

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के सात शिक्षकों को प्रोन्नति मिली है। इसमें कंप्यूटर साइंस के डॉ. एसपी कनौजिया सुभाष हॉल के प्रोवोस्ट बने हैं। इसी हॉल के असिस्टेंट के रूप में डॉ. आनंद पाण्डेय को जिम्मेदारी मिली है। अंग्रेजी विषय की प्रवक्ता डॉ. भारती राय को निवेदिता गर्ल्स हॉल का प्रोवोस्ट बनाया गया है। गोल्डेन जुबली हॉल में प्रोवोस्ट के पद पर प्रो. अलका कुमारी की नियुक्ति की गई है। डॉ. निधि मिश्रा गोल्डेन जुबली हॉल की असिस्टेंट प्रोवोस्ट बनीं हैं। इ. निधि श्रीवास्तव को डॉ. बीआर आंबेडकर लॉ गर्ल्स हॉल का असिस्टेंट प्रोवोस्ट बनाया गया है। इसी पद पर तिलक हाल में डॉ. शालिनी पाठक की नियुक्ति की गई है।

# स्कूल बच्चों के चरित्र निर्माण की पहली सीढ़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बच्चों से उनकी भाषा में बात करनी चाहिए और रोकना -टोकना नहीं चाहिए। कुछ दूर उनके बताये रास्ते पर चलना चाहिए फिर उस रास्ते की कमियां और गलतियां उनको समझानी चाहियें। सत्य कभी बदलता नहीं है इसलिए जीवन के सिद्धांतों के साथ उनपर अडिग होकर चलने की शिक्षा बच्चों को देनी चाहिए। स्कूलों का काम बच्चों को शिक्षा देने के साथ उनका चरित्र निर्माण करने की होनी चाहिए।


राजाजीपुरम के सेन्ट जोसफ कॉलेज के स्थापना दिवस पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते विधायक पंकज सिंह, संस्थापक पुष्पलता अग्रवाल, अनिल अग्रवाल। अमृत विचार

- सेंट जोसफ स्कूल के 38वें स्थापना दिवस में शामिल हुए विधायक पंकज सिंह

यह बातें नोएडा विधायक पंकज सिंह ने सोमवार शाम को सेंट जोसफ स्कूल राजाजीपुरम के 38वें स्थापना दिवस और वर्षीकोत्सव समारोह में कही। वे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। नोएडा विधायक ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। वर्षीकोत्सव में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमे स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंध निदेशक अनिल अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता अग्रवाल, सहित सभी बच्चे व शिक्षक उपस्थित रहे।

# छह केंद्रों में संचालित हो रहे शिक्षण शिविर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की ओर से संचालित गृह संस्कृत योजना के अंतर्गत 12 दिवसीय संस्कृत शिक्षण शिविर केंद्रों की शुरुआत की गई। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. जगदानन्द झा ने कहा कि संस्कृत पढ़ाने से छात्रों में रुचि उत्पन्न होती हैं। प्रशिक्षिका मुन्नी देवी एपी सेन गर्ल्स कॉलेज, प्रशिक्षिका नीलम श्रीवास्तव संस्कार पब्लिक स्कूल, आचार्य नीतू उच्च प्राथमिक विद्यालय मेहोरा, प्रशिक्षिका अर्चना अलीगंज, प्रशिक्षिका मुदिता अस्थाना नवज्योति पब्लिक स्कूल में कक्षाओं का संचालन करेंगी।

# हर सप्ताह नामांकन रिपोर्ट देने में लापरवाही

**अमृत विचार, लखनऊ :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। हर दिन कितने नामांकन हो रहे हैं, इसकी हर सप्ताह जानकारी निदेशालय को देनी होगी। लेकिन इस संबंध में रिपोर्ट भेजने में लगातार लापरवाही की जा रही है। जबकि बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल का आदेश है कि हर सप्ताह जानकारी दी जाए।

जानकारी न देने की एक बड़ी समस्या भी बताई जा रही है। कहा जा रहा है कि 1 अप्रैल को बच्चे की 6 वर्ष की उम्र बाध्यता के नामांकन नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में रिपोर्ट क्या भेजी जाए। जिले स्तर पर भी बेसिक शिक्षा अधिकारियों से शिक्षक इस समय सीमा को बढ़ाये जाने की मांग कर रहे हैं। वहीं निदेशक का आदेश है कि नये आदेश के क्रम में ही प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
ई–टेंडरिंग निविदा सूचना
सं. 20 / 2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई–टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1; कार्य का विवरण:** इज्जतनगर / स्टोर डिपो में फाउंडेशन सहित 90x20 मीटर साइज का ढका हुआ शेड। **अनुमानित लागत(₹):** ₹2,86,35,237.31; **बयाना राशि(₹):** ₹2,93,200/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 09 माह; **क्र.सं. 2; कार्य का विवरण:** क्लटरबकगंज में ट्रैक कार्य को छोड़कर मौजूदा स्टेबिल लाइन और वॉशिंग लाइन को 600 मीटर तक विस्तारित करने के साथ 600 मीटर नई स्टेबलिंग लाइन और सीबीगंज छोर पर शंटिंग नेक बनाने का प्रावधान। क्लटरबकगंज के स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत मौजूदा स्टेबिल लाइन और वॉशिंग लाइन को 600 मीटर तक विस्तारित करने के साथ 600 मीटर नई स्टेबलिंग लाइन और सीबीगंज छोर पर शंटिंग नेक बनाने का प्रावधान।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹3,95,73,274.68; **बयाना राशि(₹):** ₹3,47,900/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह; **क्र.सं. 3; कार्य का विवरण:** क्लटरबकगंज में ट्रैक कार्य के साथ मौजूदा स्टेबिल लाइन और वॉशिंग लाइन को 600 मीटर तक विस्तारित करने के साथ 600 मीटर नई स्टेबलिंग लाइन और सीबीगंज छोर पर शंटिंग नेक बनाने का प्रावधान। क्लटरबकगंज के स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत मौजूदा स्टेबिल लाइन और वॉशिंग लाइन को 600 मीटर तक विस्तारित करने के साथ 600 मीटर नई स्टेबलिंग लाइन और सीबीगंज छोर पर शंटिंग नेक बनाने का प्रावधान।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹49,18,934.77; **बयाना राशि(₹):** ₹98,400/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 09 माह;
1. ई–निविदा दिनांक 10.05.2024 को 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भरतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०)
मुजाधि / डब्ल्यू–17 इज्जरनगर
ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम SANJAY KUMAR SINGH था अब मैने बदलकर अपना नाम SANJAY SINGH रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: HARI BAKSH SINGH VILL- BANJARI MOD NAI BASTI SHEKH DAHIR, BAHRAICH

**सूचना**
सूचित हो कि मै **अनिकेत कुमार पुत्र सुरेश कुमार, निवासी– ग्राम बदौरा मलिहाबाद, जिला– लखनऊ।** मेरे समस्त दस्तावेजों पर त्रुटिवश अनिकेत अंकित हो गया है। जबकि मेरा सही नाम अनिकेत कुमार है। अतः अब मुझे अनिकेत कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र अनुक्रमांक 2244192 वर्ष 2012–2013 (कालेज–नथन सिंह इण्टर कालेज, जुबरा नारा, कौशाम्बी ) वास्तव में कहीं खो गया है। अथक प्रयास करने के बावजूद नही मिल सका है। **धीरेन्द्र पटेल पुत्र अरविन्द्र पटेल, निवासी–कपसेठी कर्वी, चित्रकूट**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **स्निग्धा अवस्थी पुत्री राजेश अवस्थी, नि0–बावन बुजुर्ग बल्ला, तह0–महराजगंज, रायबरेली,** मेरे हाईस्कूल के अंकपत्र में मेरा नाम कु0 स्निग्धा अंकित है। जबकि मेरे समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड पैन कार्ड व बैंक में स्निग्धा अवस्थी अंकित हैं। अतः मुझे स्निग्धा अवस्थी के नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमित उम्र करीब 28 वर्ष तथा बहू कामिनी पत्नी अमित उम्र 25 वर्ष को गलत चाल चलन के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उन दोनों के किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना–देना नहीं होगा। वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। – **नरेश पुत्र सिरदार वाल्मीकि, निवासी–मोहल्ला– सैय्यद वाड़ा, शाहाबाद जिला हरदोई**

# मुख्यालय क्यों आ रहीं शिकायतें, जिलों पर निपटाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


कंचन वर्मा, शिक्षा महानिदेशक

- शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने अधिकारियों को पत्र लिखकर जताई नाराजगी

**अमृत विचार :** शिक्षा विभाग में ब्लॉक, जिला व मंडल स्तर की शिकायतें बड़ी संख्या में प्रदेश मुख्यालय पर पहुंच रही हैं। इस पर शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने नाराजगी जताते हुए सभी अधिकारियों को पत्र लिखा है।

इसमें ब्लॉक, जनपद, मंडल स्तर पर जनसुनवाई पंजिका तैयार करने और शिकायतों की प्रभावी सुनवाई कर निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई पंजिका के बाद शिकायत दर्ज कराने और निस्तारण में आसानी हो जाएगी।

महानिदेशक ने कहा मुख्यालय स्तर पर शिक्षकों, अधीनस्थ कर्मचारियों और जनसामान्य की शिकायतें अत्यधिक संख्या में मिल रही हैं। शिक्षक, अधीनस्थ कर्मचारी प्रधानाध्यापक के पद का प्रभार देने, शिक्षकों के आपसी एवं वरिष्ठता सम्बन्धी विवाद, विद्यालय में शिक्षकों, कर्मचारियों का समय से उपस्थिति न होना, विद्यालय देर से खुलने, शिक्षकों के समय पर न पहुंचने, लम्बित वेतन, एरियर भुगतान, मृतक आश्रित नियुक्ति जैसी शिकायतें भेज रहे हैं।

**समूह ख,ग,घ अधिकारियों की है शिकायत तो साक्ष्य जरूरी :** शासनादेश एक अगस्त, 1997 के मुताबिक समूह ख,ग, और घ सहित उच्च अधिकारियों की शिकायतें आवश्यक साक्ष्यों के बिना नहीं की जा सकती हैं। यदि कोई गंभीर मामला है तो उनकी शिकायत साक्ष्यों के आधार पर हो सकती है। शिक्षा महानिदेशक ने निर्देश दिया है कि शिक्षकों-कर्मचारियों इस बारे में जानकारी भी दी जाये।

### जारी हुए ये निर्देश

- जनसुनवाई पंजिका तैयार कराई जाए।
- समस्या निस्तारण के लिए अधिकारी नामित किया जाए।
- एक समय के साथ समस्याएं हल की जाएं।

### मुख्यालय पर बढ़ रहा शिकायतों का बोझ

महानिदेशक ने अधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि उच्च अधिकारियों के विरुद्ध शिकायतें बिना साक्ष्य, प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए की जा रही हैं। ये कर्मचारी आचरण नियमावली–1956 के विपरीत है। महानिदेशक ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के लिए जिले व मंडल स्तर पर शिक्षा विभाग में संस्थागत ढांचा पहले से ही उपलब्ध है। ऐसी शिकायतें मुख्यालय तक पहुंचने से ये स्पष्ट लग रहा है कि ब्लॉक, जनपद, मंडल स्तर पर शिकायतों की ठीक से सुनवाई और निस्तारण नहीं किया जा रहा है। इससे मुख्यालय पर शिकायतों का बोझ बढ़ रहा है।


बैठक के बाद कुल सचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह को मांग पत्र देते लविवि कर्मचारी परिषद के पदाधिकारी। अमृत विचार

# लविवि के कर्मचारियों ने रजिस्ट्रार को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मचारी परिषद ने 21 सूत्री मांगों को लेकर विवि के रजिस्ट्रार को ज्ञापन सौंपा। पत्र देने के दौरान कर्मचारियों ने पिछले पत्रों का हवाला भी दिया। संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार यादव के नेतृत्त लविवि के कर्मचारियों ने रजिस्ट्रार डॉ. वीके सिंह को ज्ञापन सौंपा। बताया कि कर्मचारियों की 21 सूत्री मांगों को लेकर पिछले वर्ष अगस्त माह में भी पत्र दिया गया था। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसके चलते कर्मचारियों को दी जाने वाली कैशलेस चिकित्सा सुविधा, निलंबित कर्मचारियों की बहाली के साथ ही विनियमितिकरण सहित अन्य मुद्दे हल नहीं हो सके हैं। मृतक आश्रित कर्मचारियों का स्थायीकरण सहित अन्य मांगें भी लंबित हैं। इस दौरान महामंत्री संजय शुक्ला, सीपी सिंह, शिवानंद द्विवेदी, अमित सक्सेना, केपी सिंह, अशोक, पवन, लालबाबू ओझा, सोमनाथ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लविवि में टीएमटी अंतरराष्ट्रीय वेधशाला पर हुआ व्याख्यान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में थर्टी मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) अंतरराष्ट्रीय वेधशाला पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान के प्रोफेसर ईश्वर रेड्डी ने संबोधित किया।

छात्रों को संबोधित करते हुए प्रो. रेड्डी ने बताया कि 30 मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) स्थापित होने जा रहा है। ये दुनिया का सबसे बड़ा ऑप्टिकल टेलीस्कोप है। टीएमटी 13 अरब प्रकाश वर्ष दूर स्थित आकाशीय पिंडों की तस्वीर ले सकने में सक्षम रहेगा। ये ब्रम्हांड की शुरुआत से लेकर ब्रम्हांड के विकास से संबंधित अन्य जानकारियां उपलब्ध कराएगा। टीएमटी मौजूदा ऑप्टिकल टेलीस्कोप की तुलना में नौ गुना बड़ा होगा और उससे तीन गुना अधिक स्पष्ट तस्वीरें खीचीं जा सकेंगी। कार्यक्रम में प्रो. ओकार प्रसाद और एलयूटीए अध्यक्ष डॉ. आरबी सिंह ने स्मृति के तौर पर प्रो. रेड्डी को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. लीना सिन्हा एवं डॉ. ज्योत्सना सिंह ने किया।

### भारत के शैक्षणिक संस्थान बने सहयोगी

यह परियोजना अमेरिका, कनाडा, जापान, चीन और भारत के शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से तैयार की जा रही है। इसमें भारतीय वैज्ञानिक भी सहयोगी की भूमिका में है।

### बाल फिल्म महोत्सव का उद्घाटन

**बाल फिल्म महोत्सव का उद्घाटन :** सीएमएस के फिल्म्स डिवीजन के तत्वावधान में विश्व का सबसे बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव सोमवार को सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में शुरू हुआ। मुख्य अतिथि दुर्गा शंकर मिश्र, मुख्य सचिव ने दीप प्रज्वलित कर बाल फिल्मोत्सव का उद्घाटन किया।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
**उत्तर रेलवे**
ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / सा०, मंडल रेल प्रबंधक, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई–निविदा सूचना सं. | 1131–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ– दिनांक 15.04.2024 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के अंतर्गत वॉशिंग लाइनों और सिक लाइनों में बिजली आपूर्ति के बुनियादी ढांचे में सुधार सहित अनुरक्षण डिपो में प्रीकूलिंग प्वाईंट, चार्जिंग प्वाईंट और प्रकाश में सुधार संबंधित कार्य। |
| अनुमानित लागत | ₹1,64,35,785.45 (एक करोड़ चौंसठ लाख पैंतीस हजार सात सौ पिच्चासी एवं पैंतालीस पैसा मात्र) |
| ई–निविदा की कीमत | शून्य; कार्य पूर्ण करने की अवधि: 06 माह |
| बयाना राशि | ₹2,32,200/- (रु० दो लाख बत्तीस हजार दो सौ मात्र) |
| ई–निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 15.05.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:30 बजे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / सा०, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में। |
| प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है |

सं.: 1131–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ
दिनांक 15.04.2024
1125/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**
**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
मो. 9412151327, 7521001992
पता
**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल**
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।
'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।
साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

## एक नजर

### कैंसर के मरीज को दी आर्थिक मदद

**अमृत विचार, लखनऊ :** मां गायत्री जनसेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से कासगंज निवासी कैंसर पीड़ित युवक को इलाज के लिए 10 हजार रुपये की मदद की गई है। संस्था के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह और गुंजन वर्मा ने सोमवार को केजीएमयू पहुंच कर मरीज धनराशि दी। हेमू चौरसिया और मनोज सिंह चौहान भी उपस्थित रहे।

### नुक्कड़ नाटक से दिया मतदान का संदेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रामीण इलाकों में पंचायती राज विभाग का मतदाता जागरूकता अभियान तेज हो गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर के नेतृत्व में गांवों में रैली, नुक्कड़ नाटक व वाल पेंटिंग के माध्यम से ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस क्रम में सोमवार को चिनहट के ग्राम दुगौर में नुक्कड़ नाटक आयोजित हुआ।

# गर्मी के चलते अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

## बुखार, डिहाइड्रेशन, गले में इंफेक्शन, आंखों में जलन और सिर चकराने के आ रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी का तापमान करीब एक सप्ताह से बढ़ा है। सोमवार को भी अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तेज धूप और गर्मी बढ़ने से लोग बुखार, उल्टी-दस्त और पानी की कमी के शिकार हो रहे हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या 30 फीसदी तक बढ़ गई है। सोमवार को ओपीडी में ऐसे मरीजों की भीड़ देखने को मिली।


हजरतगंज स्थित सिविल अस्पताल में पर्चा बनवाने के लिए लगी मरीजों व तीमारदारों की भीड़। अमृत विचार

हजरतगंज स्थिति डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के फिजिशियन डॉ. आनंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि करीब दो सप्ताह से ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है। बुखार और डायरिया के मरीज अधिक आ रहे हैं। डॉ. आनंद ने खानपान में सावधानी बरतने और बासी भोजन बिल्कुल न करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि किसी भी बीमारी के लक्षण दिखने पर चिकित्सक की सलाह जरूरी है। अपने मन से दवाएं न खाएं। धूप से आने के बाद ठंडा पानी और कोल्डड्रिंक का सेवन न करें।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीके गुप्ता ने बताया कि बच्चों में उल्टी-दस्त और खांसी के मामले करीब तीन गुना तक बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बिना चिकित्सकों की सलाह के कोई भी दवा नहीं देनी चाहिए। ड्राई कफ वाले बच्चों को नेबुलाइज कराने की सलाह दी जाती है।

▸▸ बच्चों में उल्टी दस्त की शिकायत ज्यादा

### डॉक्टरों को दिए निर्देश

बलरामपुर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया की गर्मी में मरीज बढ़ जाते है। ओपीडी में डॉक्टरों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। लोकबंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि बुखार, उल्टी, दस्त और अपच की शिकायत वाले मरीज अधिक आ रहे हैं। ओपीडी में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चिकित्सकों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। सभी जरूरी दवाइयां भी मौजूद हैं।

# मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए वसूली प्रकरण की जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल में मोतियाबिंद ऑपरेशन के नाम पर मरीज से वसूली के आरोप की जांच के लिए चार सदस्यीय जांच समिति बनाई गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अस्पताल प्रशासन आरोपी डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

उन्नाव के हसनगंज निवासी सुशील सिंह ने बलरामपुर अस्पताल के डॉ. अजय वैद्या पर मां रामरानी के मोतियाबिंद ऑपरेशन और लेंस डालने के एवज में 4300 रूपये वसूलने का आरोप लगाया है। आरोप है कि डॉक्टर को चार हजार रुपये ऑनलाइन भेजे हैं। सुशील ने 10 रुपये के स्टांप पेपर पर शिकायत लिखकर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और एनएचएम की मिशन निदेशक को दी है। अस्पताल प्रशासन का कहना है पीड़ित की ओर से कोई शिकायत नहीं आई है। अखबारों में प्रकाशित खबरों के आधार पर जांच शुरु कर दी गई है। शिकायतकर्ता से संपर्क किया गया लेकिन बात नहीं हुई। उसे डाक से पत्र भेजकर बयान देने के लिए बुलाया जाएगा।

▸▸ उन्नाव के तीमारदार ने उप मुख्यमंत्री से स्टांप पेपर पर की थी शिकायत

> मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम गठित की गई है, जो जल्द रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर आरोपी डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
> –डॉ. पवन कुमार अरुण, निदेशक, बलरामपुर अस्पताल

# कार्डियक कैथ लैब ने एक लाख मरीजों को दीं सेवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एसजीपीजीआई कार्डियोलॉजी विभाग के कार्डियक कैथ लैब ने 35 वर्षों में एक लाख मरीजों की सेवा करने के लक्ष्य को हासिल कर कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। जिसमें हृदय संबंधी देखभाल को आगे बढ़ाने के लिए अनगिनत घंटों के लिए समर्पण, प्रतिबद्धता को प्रस्तुत किया गया है। सोमवार को इस उपलब्धि के लिए संस्थान निदेशक प्रो.आरके धीमन ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि एक लाख मामलों में से प्रत्येक केस प्रभावित जीवन का प्रतिनिधित्व करता है और सकारात्मक परिणामों पर ध्यान देने से रोगियों के हृदय स्वास्थ्य में लाभ हुआ।


कैथ लैब टीम के साथ संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन। । अमृत विचार

प्रो.धीमन ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे कुशल स्वास्थ्यकर्मियो, चिकित्सकों और नर्सों से लेकर तकनीशियनों और सहायक कर्मचारियों तक के सहयोगात्मक प्रयासों का एक प्रमाण है।

जिन्होंने सभी प्रकार की हृदय संबंधी सेवाएं इंटरवेंशन प्रदान करने में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए मिलकर काम किया है। लैब की शुरुआत वर्ष 1987 के आखिर में की गई थी। यहां पहला केस 1988 में आया था। कार्डियोलॉजी विभाग एसजीपीजीआई के पहले विभागों में से एक था और पूर्व में प्रो. पीएस बिदवई, प्रो. सावित्री श्रीवास्तव, प्रो. नकुल सिन्हा और प्रो. पीके गोयल इसके प्रमुख थे। वर्तमान में कार्डियोलॉजी विभाग के संकाय सदस्यों में प्रो. आदित्य कपूर, प्रो. नवीन गर्ग, प्रो. सुदीप कुमार, डॉ रूपाली खन्ना, डॉ अंकित साहू, प्रो. सत्येन्द्र तिवारी, डॉ अर्पिता कठेरिया, डॉ हर्षित खरे और डॉ अरशद नजीर शामिल हैं।

▸▸ टीम के प्रयासों की पीजीआई के निदेशक ने की सराहना

# भाजपा, कांग्रेस, सपा व बसपा को नोटिस की रिपोर्ट तलब

**विधि संवाददाता, लखनऊः** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने उत्तर प्रदेश में जातीय रैलियों पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर भाजपा, कांग्रेस, सपा व बसपा को भेजी गई नोटिस के सम्बंध में रिपोर्ट तलब किया है।

पिछली सुनवाई पर न्यायालय ने पाया था कि 11 नवंबर 2022 के आदेश के अनुपालन में भेजी गई नोटिस इन राजनीतिक दलों को प्राप्त नहीं हो सकी थीं लिहाजा नई नोटिसें भेजने का आदेश दिया गया था। मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव द्वारा वर्ष 2013 में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

# जाम में फंसे मरीज, एसी में बैठे रहे पुलिसकर्मी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल के गेट पर सोमवार को ओपीडी के समय भीषण जाम लग गया। जाम में फंसे मरीज तेज धूप में बिलबिलाते रहे। कई एंबुलेंस भी फंस गई। डेढ़ घंटे से भी अधिक समय तक जाम लगा रहा लेकिन चौकी में एसी की हवा खा रहे पुलिसकर्मी बाहर नहीं निकले। अस्पताल के सुरक्षा गार्डों ने किसी तरह जाम खुलवाया।



बलरामपुर अस्पताल के गेट के पास जाम में फंसी एंबुलेंस व लोग। अमृत विचार

बलरामपुर अस्पताल के मुख्य गेट के पास सोमवार करीब 11:45 बजे भीषण जाम लग गया। बलरामपुर और रानी अवंतीबाई अस्पताल निजी वाहनों से आए मरीज जाम में फंस गए। बलरामपुर अस्पताल गेट पर एंबुलेंस फंस गई। दो एंबुलेंस गेट के अंदर फंसी रहीं।

यह एंबुलेंस इमरजेंसी में मरीज को छोड़कर दूसरे मरीज को लेने जा रहीं थी। अवंतीबाई अस्पताल के इमरजेंसी गेट की तरफ भी एंबुलेंस फंसी रहीं।

अस्पताल में ओपीडी का समय होने के बाद भी यातायात पुलिस नदारत रही। बलरामपुर अस्पताल के गेट के पास स्थित पुलिस चौकी में पुलिसकर्मी मौजूद थे। वह अंदर लगी से बाहर तक नहीं निकले।

▸▸ बलरामपुर अस्पताल के गेट पर डेढ़ घंटे लगा जाम, एंबुलेंस भी फंसी रही

▸▸ अस्पताल के सुरक्षाकर्मियों ने मशक्कत के बाद किसी तरह खुलवाया जाम

# 17 को प्रियंका गांधी करेंगी रोड शो

**अमृत विचार, लखनऊः** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी 17 अप्रैल को सहारनपुर में रोड शो करेंगीं। इसी दिन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव के गाजियाबाद में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस किए जाने की संभावना है।



कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पहले चरण के चुनाव में सहारनपुर में पार्टी प्रत्याशी इमरान मसूद के पक्ष में जनसभा होगी। जनसभा को प्रियंका गांधी संबोधित करेंगीं। सूत्रों ने बताया कि दूसरे चरण के चुनाव में अमरोहा समेत अन्य सीटों पर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व अखिलेश यादव मंच साझा कर गठबंधन के प्रत्याशियों को जीतने के लिए मतदाताओं से अपील करेंगे।

# लकी ड्रा में कपिल ने जीते 21,000 रुपये

**अमृत विचार, लखनऊः** चेट्टी चंद मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने कूपन भरने वाले समाज के लोगों का लकी ड्रा निकाला। 21,000 रुपये का पहला पुरस्कार आलमबाग के कपिल चेनानी और 15,000 रुपये का दूसरा पुरस्कार इंद्रानगर के निखिल मेघानी को मिला। तीसरे पुरस्कार में जह्नवी कल्याणी ने 7,500 रुपये जीते।

मेला कमेटी के हंस राज राजपाल, दिनेश रायचंदानी, नीरज राजपाल ने बताया कि भगवान झूले लाल जयंती समारोह में मेले के दौरान भरे गए इनामी कूपन निकाले गए। मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी, अध्यक्ष रतन मेघानी महामंत्री, कोषाध्यक्ष संजय जसवानी, सतेंद्र भावनानी, हंसराज राजपाल, प्रह्लाद गुरनानी समेत सभी ने विजेताओं को बधाई दी।

# 87 गांवों से होगा गेहूं की उपज का आकलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत गेहूं की क्रॉप कटिंग के लिए 87 गांव चयनित किए गए हैं। यहां फसल की कटाई कर पैदावार और क्षतिपूर्ति का आकलन किया जाएगा।

जिलाधिकारी स्तर से क्रॉप कटिंग के लिए गांव चयनित करने के साथ अधिकारियों को नामित किया है। जो चयनित गांव में कृषि विभाग, राजस्व विभाग व बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ गेहूं की क्रॉप कटिंग मोबाइल एप के माध्यम से कराएंगे। इस दौरान उपज मानक के अनुसार कम निकली तो क्षर्तिपूर्ति दी जाएगी।



जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह मंगलवार से भगौतीपुर, हमिरापुर, पारा भदराही व बीबीपुर गांव की क्रॉप कटिंग कराएंगे।

**इन गांवों में होगी क्रॉप कटिंग :** सरोजनी नगर तहसील का ग्राम अमावा, गोदौली, परवर पूरब, पहाड़पुर, सदरौना, कमलापुर, पिपरसंड, दादूपुर, खटोला, हरौनी। मलिहाबाद का ग्राम सरावां, बहेलिया, रूसैना, दौलतपुर, कनार, गौंदा मु.नगर, भदेसरमऊ, नवीनगर, बख्तियार नगर। माल ब्लॉक का ग्राम गोडवा बरौकी, रहटा, थरी, पारा भदराही, सालेहनगर, बहरौरा, देवरीभारत, किडौरा, भानपुर, माल, आदमपुर। चिनहट का जुग्गौर, पपनामऊ, धोबेला, धतिंगरा, सैदपुर जगीर। काकोरी का मनभौना, सरसंडा, पहिया आजमपुर, सिकरौरी, हरदोईयालाल नगर, गोशालालपुर, दशदोई, कुसमी, ताजकिशनखेड़ा।

▸▸ फसल की कटाई कर पैदावार और क्षतिपूर्ति संबंधी ली जाएगी जानकारी

▸▸ क्रॉप कटिंग के लिए गांव चयनित करने के साथ अधिकारी किए गए नामित

# प्राणि उद्यान में वन्यजीवों का बुरा हाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बढ़ती गर्मी से प्राणि उद्यान के जानवरों का भी बुरा हाल है। चिड़ियाघर प्रशासन संवेदनहीन दिख रहा है। बाड़ो में न स्प्रिंकलर चलाए जा रहे और न गर्मी से बचाने के अन्य इंतजाम किए गए हैं। चिड़ियाघर प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के अनुसार इस समय सभी कार्य रोक दिए गए हैं। हम लोगों का फोकस चिड़ियाघर को शिफ्ट करने पर है। रही बात जानवरों के रखरखाव की तो उनका ध्यान रखा जा रहा है, सभी मानक पूरे किए जा रहे हैं।


प्राणि उद्यान में बाड़े में बैठे हिरन अमृत विचार

बाड़े में मृत हिरन को नोंचते पक्षियों के झुंड को देखकर दर्शकों का मन विचलित हो उठा। सभी ने इसे चिड़ियाघर की लापरवाही बताया। जब वहां कीपर तैनात है तो मृत हिरन को बाड़े के अंदर ऐसे कैसे छोड़ दिया। इससे अन्य जानवरों में संक्रमण हो सकता है। चिड़ियाघर घूमने आए तमाम दर्शकों ने बताया कि हिरनों के बाड़ों को देखकर ऐसा लग रहा है कि इनमें महीनों से पानी नहीं डाला गया है। चिड़ियाघर प्रशासन गर्मी से बचाने के लिए बड़े दावे कर रहा है। जानवरों के लिए कूलर और चटाई लगाए जाने की दलील दे रहा है। जानवरों के बाहर लगे ज्यादातर कूलर चल नहीं रहे हैं। कई बाड़ों में चटाई हवा में उड़ कर खिसक गई है, जिसे कोई ठीक करने वाला नहीं है।

▸▸ गर्मी में जानवरों के बचाव के इंतजाम आधे-अधूरे


30 मार्च को हिरन के मृत बच्चे को नोंचते कौवे।

> बाड़े में स्प्रिंकलर चिकित्सकों के निर्देश पर चलाया जाता है। बाड़े में मृत पड़े हिरन का मामला मेरे संज्ञान में नहीं था। इस मामले की जांच की जाएगी।
> –अदिति शर्मा, निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान

# पांच समर स्पेशल ट्रेनों से यात्रियों को मिलेगी राहत

▸▸ गर्मी में यात्रियों की होने वाली भीड़ को लेकर लिया निर्णय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** ग्रीष्मकाल में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये रेल प्रशासन मुम्बई के लिए वाया लखनऊ तीन स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। साथ ही पुणे और बड़ोदरा के लिए भी एक-एक ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।

**मुम्बई सेंट्रल-बनारस साप्ताहिक स्पेशल:** ट्रेन नंबर 09183 मुम्बई सेंट्रल-बनारस वातानुकूलित ग्रीष्मकालीन स्पेशल 17 अप्रैल से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को मुम्बई सेंट्रल से रात्रि 10:50 बजे प्रस्थान दूसरे दिन लखनऊ तड़के 4:25 बजे पहुंचेगी। यहां से रायबरेली, अमेठी, मां वेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़, जंघई, भदोही व बनारस सुबह 10:30 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 09184 बनारस-मुम्बई सेंट्रल वातानुकूलित ग्रीष्मकालीन स्पेशल 19 अप्रैल से 28 जून प्रत्येक शुक्रवार को बनारस से दोपहर 2:30 बजे प्रस्थान कर लखनऊ रात्रि 9:25 बजे और तीसरे दिन मुम्बई सेंट्रल तड़के 4:20 बजे पहुंचेगी।

**बड़ोदरा-मऊ सुपरफास्ट साप्ताहिक समर स्पेशल :** ट्रेन नंबर 09195 बड़ोदरा-मऊ सुपरफास्ट साप्ताहिक समर स्पेशल 20 अप्रैल से 29 जून प्रत्येक शनिवार को बड़ोदरा से शाम 7 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन लखनऊ दोपहर 1:20 बजे पहुंच जाएगी। यहां से सुल्तानपुर, वाराणसी मऊ रात्रि 8:45 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 09196 मऊ-बड़ोहरा सुपरफास्ट साप्ताहिक समर स्पेशल 21 अप्रैल से 30 जून प्रत्येक रविवार को मऊ से रात्रि 11:15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन लखनऊ तड़के 5:35 बजे और तीसरे दिन बड़ोदरा मध्यरात्रि 12:45 बजे पहुंचेगी।

### गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक समर स्पेशल

ट्रेन नंबर 05053 गोरखपुर–बान्द्रा टर्मिनस समर स्पेशल 19 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से सुबह 9:30 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बादशाह नगर दोपहर 2:02 बजे, ऐशबाग 2:40 बजे, कानपुर सेंट्रल, टूंडला, आगरा फोर्ट, गंगापुर सिटी, दूसरे दिन कोटा, भवानी मंडी, शामगढ़, रतलाम, वडोदरा, सूरत, वलसाड, वापी, पालघर तथा बोरीवली बान्द्रा टर्मिनस शाम 6 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 05054 बान्द्रा टर्मिनस–गोरखपुर समर स्पेशल 20 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को बान्द्रा टर्मिनस से रात्रि 9:15 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन ऐशबाग मध्यरात्रि 12:55 बजे, बादशाहनगर 1:20 बजे, सुबह 6:25 बजे पहुंचेगी।

### मुम्बई सेंट्रल-कटिहार साप्ताहिक समर स्पेशल

ट्रेन नंबर 09189 मुम्बई सेन्ट्रल–कटिहार साप्ताहिक समर स्पेशल 20 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक शनिवार को मुम्बई सेंट्रल से सुबह 10:30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन लखनऊ दोपहर 1:55 बजे पहुंचेगी। यहां से रवाना होकर गोंडा, मनकापुर, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा तीसरे दिन हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, नवगछिया व कटिहार सुबह 7:30 पहुंचेगी। वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 09190 कटिहार–मुम्बई सेंट्रल साप्ताहिक समर स्पेशल 23 अप्रैल से 2 जुलाई प्रत्येक मंगलवार को कटिहार से मध्यरात्रि 12:15 बजे प्रस्थान कर लखनऊ शाम 4:35 बजे, दूसरे दिन मुम्बई सेन्ट्रल शाम 6:40 बजे पहुंचेगी।

# पूर्वी विधानसभा में कराने होंगे दो मतदान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में 20 मई को कार्मिकों को दो मतदान कराने होंगे। एक वोट पूर्वी विधानसभा से विधायक चुनने के लिए और दूसरा लखनऊ संसदीय सीट से सांसद चुनने के लिए डाला जाएगा। सभी मास्टर ट्रेनर्स कार्मिकों को स्मार्ट बोर्ड पर पीपीटी के माध्यम से मतदान कराने का प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण के लिए केकेसी इंटर कॉलेज के कमरों में स्मार्ट बोर्ड लगवाए जा रहे हैं।

कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण में मतदान कार्मिकों को सबसे पहले पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल और ईवीएम जमा करने वाले स्थल के लेआउट के बारे में जानकारी देंगे। जिसके लिए दोनों स्थलों का लेआउट बना लिया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कर्मियों की सुविधा के लिए विधानसभावार सेक्टर मजिस्ट्रेट वार व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाए जाएंगे। ताकि जानकारी/समस्या का तत्काल निस्तारण हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया गया की तृतीय रेंडमाइजेशन के बाद मतदान कार्मिकों को एसएमएस के माध्यम से पोलिंग सेंटर, बूथ, पोलिंग पार्टी में उपस्थित मतदान कार्मिकों का विवरण और सेक्टर मजिस्ट्रेट का विवरण उपलब्ध करा दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मास्टर ट्रेनर्स को पीठासीन अधिकारियों और मतदान कार्मिकों को ट्रेनिंग देनी है।

उन्होंने कहा कि मॉक पोल के बाद वीवीपैट में कोई पर्ची नहीं रहनी चाहिए। सामान्य प्रशिक्षण के बाद उपस्थित सभी मास्टर ट्रेनर्स को ईवीएम और वीवीपैट की हैंड्स आन ट्रेनिंग भी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 29 अप्रैल को मतदान कार्मिकों का पहला प्रशिक्षण 2 पाली में केके सी कॉलेज में होगी। ट्रेनिंग की व्यवस्था कॉलेज के 40 कमरों में की गई है। सीडीओ अजय जैन, एडीएम प्रशासन डॉ. शुभी सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर आदि मौजूद रहे।

▸▸ मास्टर ट्रेनर्स कार्मिकों को स्मार्ट बोर्ड पर पीपीटी के माध्यम से मतदान कराने का देंगे प्रशिक्षण

## एक नजर

### 25 हजार का इनामी पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई पुलिस ने सोमवार को 25 हजार के इनामी अमेठी के मोहनगंज निवासी अनवर को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि आरोपी के पास से अवैध तमंचा और एक कारतूस बरामद की। आरोपी पर चोरी के आठ से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

### लूट का आरोपी धरा गया

**अमृत विचार, लखनऊ :** जानकीपुरम पुलिस ने सोमवार को लूट के आरोपित सौरभ चौधरी के गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास से लूट का पर्स और नकदी बरामद की।

### करंट से महिला की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजनौर इलाके में सोमवार को करंट लगने से सुमिता वर्मा की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक सुमिता नहाने के लिए बाथरूम में गई थी। बाथरूम में लगे बल्ब से बिजली का करंट दरवाजे में उतर आया, जिसकी चपेट में आने से सुमिता गंभीर रूप से झुलस गई। आनन फानन उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पति राम भरोसे मजदूरी करता था।

### बीमारी से तंग आकर किशोरी ने की खुदकुशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** माल थाना अंतर्गत काकराबाद गांव में सोमवार को बीमारी से तंग कर अनामिका गौतम (17) ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी के मुताबिक शव को कब्जे में ले लिया गया है। शव के पास से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है। पिता भागीरथ ने बताया कि अनामिका कई दिनों से बीमार थी। इस कारण वह काफी परेशान रहती थीं। पत्नी शांति के साथ खेत पर गेहूं काटने गए थे। तभी उनकी दूसरी बेटी दृश्या ने बहन को खुदकुशी करने की बात की थी।

# सेवानिवृत्त महिला स्वास्थ्यकर्मी की संदिग्ध हालात में मौत

## दामाद और पोते ने एक-दूसरे पर लगाया हत्या का आरोप, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


मीना सिंह

**अमृत विचार :** पारा थाना अंतर्गत हंसखेड़ा कॉलोनी में सेवानिवृत्त महिला स्वास्थ्यकर्मी मीना सिंह (70) की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसके बाद महिला के पोते व दामाद ने एक-दूसरे पर हत्या का आरोप लगाया है। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, हंसखेड़ा कॉलोनी निवासी मीना सिंह स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त थी। वह दामाद विनय सिंह के साथ रहती थी। दामाद ने बताया कि रविवार को सास मीना की तबीयत अचानक बिगड़ गई। आनन-फानन उन्हें नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संदेह होने पर अस्पताल वालों ने शव देने से इंकार दिया। इस पर दामाद विनय ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी थी। दादी की मौत की सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचे पोते जय सिंह ने विनय पर दादी की हत्या का आरोप लगा दिया।

### खून से लथपथ मिला शव

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वृद्धा का शव खून से लथपथ हालत में मिला था। ऐसे में यह सवाल खड़ा होता है कि अगर महिला पर किसी ने हमला किया तो उसके दामाद ने पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी। सवाल यह भी खड़े होते हैं कि अस्पताल में भर्ती करते समय दामाद ने पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी। बताया जा रहा है कि जिस वक्त घटना हुई मृतक के दामाद के बच्चे घर में मौजूद थे। पुलिस बच्चों से भी घटना के बारे में पूछ सकती है। दामाद ने मृतक के पोते पर हत्या की साजिश के आरोप लगाए हैं पुलिस इस एंगल पर भी जांच करेगी। फिलहाल दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### गले पर मिले निशान

पूछताछ के दौरान जयसिंह ने बताया कि विनय उनकी दादी को मृत अवस्था में अस्पताल लेकर पहुंचा था। दादी को मृत घोषित करने के बाद डॉक्टरों ने शव को पोस्टमार्टम कराए जाने की बात कही तब तीन घंटे बाद विनय ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। जयसिंह का कहना है कि उसकी दादी के गले पर कट के निशान थे। आरोप है कि संपत्ति के लालच में दामाद ने दादी मीना सिंह की हत्या कर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजनों आरोप के आधार पर पुलिस कई पहलुओं पर जांच कर रही है। दोनों पक्षों को बुलाकर लगाकर क्रॉस एग्जामिन किया जा रहा है। फिलहाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### 15 दिन पूर्व पोते के घर गई थी

जयसिंह ने बताया कि 15 दिन पूर्व दादी उससे मिलने आई थी। उनका कहना है कि दादी मीना सिंह अपनी संपत्ति देना चाहती थी। जिसको लेकर विनय आए-दिन उनसे झगड़ता था। हस्तक्षेप पर विनय ने जय को जान से मारने की धमकी भी दी थी। आरोप है कि घटना वाले दिन मीना की बेटी शालू सिंह किसी काम से बाराबंकी गई थी। वह घर पर नाती और नातिनी के साथ अकेली थी। इसी बीच विनय ने उनकी हत्या कर दी। इसके बाद मृत अवस्था में उसे अस्पताल लेकर पहुंचा। वहीं विनय का कहना है कि सास मीना में गिर पड़ी थी। उनके सिर पर चोट लग गई थी। ज्यादा खून बह जाने से उनकी मौत हो गई।

# हाईवे पर चलती कार में लगी आग, चार ने कूद कर बचाई जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ से कानपुर की तरफ जा रही एक कार में कृष्णानगर इलाके में अचानक आग लग गई। लपटें व धुआं निकलता देख कार में बैठे चार लोगों ने कूदकर जान बचाई। इसके बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। दमकल कर्मियों ने एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया। एफएसओ सरोजनीनगर सुमित सिंह ने बताया कि कार मालिक अभय कुमार अपने साथियों के साथ एक कार से कानपुर जा रहे थे। तभी अवध कालीजिएट के सामने अचानक कार में आग लग गई जिससे कार सवार कूद कर बाहर निकले।

# सचिव ने मकान के नाम पर महिला से ठगे 35 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **डीसीपी दक्षिणी के आदेश पर कृष्णानगर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**अमृत विचार :** नवीन सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड के सचिव व उसके परिवार ने महिला के मकान बेचने के नाम पर 35 लाख रुपये हड़प लिए। रुपये मांगने पर आरोपी सचिव ने बंदूक दिखा कर पीड़िता को गोली मारने की धमकी दी। डीसीपी दक्षिणी के आदेश पर कृष्णा नगर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

कृष्णानगर के सुभाष नगर की उर्मिला सिंह चौहान ने बताया कि नवीन सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड के सचिव लाखन सिंह ने उन्हें एक मकान दिलाने की बात कही थी। मकान का सौदा 35 लाख रुपये में तय हुआ था, जिसका पीड़िता ने भुगतान कर दिया था। आवंटन पत्र मिलने के बाद उर्मिला परिवार के साथ उस मकान में रहने लगीं। मगर आरोपी ने मकान का बैनामा उनके नाम पर नहीं किया। आरोप है कि दबाव बनाने पर लाखन ने उन्हें मकान से निकालने की धमकी दी। इस बीच पीड़िता को जानकारी हुई कि उक्त मकान आरती सिंह व पद्मिनी द्विवेदी के नाम पर उपनिबंधक पंचम कार्यालय में वर्ष 2013 में दर्ज है। इस मकान के मालिक सुभाष चंद्र हैं। मकान नगर निगम अभिलेखों में भी सुभाष के नाम से ही दर्ज है। आरती व पद्मिनी अपने नाम कराने के लिए परिवर्तन शुल्क भी जमा कर रही हैं। पीड़िता का आरोप है कि लाखन ने बेटे रवि सिंह व पत्नी माया के साथ मिलकर उनसे ठगी की है। इतना ही नहीं लाखन पर कृष्णानगर सहित कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें वह कई बार जेल भी जा चुके हैं। इंस्पेक्टर कृष्णानगर के मुताबिक लाखन, रवि व माया के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### जमीन बेचने के नाम पर हड़पे 48 लाख, प्राथमिकी दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मदेयगंज में युवक से जालसाज पिता-पुत्रों व दो अन्य लोगों ने जमीन बेचने के नाम पर 48 लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह के मुताबिक, सीतापुर रोड स्थित पुरानी बांस मंडी निवासी मोहम्मद हसीन के मुताबिक तीन साल पहले उनकी दुकान पर खदार निवासी मोहम्मद इस्माइल व उनका बेटा अमार उनसे मिलने आया था। इस्माईल ने पीड़ित से दुबग्गा स्थित अपनी जमीन उन्हें बेचने की बात कही थी। बात बनने पर जमीन का सौदा 60 लाख रुपये में तय हुआ था। इस पर कई मदों में इस्माइल ने अपने, बेटे अमार और अबरार, बेटी बेबी व दामाद के खाते में 48 लाख रूपये ट्रांसफर करा लिए। आरोप है कि जब हसीन ने जमीन की रजिस्ट्री उनके नाम करने की बात कही तो आरोप टाल-मटोल करने लगे। दबाव बनाने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत उन्होंने पुलिस से की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# नहीं सुलझ रही मजदूर की मौत मामले की गुत्थी, कई पहलुओं पर जांच अभी बाकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**फॉलोअप**

▸▸ **डंपर चालक से पूछताछ के साथ ही सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

▸▸ **युवक के नंबर की कॉल डिटेल निकलवाने के साथ ही लोकेशन निकाली जा रही**

**अमृत विचार :** चिनहट कोल्ड स्टोरेज के पीछे मिट्टी में युवक का शव कहां से पहुंचा। पुलिस 24 घंटे बाद भी पता नहीं लगा पाई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है व डंपर चालक से पूछताछ कर रही है।

गौरतलब है कि 14 अप्रैल को चिनहट के कोल्ड स्टोरेज के पीछे खाली पड़े प्लाट में बलरामपुर जनपद के तुलसी गांव निवासी मजदूर प्रेम कुमार उर्फ रामनरेश (30) का शव मिट्टी में दबा मिला था। स्थानीय लोगों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी थी। एसीपी विभूतिखंड अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया कि खनन का कार्य नहीं चल रहा था। सिल्ट की खोदाई चल रही थी। वहीं से मिट्टी की खोदाई करके कोल्ड स्टोरेज के पीछे डंप की जा रही थी। जगह अंदर होने के कारण कार शोरूम खुल नहीं सकता है। एसीपी ने बताया कि शव वहां कैसे पहुंचा इसके लिए टीम को लगाया गया है। टीम ने मिट्टी जहां से लाई गई। वहां से लेकर डंप करने के स्थान तक सभी कैमरे चेक किए गए, लेकिन शव नहीं दिखा। यही नहीं डंपर चालक से पूछताछ की तो उसने बताया कि मिट्टी लाकर कोल्ड स्टोरेज के पीछे डाल दिया। युवक का शव कहां से पहुंचा । इसकी जानकारी नहीं है। ऐसे में परिवार के पास से मिले युवक के नंबर की कॉल डिटेल निकलवाने के साथ ही लोकेशन निकाली जा रही है।


गोमती नगर स्थित आंबेडकर पार्क में चिलचिलाती धूप व गर्मी के बीच फव्वारे का आनंद लेते लोग। अमृत विचार

# पुलिस ने एक हमलावर को पकड़ा

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

**काकोरी गोलीकांड**

▸▸ **तीन हमलावरों की तलाश में दबिश दे रहीं पुलिस टीमें**

**अमृत विचार :** काकोरी में पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम विलास रावत पर ताबड़तोड़ फायरिंग करने वाले एक हमलावर को पुलिस ने उठाया है। उसे थाने में बैठाकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मोनू रावत और रामकेश लोधी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जबकि तीन हमलावर पुलिस से लुका-छिपी कर रहे है। तीनों की तलाश में पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है।

गौरतलब है कि 12 अप्रैल की रात तेजकिशनखेड़ा गांव में तिलक समारोह से लौट रहे पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम विलास रावत व उनके तीन साथियों पर बाइक सवार छह लोगों ने फायरिंग कर दी थी। गोली लगने से अनंतराम की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि अंकित व जयकिशन आंशिक रूप से जख्मी हो जाए है। वहीं मेडिकल रिपोर्ट की मानें तो राम विलास रावत के सीने के नीचे फंसी गोली आपरेशन में निकाली जा चुकी है। अब उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।

### करीबियों के मोबाइल सर्विलांस पर लगाए गए

एडीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव के मुताबिक गोलीकांड में नामजद केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के पीआरओ मोनू रावत व उसके साथी रामलोधी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पूर्व में मोनू का भाई अखिलेश दुष्कर्म के मामले में जेल गया था। इस मामले में मोनू पर भी आरोप लगा था, लेकिन जांच के बाद उसका नाम मुकदमे से हटाया गया था। मोनू को लगता था कि भाई अखिलेश पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने एफआईआर दर्ज कराई थी। जिससे वह पूर्व ब्लॉक प्रमुख राम विलास यादव से रंजिश रखता था। मोनू के साथ हमले में शामिल तीन अन्य की तलाश की जा रही है। इन लोगों ने अपने मोबाइल बंद कर लिये हैं। इनके करीबियों के मोबाइल को सर्विलांस पर लिया गया है।

## सार-संक्षेप

### सोना तस्करों ने नहीं किया आत्म समर्पण

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से सोना लेकर भागे 29 तस्करों ने कस्टम के साथ लुका-छिपी शुरू कर दी है। आत्म समर्पण की बात कहकर तस्करों ने सरेंडर नहीं किया। अब कस्टम अधिकारी फरार तस्करों की तलाश में दबिश दे रहे हैं। दरअसल, सोना तस्करों की तलाश में कस्टम अधिकारी रामपुर जिले में टांडा पहुंचे थे। टीम में मौजूद आलाधिकारियों ने फरार तस्करों के परिजनों से बातचीत की थी, लेकिन तस्करों ने बिचौलिये के माध्यम से आत्म समर्पण करने का दावा किया था। तस्करों की बातों में आकर टीम वापस लौट आई थी। कयास लगाए जा रहे थे ईद के बाद फरार तस्कर आत्म समर्पण कर देंगे। बावजूद इसके तस्करों ने सोमवार को आत्म समर्पण नहीं किया। अब तस्करों की तलाश में कस्टम विभाग की टीमें गठित हुई है। जो उनके संभावित ठिकाने पर दबिश रही है। हालांकि, देर रात तक कस्टम विभाग की गिरफ्त में एक भी तस्कर नहीं आया है।

### हुक्का बार में छापा मारकर पांच लोगों को पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर पुलिस ने रविवार रात विरामखंड में एक हुक्काबार में छापा मारकर रेस्टोरेंट मैनेजर समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आठ हुक्का, तम्बाकू के 22 पैकेट बरामद हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक दीपक पांडे के मुताबिक, विरामखण्ड- 5 स्थित फैमिली बाजार के तीसरे माले पर चल रहे बटर लीफ कैफे लांग एण्ड रेस्ट्रो में रविवार देर रात हुक्का बार संचालित होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने कैफे में दबिश देकर पांच लोगों को दबोच लिया। गिरफ्त मे आए युवक की पहचान ठाकुरगंज निवासी मैनेजर सौरभ सिंह, कैसरबाग मकबूलगंज के मैनेजर मोहित गुप्ता, सदर लकड़ी मोहाल के उदय सिंह, औरास शिवपुरी के विनोद गुप्ता व बाराबंकी मोहम्मदपुरखाला के हरिश्चन्द्र वर्मा के रूप में हुई। उदय, विनोद व हरिश्चन्द्र तीनों कर्मचारी हैं।

### फ्लैट खाली कराने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**अमृत विचार लखनऊ :** गोमतीनगर के भरवारा साई अपार्टमेंट निवासी आकाश सिंह सौरभ सिंह के फ्लैट में किराए पर रहते है। रविवार को सौरभ ने उन्हें हुसड़िया चौराहे पर स्थित देवा पैलेस अपने कार्यालय बुलाया था। आकाश जब अपने साथी विजय सिंह के साथ वहां पहुंचे तो सौरभ, मो. आबिद व एक अन्य ने उनकी पिटाई कर दी। उधर, आफरीन फातिमा ने बताया कि वह सिक्योरिटी कंपनी में तैनात हैं और सौरभ सिंह के कार्यालय में ड्यूटी करती हैं। आफरीन का आरोप है कि घटना वाले दिन आकाश को फ्लैट खाली करने के लिए नोटिस देनी थी। इसलिए उन्हें आफिस बुलाया गया था, जहां आकाश और विजय ने उनके साथ गाली-गलौज किया और पिटाई कर दी। इंस्पेक्टर गोमतीनगर दीपक कुमार पांडेय के मुताबिक दोनों पक्षों की ओर चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### पांच आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगराम पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ 110(जी) सीआरपीसी की कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार चौधरी के मुताबिक, चेकिंग व आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर सचिन कुमार, प्रदीप कुमार, पंकज सिंह यादव, हंसराज उर्फ राज गुज्जर और लालता प्रसाद पर सीआरपीसी की कार्रवाई की गई है।

### फसल नष्ट करने के आरोप में मारपीट

**अमृत विचार लखनऊ :** बिजनौर के परवर पश्चिम निवासी प्रधान बृजेश कुमार ने क्षेत्र के ही करीब एक दर्जन लोगों के खिलाफ सरकारी जमीन पर खड़ी गेहूं की फसल तहस-नहस करने के अलावा विरोध करने पर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### शराब पीने से रोकने पर युवक ने की खुदकुशी

**अमृत विचार, बीकेटी :** प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक, शक्ति नगर मोहल्ला निवासी अनिल कुमार शराब पीने का आदी था। सोमवार को दोपहर करीब 3 बजे अनिल शराब के नशे में धुत होकर घर आया तो पत्नी ने शराब पीने से मना किया। जिसको लेकर दोनों में कुछ कहासुनी हुई जिसके बाद वह घर के अंदर कमरे में चला गया और दरवाजा बंद कर पंखे से फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली।

### महिला ने पति पर लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरोजनीनगर थाने में एक महिला ने पति और ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। अमौसी निवासी रीना सिंह की शादी वर्ष 2012 में रोचक सिंह के साथ हुई थी। आरोप है कि पति आए-दिन शराब पीकर उससे मारपीट करता है। ससुराल वाले पति का पक्ष लेकर उसे प्रताड़ित करते हैं। तंग आकर महिला मायके आ गई।

### बिजनौर पुलिस ने दो शातिरों को पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजनौर पुलिस ने दो शातिरों को लोहे के तार और पाइप के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा ने बताया कि शातिरों की पहचान परवर पश्चिम गांव निवासी सुजीत राजपूत उर्फ पट्टे और जितेंद्र रावत के रूप में हुई है। इसके बाद पुलिस ने दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# शिपिंग एजेंसी में नौकरी के नाम पर 2.40 लाख की ठगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा के बरावन कला निवासी राजेश कुमार सिंह ने गुजरात के जामनगर निवासी संदीप कुमार के खिलाफ 2.40 लाख रुपये की धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कराई है। राजेश ने बताया कि संदीप ने सीसर्फ शिपिंग एजेंसी में नौकरी के लिए सोशल मीडिया पर विज्ञापन डाला था। संपर्क करने पर उसने दो पदों पर भर्ती के लिए 2.40 लाख रुपये की मांगी की थी, जिसका भुगतान कर दिया था। यही नहीं जालसाज को रुपये दोस्त ओमकार और अखिलेश सिंह की नौकरी के लिए दिए थे। मगर संदीप ने न तो नौकरी दिलाई और न रुपये वापस किए।

# जाली दस्तावेज बनाकर चोरी के वाहन बेचने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



▸▸ **एक साल पहले जेल से छूटा था निकलते ही फिर करने लगा चोरी**

▸▸ **विभूतिखंड पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की कर रही तलाश**

**अमृत विचार :** कार चोरी कर उनके जाली दस्तावेज बनाकर बेचने वाले गिरोह के सदस्य मुन्ना कबाड़ी उर्फ मुन्ना खान को विभूतिखंड पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। शातिर पर डीसीपी पूर्वी की तरफ से 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह के मुताबिक मूलरूप से सीतापुर जनपद के लहरपुर निवासी कबाड़ी मुन्ना शातिर वाहन चोर है। वह गाड़ियों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उन्हें बेच देता था। जो वाहन नहीं बिकते थे। उनको कटवाकर उनके पार्ट बेचते थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शातिर के खिलाफ विभूतिखंड, चिनहट समेत अन्य थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2023 में वह जेल भेजा गया था। छूटने के बाद से फिर चोरी करने लगा। उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। वहीं गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

# लखनऊ आई हरियाणा पुलिस ने दो को पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर ठगी के आरोप में लखनऊ आई हरियाणा पुलिस ने ठाकुरगंज थानाक्षेत्र से दो जालसाजों को उठाया है। इसके बाद टीम दोनों युवकों को अपने साथ हरियाणा लेकर चली गई। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक, सोमवार देर शाम हरियाणा पुलिस की एक विशेष टीम लखनऊ आई थी। टीम में करीब छह लोग शामिल थे। जिसके बाद टीम ने खन्नी चौराहे के पास से रिंग रोड निवासी साहिल के साथ एक अन्य युवक को साइबर अपराध में उठा लिया। हालांकि, युवकों के पकड़े जाने के बाद स्थानीय लोग अपहरण किए जाने की हवा उड़ाने लगे। थाने में लिखा-पढ़ी के बाद टीम युवकों के अपने साथ हरियाणा लेकर रवाना हो गई। वहीं युवकों के परिजन उन्हें छुड़ाने के लिए थाने के चक्कर लगाते रहे। फिलहाल, परिजनों को हरियाणा टीम की कार्रवाई से अवगत करा दिया गया है।

# इलाज के दौरान प्रेमी की मौत

संवाददाता, मलिहाबाद

▸▸ **जमोलिया गांव में शादीशुदा प्रेमी-प्रेमिका ने जहर खाकर उठाया था आत्मघाती कदम**

▸▸ **गमगीन माहौल में गांव में किया गया अंतिम संस्कार**

**अमृत विचार :** रहीमाबाद थाना अंतर्गत जमोलिया गांव में शादीशुदा प्रेमी-प्रेमिका ने जहर खाकर आत्मघाती कदम उठा लिया। जिसमें प्रेमिका रीना मौर्या (32) की मौत हो चुकी थी। जबकि प्रेमी आनंद गुप्ता (34) की हालत नाजुक बनी थी। रविवार देर रात इलाज के दौरान प्रेमी की भी मौत हो गई। हालांकि, सोमवार को गमगीन माहौल में परिजनों ने दोनों का अंतिम संस्कार किया है।

गौरतलब है कि 14 अप्रैल को जमोलिया गांव में आनंद गुप्ता और रीना मौर्या ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया था। इसमे रीना मौर्या की कुछ देर बाद मौत हो गई थी, लेकिन आनंद को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार देर रात इलाज के दौरान आनंद ने दम तोड़ दिया था। दोनों ही शादीशुदा थे। सूत्रों की मानें तो गांव में दोनों के प्रेम-प्रसंग के चर्चे आए दिन होते थे। करीब तीन वर्ष पूर्व आनंद की पत्नी विनीता अपने बच्चों के साथ सीतापुर मायके चली गई थी। सोमवार को दोनों के परिजनों ने गांव में उनका अंतिम संस्कार कर दिया।

**बुरा हाल** एफआईआर दर्ज करने के लिए साइबर सेल यूनिट और थाने के चक्कर काट रहे पीड़ित

# सिर्फ नाम की साइबर हेल्प डेस्क, चक्कर लगा रहे फरियादी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** साइबर ठगी के बाद पैसे की रिकवरी और जल्द एफआईआर दर्ज किए जाने को लेकर 54 थानों में साइबर हेल्प डेस्क बनाई गई है। बावजूद हेल्प डेस्क पर तैनात पुलिसकर्मी फरियादियों को थाने से लेकर साइबर सेल तक चक्कर लगाना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि घटना के 24 घंटे के अंदर शिकायत पर कार्रवाई न शुरू करने का खामियाजा पीड़ित भुगत रहे हैं।

**शिकायतकर्ता को मिलता है एप्लीकेशन कोड**-साइबर एक्सपर्ट शिशिर यादव के मुताबिक, साइबर क्राइम सेल यूनिट में रोजाना की संख्या में करीब 25 मामले टेलीग्राम, ऑनलाइन मार्केटिंग, बेस्ट ऑफर से जैसी ठगी के विभिन्न थानाक्षेत्रों से आते हैं। इनमें टेलीग्राम ऐप से ठगी के मामले सर्वाधिक हैं। शिकायतकर्ता साइबर सेल यूनिट में शिकायत करता है। तब उसे चार संख्या का एक कोट मिलता है। जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना की जाती है। सीधेतौर पर यह कह सकते है, चार अंक का कोट मिलने के बाद पीड़ित अपने सम्बन्धित थाने में एफआईआर दर्ज करा सकता है।

**थानों में लम्बित पड़े है साइबर ठगी के मामले**-साइबर प्रभारी निरीक्षक सतीश साहू ने बताया कि साइबर अपराधियों को ट्रेस करने, उनके खातों को खंगालने या फिर उन्हें पकड़ने के लिए एक लम्बी प्रक्रिया है। एफआईआर दर्ज होने पर पुलिस इन शिकायतों पर काम करती है। कर्मचारी के पास ठगी से जुड़ी अन्य शिकायतें लम्बित हो जाती है। जिससे पीड़ित का पैसा वापस मिलने की संभावनाए कम हो जाती है। थानों में बनाई गई साइबर हेल्प डेस्क पर तैनात पुलिसकर्मियों को बकायदा प्रशिक्षित किया गया है।

### 1 शिकायत के बाद भी नहीं दर्ज हुई प्राथमिकी

चिनहट थाना अंतर्गत देवा रोड निवासी शिक्षिका सदफ सिद्दीकी ने बताया कि गत 14 मार्च को जालसाजों ने एआई के जरिए उनसे 40 हजार रुपये की ठगी की थी। शिकायत देने के बाद भी शिक्षिका साइबर सेल यूनिट और चिनहट थाने में चक्कर लगा रही है।

### 2 23 दिन बाद दर्ज की ठगी की एफआईआर

गुडम्बा के प्रगति विहार कल्याणपुर निवासी बर्नवाल ने बताया कि गत 22 मार्च को साइबर अपराधियों ने उनके खाते से 19013 रुपये काट लिए थे। गुड़म्बा थाने की साइबर हेल्प डेस्क ने 13 अप्रैल को घटना के 23 दिन बाद एफआईआर दर्ज की है।

### 3 तीन माह बाद दर्ज की प्राथमिकी

मोहनलालगंज के कल्ली पूरब निवासी सिचांई विभागकर्मी सुरभि ने बताया कि गत 10 नवम्बर 2023 को जालसाजों ने उनके खाते से एक लाख की रकम निकला ली थी, लेकिन पुलिस ने तीन माह बाद 3 फरवरी को एफआईआर दर्ज की थी। अब तक रुपयों की रिकवरी नहीं हुई है।

ठगी के बाद पीड़ित फौरन 1930 को कॉल कर मदद मांगता है। तब अगले दो घंटे में पीड़िता को पैसे वापस मिलने की सम्भावना मजबूत हो जाती है। समय से जानकारी मिलने पर साइबर पुलिस अपनी कार्रवाई जल्द से जल्द शुरू कर देती है और जालसाजों को ट्रेस करने का समय मिल जाता है।

सतीश साहू, साइबर प्रभारी निरीक्षक

## एक नजर

### मुकेश और हर्ष उत्तर प्रदेश टीम में

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश अंडर-20 फुटबॉल टीम में लखनऊ मंडल के दो खिलाड़ी जगह बनाने में कामयाब रहे। लखनऊ के एक्स स्टूडेंट क्लब के मुकेश यादव और युवा क्लब के हर्ष सिंह को टीम में जगह दी गई है। लखनऊ फुटबॉल एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव कन्हैया लाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के नारायणपुर स्थित रामकृष्ण मिशन में फुटबॉल चैंपियनशिप खेली जा रही है। इस चैंपियनशिप में उतरने वाली उत्तर प्रदेश अंडर-20 फुटबॉल टीम से लखनऊ मंडल के मुकेश और हर्ष खेलते नजर आएंगे।

### उद्योत के हरफनमौला खेल से जीती ध्रुव अकादमी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मैन ऑफ द मैच उद्योत तिवारी (40 रन, 3 विकेट) के हरफनमौला खे की बदौलत ध्रुव क्रिकेट अकादमी ने सोमवार को खेले गए मुकाबले में जीत दर्ज की। डीजीआई मैदान पर खेले गए मुकाबले में ध्रुव अकादमी ने आरबीएन ग्लोबल क्रिकेट क्लब को 34 रनों के अंतर से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ध्रुव अकादमी ने 36 ओवर में 9 विकेट खोकर 244 रन बनाए। कौस्तुभ ने 55 गेंदों में 9 चौके और एक छक्के की सहायता 59 रन बनाए। उद्योत तिवारी ने 40 रन बनाए। मो.दानिश और अनमोल आनंद ने आतिशी पारी खेली। दानिश ने 13 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्के की सहायता से 41 रन बनाए। 18 गेंदों का सामना करने वाले अनमोल आनंद ने 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से 32 रनों की पारी खेली। जवाब में आरबीएन ग्लोबल क्रिकेट क्लब की टीम 215 रनों के योग पर सिमट गई। संस्तुत सिंह ने नाबाद 46 रनों की पारी खेली। नैतिक चौरसिया ने 44 रन बनाए। विजयी टीम की ओर से उद्योत तिवारी ने 3, निखिल और निरंजन सिंह ने 2-2 विकेट चटकाए।

# धोनी का हेलीकॉप्टर शॉट देखने को लखनऊ बेताब

## 19 को चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच होगा मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** धोनी का हेलीकॉप्टर शॉट देखने को लखनऊ के क्रिकेट प्रेमी बेताब है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम पर चेन्नई सुपर किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के मध्य हाईवोल्टेज मुकाबला 19 अप्रैल को खेला जाएगा। इस मुकाबले में जीत के लिए सुपर जायंट्स को खासी मशक्कत करनी होगी।

बीते साल इकाना स्टेडिय में लखनऊ और चेन्नई का मुकाबला बारिश में धुल गया था। धोनी की बल्लेबाजी देखने पहुंचे दर्शकों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। ऐसे में इस बार क्रिकेट प्रेमियों में धोनी को बल्लेबाजी करते देखने का उत्साह दोगुना है। उन्होंने मुंबई के खिलाफ आखिरी मुकाबले में चार गेंदों पर 20 रन जड़कर यह एहसास कराया कि आज भी क्रिकेट जगत में उनसा कोई खिलाड़ी नहीं है। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ वह अकेले ही मैच जिताने का दम रखते हैं।

एक समय अच्छा खेल रही लखनऊ सुपरजायंट्स को आखिरी दो मुकाबलों में दिल्ली और कोलकाता के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। ऐसे में वह चेन्नई के खिलाफ मेजबान टीम जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। दूसरी ओर मुंबई को पिछले मुकाबले में करारी मात देने वाली चेन्नई सुपरकिंग्स लखनऊ में भी जीत दर्ज करना चाहेगी। लखनऊ में वह पहले मुकाबले में जीत दर्ज कर इतिहास रचना चाहेगी। चेन्नई की सबसे बड़ी ताकत विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी है। क्रिकेट से जुड़े लोगों के अनुसार इस मुकाबले का गवाह बनने के लिए चेन्नई से करीब आठ हजार धोनी के प्रशंसक लखनऊ पहुंच रहे हैं।

### टिकट मिलना हुआ मुश्किल

धोनी वाले मुकाबले की टिकटों की दरों में भारी इजाफा कर दिया है। इसके बावजूद टिकटों की बिक्री तेजी से हो रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्टैंड के सभी टिकट बिक चुके हैं। ऑनलाइन टिकट खरीदने वालों को साइट पर 'सोल्डआउट' दिख रहा है। सोमवार से ऑफलाइन टिकटों की बिक्री भी शुरू हो जाएगी।

### इकाना में होगा धोनी का सम्मान

महेंद्र सिंह धोनी का आखिरी आईपीएल माना जा रहा है। इसके बाद वह लखनऊ कब आएंगे, इसकी जानकारी नहीं है। ऐसे में इकाना स्टेडियम प्रबंधन और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन यहां पर उनके सम्मान में एक कार्यक्रम करने की तैयारी में है। लखनऊ के खेलप्रेमी भी अपने इस हीरो को लखनऊ में आखिरी मैच देखने के लिए खासे उत्साहित हैं।



# तलाकशुदा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की जरूरत : शाइस्ता अम्बर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ तलाकशुदा महिलाओं को 500 रुपये पेंशन देने का विरोध

**अमृत विचार :** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अध्यक्ष इन्द्रेश द्वारा तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को आर्थिक सहायता के नाम पर 500 रुपये प्रतिमाह की पेंशन की घोषणा का ऑल इंडिया मुस्लिम महिला पर्सनल लॉ ने कड़ा विरोध किया है।

बोर्ड की अध्यक्ष शाइस्ता अम्बर ने कहा है कि चुनावी सीजन की भीखनुमा घोषणाओं की जरूरत नहीं है। सभी धर्म की तलाकशुदा और विधवा महिलाओं तथा अनाथ बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सकारात्मक कार्य शैली की जरूरत है। शाइस्ता अम्बर ने कहा कि महिलाएं किसी भी धर्म की हों लेकिन जरूरतें सभी की एक समान होती हैं। उन्होंने कहा कि 22 राज्यों में चलाए गए शुक्रिया मोदी जी अभियान में मुस्लिम लाभार्थियों को डाटा बैंक से ढूंढ लें तो पता चलेगा कि कुछ ही महिलाओं तक लाभ पहुंचा। इसके लिए अल्पसंख्यक मोर्चा की पांच-पांच महिलाओं की टीम भी बनाई गई थी लेकिन हकीकत सभी के सामने है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा के लिए प्रतिमाह स्कूल फीस की घोषणा की है। काम उसी तरह से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने सरकार से वक्फ की जमीनों पर आश्रय होम, लघु उद्योग, स्कूल, मदरसे और कालेज स्थापित करने की मांग की थी।

# विश्व कला दिवस पर याद किए गए लियोनार्डो दा विंसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कलाकारों ने विंसी के व्यक्तित्व पर की चर्चा

**अमृत विचार :** विश्व कला दिवस पर सोमवार को वास्तुकला एवं योजना संकाय के आर्ट्स एंड ग्राफिक विभाग में कलाकारों ने चित्र बना कर लियोनार्डो दा विंसी को याद किया। साथ ही कलाकारों गिरीश पांडेय, भूपेंद्र अस्थाना, धीरज यादव, प्रतीक नारायण और रत्नप्रिया कांत ने उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर चर्चा की।

भूपेंद्र अस्थाना ने कहा कि अगर यदि हम लियोनार्डो दा विंची के जीवन और कार्य की बात करें तो इटैलियन पुनर्जागरण और पश्चिमी कला व विज्ञान के आधार को देखना होगा। अमूमन आज लोग लियोनार्डो को सिर्फ मोनालिसा और द लास्ट सपर जैसी पेंटिंग्स के लिए सबसे ज्यादा जानते हैं, जबकि उस समय के इटली शहर-राज्यों के युद्ध-ग्रस्त माहौल में यह एक सैन्य इंजीनियर के रूप में भी उनका काम था। जिसने शासकों और संरक्षकों को उनकी सेवाओं के लिए प्रेरित किया। कागज पर लियोनार्डो ने बख्तरबंद टैंक, पनडुब्बियों, हेलीकॉप्टरों और अन्य उन्नत हथियारों का अनुमान लगाया था।

# रोमांचक जीत के साथ आरव शुक्ला दूसरे दौर में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हेजलनट ऑल इंडिया सीएस-7 अंडर-14 बालक व बालिका टेनिस टूर्नामेंट में बालक वर्ग के पहले दौर में उत्तर प्रदेश के आरव शुक्ला ने पहले दौर में शानदार जीत के साथ दूसरे दौर में जगह बना ली।

अवध स्कूल गोमतीनगर स्थित कमलेश शुक्ला टेनिस अकादमी में आयोजित चैंपियनशिप में आरव शुक्ला ने रोमांचक मुकाबले उत्तर प्रदेश के तेजस सिंह को 6-3, 6-4 से हराया। दूसरी ओर यूपी के आरव पटेल व किंजलक श्रीवास्तव ने अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज की। आरव पटेल ने यूपी के ही मनीष पटेल को 6-4, 4-6, 7-5 से व किंजलक श्रीवास्तव ने ध्रुव सिंह को 4-6, 6-4, 6-4 से मात दी।



रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल करने वाले आरव। अमृत विचार

### पहले राउंड के परिणाम

- ▸▸ उत्तर प्रदेश के आरव शुक्ला ने अपने ही प्रदेश के तेजस सिंह को 6-3, 6-4 से हराया
- ▸▸ उत्तर प्रदेश के अर्जुन शर्मा ने अपने प्रदेश के स्वास्तिक सिंह को 6-2, 6-0 से हराया
- ▸▸ उत्तर प्रदेश के आरव पटेल ने अपने ही प्रदेश के मनीष पटेल को 6-4, 4-6, 7-5 से हराया
- ▸▸ उत्तर प्रदेश के सात्विक गुप्ता ने कर्नाटक के शिवांश ओझा को 6-2, 6-1 से हराया
- ▸▸ उत्तर प्रदेश के रोहिन राज ने उत्तर प्रदेश के शौर्य अग्रवाल को 6-2, 6-2 से हराया
- ▸▸ उत्तर प्रदेश के शांतनु चौहान ने उत्तर प्रदेश के शुभ श्रीवास्तव को 6-3, 3-6, 6-2 से हराया
- ▸▸ बिहार के अविनाश रॉय ने उत्तर प्रदेश के कार्तिकेय श्रीवास्तव को 6-1, 6-4 से हराया
- ▸▸ उत्तर प्रदेश के सिद्धांत चौधरी ने उत्तर प्रदेश के अथर्व श्रीवास्तव को 6-0, 6-0 से हराया
- ▸▸ उत्तर प्रदेश के किंजलक श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश के ध्रुव सिंह को 4-6, 6-4, 6-4 से हराया
- ▸▸ उत्तर प्रदेश के प्रणव शर्मा ने उत्तर प्रदेश के कुशल शर्मा को 6-1, 6-1 से हराया
- ▸▸ उत्तर प्रदेश के कौस्तुभ सिंह ने उत्तर प्रदेश के ऋशांत जायसवाल को 6-2, 6-4 से हराया
- ▸▸ उत्तर प्रदेश के अयान यादव ने राजस्थान के यदुराज भिनाई को 6-0, 6-4 से हराया

# सामाजिक सुरक्षा पर बीबीएयू में संगोष्ठी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में उप्र उत्तराखंड इकोनॉमिक एसोसिएशन एवं आंबेडकर स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज बीबीएयू के संयुक्त तत्वाधान में समानता के साथ विकास को कायम रखना, 21वीं सदी में क्षेत्रीय विकास, व्यापार और सामाजिक सुरक्षा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में देश भर के विश्वविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नाबार्ड श्रेत्रीय कार्यालय के चीफ जनरल मैनेजर एसके डोरा ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण व अन्य क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाये बिना हमें भविष्य की पीढ़ियों की जरूरतों को पूरा करने की क्षमता को विकसित करना होगा। डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस विक्टर बाबू ने पर्यावरण के चिंतकों की राय साझा की।

# पैगम्बर मोहम्मद की बेटी के रौजे के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन कल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब की बेटी हजरत फातिमा जहरा और चार इमामों के रौजों के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर मौलाना यासूब अब्बास के नेतृत्व में 17 अप्रैल को दोपहर 12.30 बजे से शहीद स्मारक में प्रदर्शन किया जायेगा।

जन्नतुल बकी (सऊदी अरब) में 101 साल पहले आले सऊद ने इन रौजों को ध्वस्त करा दिया था, दुनिया के तमाम देशों की मांग के बावजूद सऊदी अरब सरकार ने अब तक न तो खुद इसका पुनर्निर्माण कराया और न ही किसी को इसकी इजाजत दी।



प्रेसवार्ता करते ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के पदाधिकारी। अमृत विचार

नक्खास स्थित अवध पॉइंट पर सोमवार को ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने पत्रकारों को बताया कि इस्लाम धर्म में अपना नजरिया किसी पर थोपने की जबरदस्ती नहीं है, लेकिन सऊदी अरब अपनी विचारधारा सभी मुसलमानों पर लागू करना चाहता है। 17 अप्रैल को होने वाला प्रदर्शन सऊदी अरब की हुकूमत के खिलाफ है। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में उलेमा और शहर की मातमी अंजुमनें शामिल होंगी।

### बाबा साहब के आदर्शों को अपनाएंगे : डीआरएम

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबा साहब के विचार बड़े सार्थक हैं, हम संकल्प लेते है कि उनके आदर्शों को अपनाएंगें और उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग का अनुसरण करेगें। यह बातें डीआरएम आदित्य कुमार ने कही। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम कार्यालय के बहुउददेशीय हाल में सोमवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उन्होंने कहा कि समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति की मदद करें। बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें। सामाजिक समानता की स्थापना ही बाबा साहब के जीवन का मुख्य उद्देश्य था। कार्यक्रम में एससीएसटी एसोसिएशन के पूर्व मंडल अध्यक्ष सम्पतलाल मीना और ओबीसी एसोसिएशन एवं नरमू के पधाधिकारियों ने कार्यक्रम में बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला।

# आरडीएसओ में मनाई गयी डॉ. बीआर आंबेडकर की जयंती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन में सोमवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के 133वें जन्म दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आरडीएसओ के महानिदेशक, अजय कुमार राणा और अन्यअधिकारियों ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। महानिदेशक अजय कुमार राणा ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का व्यक्तित्व बहुमुखी विशेषताओं का अद्भुत संगम था। बाबा साहेब के जीवन से चुनौतीपूर्ण कार्य करने की प्रेरणा भी मिलती है। इस कार्यक्रम में अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

**सिधौली से बिसवां मुख्य सड़क मार्ग रहेगा बाधित :** कमलापुर-सिधौली रेलखंड के मध्य समपार संख्या 51 स्पेशल पर रेलवे ट्रैक की ओवर हॉलिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य कराया जाना अपरिहार्य है। यह कार्य 16 अप्रैल की रात्रि 11 बजे से 17 अप्रैल को शाम 5 बजे तक किया जाएगा। जिसके फलस्वरूप सिधौली से बिसवां को जाने वाला मुख्य सड़क मार्ग बाधित रहेगा। ऐसे में यात्री अन्य रास्तों का प्रयोग कर सकेंगे।

### 17 रेलवे कर्मचारी किए गए सम्मानित

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम कार्यालय केसभागार में सोमवार को डीआरएम आदित्य कुमार ने 17 कर्मचारियों को सम्मानित किया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भंडार विभाग द्वारा निर्धारित स्क्रैप निस्तारण लक्ष्य 60 करोड़ रुपए के सापेक्ष्य 60 .31 करोड़ रुपये का लक्ष्य प्राप्त करने में इन कर्मचारियों ने उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य किया। इंजीनियरिंग विभाग सहित 17 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। डीआरएम ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी के प्रति उनकी कर्तव्य निष्ठा, लगन व परिश्रम के लिए बधाई दी।

## सार-संक्षेप

### राम स्तुति के बाद राजस्थानी घूमर नृत्य ने बांधा समां

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना स्थित महाराजा बिजली पासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग और संस्कृत विभाग की परिषदीय प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुमन गुप्ता ने किया। सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण से शुरू हुए इस आयोजन में शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रभारी डॉ. गुंजन शाही ने वार्षिक क्रीड़ा गतिविधियों को रखा। नित्या, साक्षी और अदिति ने राम स्तुति पर नृत्य प्रस्तुत किया। प्रकृति के एकल राजस्थानी घूमर नृत्य ने समां बांध दिया। नित्या और उसके ग्रुप ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें शारीरिक शिक्षा विभाग की झलक देखने को मिली। स्पोर्ट्स क्लब के पदाधिकारियों अतुल, अंजली, हर्षित और प्रीति को मेडल दिए गए। शारीरिक शिक्षा परिषद की पोस्टर, वाद-विवाद और मॉडल प्रतियोगिता, संस्कृत परिषद के तहत श्लोक गायन, लघु भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।



प्रतियोगिता में सम्मानित होने वाले प्रतिभागी। अमृत विचार

### ध्यान से जीवन कौशल का विकास होता है

**अमृत विचार, लखनऊ :** ध्यान से जीवन कौशल का विकास तो होता ही है साथ ही अध्ययन में कुशलता भी आती है। स्कूल व कालेज शिक्षा में मानवीय मूल्यों पर आधारित कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए आईआईएम रोड स्थित हार्टफुलनेस सेंटर में दो दिवसीय स्कूल कनेक्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर से 70 प्रतिभागियों ने नैतिक मूल्यों पर आधारित कार्यक्रम को रोचक गतिविधियों के माध्यम से जाना और समझा। इस अवसर पर हार्टफुलनेस निबंध प्रतियोगिता के अखिल भारतीय विजेता शिवा वर्मा को सम्मानित भी किया गया। स्कूल कनेक्ट उत्तर प्रदेश की कोऑर्डिनेटर अंजू श्रीवास्तव ने बताया कि सेंटर के विविध कार्यक्रमों के माध्यम से अध्यापकों और छात्रों को वैल्यू बेस एजुकेशन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। लखनऊ जोन की कोऑर्डिनेटर शालिनी मेहरोत्रा ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने जनपदों में इस कार्यक्रम के जरिए एक अलग समाज के निर्माण में सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर हार्टफुलनेस निबंध प्रतियोगिता के विजेता बाल निकुंज इंटर कॉलेज के कक्षा 12 के छात्र शिवा वर्मा को श्रेणी-वन में सम्मानित किया गया।

### नवरात्र के 7वें दिन मां कालरात्रि की हुई पूजा-अराधना

**अमृत विचार, लखनऊ :** नवरात्र के 7वें दिन मां के कालरात्रि स्वरूप का पूजन-अर्चन किया गया। मां कालरात्रि को नवदुर्गा का 7वां अवतार माना जाता है। नवरात्रि समिति के मीडिया प्रभारी अभय उपाध्याय ने बताया कि मां के कालरात्रि में तीन नेत्रधारी और गले में विद्युत माला रहती है। अष्टमी में अष्टधातु से निर्मित 2500 वर्ष पुरानी अर्धनारीश्वर प्रतिमा के विशेष दर्शन होते हैं। स्वामी हंसानंद ने बताया कि अष्टमी को सुबह 10 बजे रुद्राभिषेक के बाद मंदिर के कपाट खुलेंगे। नवमी की भोग आरती के बाद इस प्रतिमा को अगली नवरात्रि तक के लिए संग्रहीत कर लिया जायेगा। बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ में नवरात्र की सप्तमी को मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना की गई। पिंडी पूजन सुनीता वार्ष्णेय ने किया। मंदिर की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि मंगलवार को मंदिर में अष्टमी मनाई जायेगी और मां महागौरी का पूजन किया जायेगा। चौपटिया स्थित संदोहन देवी मंदिर में सोमवार को महिला संगीत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सप्तमी में महिषासुर मां की सवारी के रूप में नजर आया। भक्तों ने मां का भव्य श्रृंगार किया। महिला संगीत के बाद से ही भक्तों के उमड़ने का सिलसिला शुरू हुआ जो रात तक चलता रहा।

### चैती महोत्सव में देवी दुर्गा के साथ दिखे राम के विविध रूप

**अमृत विचार, लखनऊ :** तुलसी शोध संस्थान और रामलीला समिति ऐशबाग के तत्वावधान में रामलीला परिसर में तुलसी रंगमंच पर चल रहे 10 दिवसीय भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती महोत्सव की सातवीं संध्या में देवी दुर्गा के साथ राम के विविध रूप देखने को मिले। चैती महोत्सव की सातवीं संध्या में हुमा साहू के नृत्य निर्देशन में सुभद्रा नृत्य निकेतन के कलाकारों खुशी सिंह, हर्षिता सिंह, प्रामी उपाध्याय, खुशी साहू, उन्नति सिंह, संस्कृति सिंह, रिद्धिमा श्रीवास्तव, अन्वेषा आनन्द, निष्ठा साहू, अनुष्का सिंह, हुमा साहू और वैष्णवी साहू ने भजे विशेष सुन्दरम् समस्त पाप खंडनम पर भावपूर्ण नृत्य कर राम के विविध स्वरूपों को दर्शाकर लोगों को मुग्ध कर दिया। हुमा साहू सहित अन्य नृत्यांगनाओं ने ओम जयंती मंगला काली पर भावपूर्ण अभिनय युक्त नृत्य प्रस्तुत कर देवी दुर्गा के नौ रूपों के दर्शन कराये। जलोटा अकादमी ऑफ़ स्पिरिचुअल म्यूजिक एकेडमी के कलाकारों ने शिवांगी वाजपेयी के निर्देशन में गायन और नृत्य की मनोरम छटा बिखेरी।

# स्वास्थ्य के लिए साइकिलिंग है सर्वोत्तम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ साइकिलिंग के फायदों पर आयोजित हुआ सेमिनार

**अमृत विचार :** साइकिलिंग वैसे तो एक खेल है, लेकिन इसे आप अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं तो सेहत में सुधार होने के साथ खर्च भी घटेगा। यह विचार मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन के चेयरमैन धीरेंद्र सिंह सचान (आईएएस) ने व्यक्त किए। वह सोमवार को गोमती नगर के विनय खंड स्थित माडर्न अकादमी में आयोजित साइकिलिंग के फायदे पर आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में बोल रहे थे।

मॉडर्न अकादमी व पेडलयात्री साइकिलिंग एसोसिएशन (पीसीए) के तत्वावधान में आयोजित इस सेमिनार में उन्होंने कहा कि साइकिलिंग स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम कसरत है। यदि आप साइकिलिंग को खेल के तौर पर अपनाते है तो आपका स्वास्थ्य बेहतर होने के सुधार के साथ इम्यूनिटी मजबूत होती है। सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए मॉडर्न अकादमी के निदेशक सुनील तुली एवं राजीव तुली ने कहा कि साइकिलिंग को अगर प्रोत्साहन देते है तो इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलता है।




सेमिनार में शामिल सदस्य। अमृत विचार

इस सेमिनार में साइकिलिस्ट लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) अनिल पुरी व मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) एवीके मोहन ने विद्यालय के छात्र व छात्राओं द्वारा पूछे गए साइकिलिंग से जुड़े सवालों का जवाब दिया। इस दौरान सर्वोत्तम सवाल पूछने वाले विद्यार्थियों दिव्यांश राय, आएशा फातिमा, अदिति सिंह, कनिष्क श्रीवास्तव व शौर्य सिंह को पुरस्कृत भी किया गया। अनिल पुरी ने बताया कि साइकिल चलाने से हमारे फेफड़े मजबूत होते हैं जो हमें पर्याप्त ऑक्सीजन लेने में सक्षम बनाता है। पीसीए महासचिव डॉ.आनन्द किशोर पाण्डेय ने इस अवसर पर कहा कि स्वस्थ आहार, साइकिलिंग, व्यायाम और नियमित शारीरिक गतिविधि हृदय रोग से बचाव और दिल को स्वस्थ रखने में काफी उपयोगी है।अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या रूपाली पाण्डेय ने सेमिनार में शामिल सभी लोगों को धन्यवाद दिया।

# मानव आदर्श सेवा समिति करेगी 108 कन्याओं का पूजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मानव आदर्श सेवा समिति के तत्वावधान में चैत्र माह के रामनवमी पर्व पर 16 अप्रैल को चारबाग स्थित सेवाग्राम कालोनी में दुर्गा अष्टम मन्त्रों के साथ 108 कन्याओं का पूजन किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन पूर्वाह्न 11.30 बजे से किया जायेगा।

कार्यक्रम के आयोजक पीके घोष ने बताया कि यह आयोजन दुर्गा पूजा मंडप में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में रामकृष्ण मठ के महंत स्वामी मुक्तिनाथानन्द और संस्था के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। पीके घोष ने बताया कि 11 साल से कम उम्र की कन्याओं का श्रृंगार के साथ पूजन किया जायेगा।

# बच्चियां बड़ी होकर आदर्श समाज का निर्माण करती हैं : आनंदीबेन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चैत्र-नवरात्र के अवसर पर 2100 कन्याओं का हुआ पूजन

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मार्गदर्शन में संचालित संस्था प्रेरणा ने सोमवार को चैत्र-नवरात्रि के अवसर पर 2100 कन्याओं का भव्य पूजन एवं वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया।

गोमतीनगर विस्तार स्थित सीएमएस ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि जिस प्रकार हम भारत माता की पूजा करते हैं, ठीक उसी प्रकार हम कन्याओं की भी पूजा करते हैं। इसका कारण यह है कि बच्चियां बड़ी होकर एक आदर्श समाज का निर्माण करती हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी, वनवासी, ग्रामीण या शहरों में रहने वाली हर कन्या देवी है। इनकी शिक्षा और सुरक्षा हमारा प्रमुख दायित्व है। लखनऊ की पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, आरएसएस के क्षेत्र प्रचारक अनिल, राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री समेत अन्य की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम में ब्रह्मकुमारी राधा, पद्मश्री मालिनी अवस्थी, सुधा सिंह, निर्मला पंत, डॉ. दर्शना कपूर और सोनम सिन्हा आदि मौजूद रहीं।




गोमतीनगर विस्तार स्थित सीएमएस स्कूल के सभागार में प्रेरणा संस्था द्वारा चैत्र-नवरात्र पर्व पर आयोजित कन्या भोज कार्यक्रम में मां दुर्गा की आरती करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, साथ में पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, लोक गायिका मालिनी अवस्थी। अमृत विचार

## एक नजर

### असुरक्षा के कारण राम जानकी मंदिर पर रामायण पाठ पर रोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोसाईंगज थाना अंतर्गत सिठौली कला गांव में ट्रस्ट द्वारा संचालित रामजानकी मंदिर में रामनवमी के दिन होने वाले रामचरित मानस अखंड पाठ पर सुरक्षा का संकट आ गया है। रामायण पाठ के आयोजन संपन्न कराने के लिए ट्रस्टी ने उपायुक्त पुलिस दक्षिणी के यहां सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने बिना आदेश किसी भी प्रकार के आयोजन पर रोक लगा दी है। ट्रस्टी ने बताया कि हर साल रामनवमी के अवसर पर ट्रस्ट के मंदिर पर रामचरित मानस का पाठ होता है, लेकिन कुछ लोग मंदिर व जमीन पर कब्जा करना चाहते है। इसको लेकर डीसीपी दक्षिण तेज स्वरूप को लिखित शिकायत देते हुए कहा कि विरोधी पक्ष अपनी दावेदारी दिखाने के लिए रामचरितमानस के पाठ मे अवरोध और खुद से पाठ का आयोजन करने का प्रयास कर सकते हैं। इस सम्बन्ध प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात किया गया है। किसी भी पक्ष को रामचरित मानस पाठ या अन्य आयोजन करने की अनुमति नही दी गई है ।

### शस्त्रों के साथ दो हिस्ट्रीशीटर किए गए गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिले के पुलिस टीम द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली नगर टीम ने दो हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार किये हैं। जिनके पास से अवैध शस्त्र भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। कोतवाली नगर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अंकित रैदास उर्फ छोटू कुमार पुत्र रामखेलावन निवासी पूर्णागिरी नगर थाना कोतवाली नगर व सलमान हासमी पुत्र युनुस उर्फ बाबा निवासी दुर्गापुरवा थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पास से क्रमशः अवैध असलहा व जिंदा कारतूस बरामद हुई है। दोनों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की गई है।

# नाबालिग से अश्लील हरकत के आरोपी को पांच साल की सजा

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **आठ साल की नाबालिग ने शोर मचाकर खुद को बचाया**

**अमृत विचार :** नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने के आरोपी गणेश को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश श्याम मोहन जायसवाल ने पाँच वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी गुडम्बा थाने के पंचायत पुरवा का रहने वाला है।

विशेष अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट 2 फरवरी 2016 को नाबालिग पीड़िता के पिता द्वारा गुडम्बा थाने पर दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में कहा कि उसकी आठ वर्ष की बेटी को अभियुक्त दस रुपए का लालच देकर बहलाफुसला कर एकांत स्थान पर ले गया तथा उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। कहा कि इस दौरान अभियुक्त की मंशा को भाँपकर पीड़िता शोर मचाने लगी, जिससे अभियुक्त वहाँ से भाग गया। इसके बाद पीड़िता ने घर आकर घटना की बात अपने पिता को बताई जिस पर आरोपी के खिलाफ गुडंबा थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया।

### जानलेवा हमला करने के आरोपियों को सात साल की जेल

**विधि संवाददाता, लखनऊ :** रंजिश के चलते गोली मारकर जानलेवा हमला करने के आरोपी बाराबंकी के रहने वाले देव नारायण सिंह उर्फ रामपाल सिंह व रामसनेही को अपर सत्र न्यायाधीश दिनेश पाल यादव ने सात वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने इसी मामले में आरोपी राजाराम एवं शरीफ को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया है। अदालत के समक्ष सरकारी वकील जितेंद्र श्रीवास्तव एवं एमपी तिवारी ने बताया कि इस मामले की रिपोर्ट भवान सिंह रावत की पत्नी संगीता रावत 29 दिसंबर 2003 को गोमती नगर थाने पर दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि घटना के दिन करीब डेढ़ बजे उसका पति हर्षपति घिण्डियाल के मकान पर पत्रकारपुर गया था, जहां पर उनके दरवाजे पर कुछ व्यक्तियों ने उन्हें जान से मारने की नीयत से गोली मार दी है। रिपोर्ट में कहा गया कि उसके पति को कुछ लोग इलाज के लिए अस्पताल ले गए तथा वह भी अस्पताल जा रही है। विवेचना के दौरान आरोपी देवनारायण सिंह, राजाराम, शरीफ, राम सनेही एवं चंद्रप्रकाश का नाम घटना के प्रकाश में आया तथा पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मुकदमे के दौरान आरोपी चंद्र प्रकाश की मृत्यु हो गई थी।

### आग से जलकर राख हुई गेहूं की फसल

**लहरपुर।** क्षेत्र में चल रही तेज हवाओं के चलते सोमवार को ग्राम लुधौरा में गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। किसान शिवप्रसाद की दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसी अज्ञात व्यक्ति ने मधुमक्खियों से बचने के लिए आग जलाई थी, वहीं से उठी चिंगारी तेज हवाओं के सहारे गेहूं के खेत में जा गिरी और कटने के लिए तैयार गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पर भारी संख्या में जमा ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। मौके पर पहुंचे अग्निशमन अधिकारी हंसराज सिंह ने बताया कि दमकल के पहुंचने से पूर्व ही आग पर ग्रामीणों ने काबू पा लिया। पीड़ित किसान शिवप्रसाद ने बताया कि लगभग 10 हजार मूल्य से अधिक का गेहूं जलकर राख हो गया है। पीड़ित किसान ने आग लगने की सूचना राजस्व विभाग को भी दी है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बालिका की मौत



हादसे के बाद गांव में मौजूद पुलिस और ग्रामीण। अमृत विचार

**पहला/सीतापुर, अमृत विचार।** रामपुरकला थाना इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। बिसवां–महमूदाबाद मार्ग पर थाना मानपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेबर पुरवा पोस्ट बिसेंडा निवासी मुसीर की नौ वर्षीय पुत्री जेबा अपने नाना के घर ग्राम जसमंडा प्रधान सिराज अहमद के घर कल आई थी। सोमवार दोपहर करीब दो बजे बिसवां महमूदाबाद मार्ग पर जा समंडा चैराहे के निकट घूम रही थी। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने बालिका को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बालिका सड़क के दूसरी तरफ जा गिरी। हादसे में घटनास्थल पर ही बालिका की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा।

# चिलचिलाती धूप लोगों पर पड़ रही भारी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** तापमान में उतार-चढ़ाव के बीच बीमारियां बढ़ रही हैं। इस दौरान अस्पतालों में सबसे ज्यादा हीट स्ट्रोक लू लगने सहित उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। चिलचिलाती धूप और गर्म हवा के कारण घर से बाहर निकलना लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से लगातार तापमान बढ़ने के कारण अस्पताल की ओपीडी में मरीजों का आंकड़ा भी दोगुना हो गया है। रोजाना साढ़े चार सौ से अधिक मरीज उपचार करवाने पहुंच रहे हैं। इसके अलावा निजी अस्पतालों में भी गर्मी जनितरोगों के उपचार के लिए मरीजों की भीड़ दिख रही है।

> इस मौसम में बच्चों की विशेष देखभाल की आवश्यकता है। बच्चों के खानपान पर ध्यान रखने के साथ ही उन्हें तेज धूप में घर के बाहर न जाने दें। पानी पीते रहें। रेशेदार मौसमी फलों का सेवन करें। उल्टी-दस्त या बुखार की स्थिति में तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लें।
> –डॉ. राजेश कुशवाहा, चिकित्सा अधीक्षक, जिला चिकित्सालय

जिला अस्पताल में मरीजों का दबाव बढ़ रहा है। इसके अलावा अन्य विभाग के स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में मरीज पहुंच रहे हैं। अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 300 से 500 मरीज रोजाना ओपीडी में आ रहे हैं। इनमें कमजोरी, थकान, बुखार, डिहाईड्रेशन, उल्टी-दस्त, टायफाइड, उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या सर्वाधिक है। विशेषज्ञ डॉक्टरों के अनुसार इस मौसम में छोटी-छोटी सावधानी रखें। एसी रूम, एसी कार से सीधे धूप में जाना भारी पड़ सकता है।

इस मौसम में सबसे ज्यादा हीट स्ट्रोक का खतरा रहता है. इसमें शरीर में पानी की कमी होना, आंखों में जलन होना लू के लक्षण हैं। हालांकि अब तक ऐसे मामले नहीं आए हैं, लेकिन जिला अस्पताल में पहुंच रहे ज्यादातर मरीज उल्टी, दस्त, डिहाईड्रेशन के शिकार हैं। इसमें बच्चों और युवाओं की संख्या ज्यादा है।

# दाल की बढ़ती कीमत ने बिगाड़ा रसोई का बजट

कार्यालय संवाददाता,बाराबंकी

**अमृत विचारः** खाने की थाली में सबसे अहम हिस्सा मानी जाने वाली अरहर दाल की बढ़ती कीमत रसोई का बजट बिगाड़ रही है। 10 दिन पहले जो अरहर की दाल 130 से 140 रुपये किलो मिल रही थी वह आज की तारीख में 160 से 170 रुपये किलो मिल रही है। इस प्रकार 10 दिनों में 30 से 40 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जबकि थोक बाजार में अन्य दालों में पांच से दस रुपये की बढ़ोतरी देखी जा रही है। थोक बाजार में अरहर दाल की 30 किलो की बोरी 4710 से 4750 रुपये तक पहुंच गई। जो 10 दिन पहले 4200 रुपये में उपलब्ध थी।

फुटकर किराना दुकानों में अरहर की फूल दाल 160 से 170 रुपये किलो बिक रही है। कुछ दिन पहले 130 से 140 रुपये में मिल रही थी। बाजारों के जानकारों का कहना है कि इस वर्ष अरहर की फसल पर मौसम की मार पड़ी है। इसकी वजह से फसल काफी कमजोर हुई है और मांग की तुलना में आवक नहीं के बराबर है। दाल की बढ़ रही कीमतों की वजह से केंद्र सरकार ने दालों की जमाखोरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का का आदेश दिया है। कई बार जमाखोरी के चलते दालों की कीमतों में उछाल होता है।

### गृहणियां बोलीं, मजबूरी में ढीली करनी पड़ रही जेब



बिट्टू, गृहणी

फतेहपुर कस्बे की निवासिनी बिट्टू बताती हैं कि लगातार बढ़ रही अरहर की दाल की कीमत की वजह से रसोई का सारा बजट बिगड़ गया। दोपहर के खाने में पकने वाली दाल रसोई से दूर हो गई है। अन्य दालों का प्रयोग करके देखा, लेकिन जो स्वाद अरहर की दाल में है वह अन्य दालों में कहां।



रुचि गुप्ता, गृहणी

भिटरिया कस्बा निवासिनी रुचि गुप्ता ने बताया कि अरहर दाल प्रोटीन के मामले में सबसे अच्छी दाल है। दस दिनों से दाल की बढ़ रही कीमत ने सोच में डाल दिया है। रसोई के बजट को बढ़ाना पड़ रहा है। बिना दाल भोजन करने से संतुष्टि नहीं मिलती है।

# नुकीला हथियार लगने से बच्ची की मौत

▸▸ **गोवंश भगाने के दौरान किशोर द्वारा फेंका गया नुकीला हथियार लगने से हुआ हादसा**

**तम्बौर, अमृत विचार।** थाना इलाके में शहतूत के पेड़ से फल तोड़ने के दौरान नुकीला हथियार लगने से किशोरी की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब गांव का ही एक किशोर गौवंश को भगाने के लिए नुकीले हथियार को फेंककर मार रहा था। पुलिस ने आरोपी किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए भेज दिया है।

क्षेत्र के ग्राम इच्छा निवासी चेतराम की 8 वर्षीय पुत्री राधिका रविवार देर शाम गांव के अंदर लगे शहतूत के पेड़ पर फल तोड़ रहे थे। बताया जा रहा है कि इस दौरान गांव के ही 10 वर्षीय किशोर आयुष पुत्र सज्जन ने भाली (नुकीला हथियार) गौवंश को भगाने के लिए फेंक दिया। गौवंश के आगे बढ़ जाने से नुकीला हथियार गौवंश के बजाय राधिका के सर में लग गया। भाली लगते ही राधिका अचेत होकर गिर गई। परिजन उसे आनन-फानन में लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आरोपी किशोर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। सोमवार सुबह पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। पुलिस ने आरोपी किशोर को हिरासत लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# मृतक की चुनाव में ड्यूटी, प्रशिक्षण के दौरान दिखाया अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

▸▸ **विभागीय लापरवाही के चलते मृत सहायक अध्यापक कागजों में कर रहे चुनाव ड्यूटी**

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां करीब दो माह स्वर्गवासी हुये मतदान कार्मिक को सोमवार को सरकारी कागजों में मतदान प्रशिक्षण से अनुपस्थित दर्शाया गया है। बेसिक शिक्षा विभाग की लापरवाही के चलते मृत व्यक्ति की ड्यूटी कागजों पर आज भी जारी है। हकीकत सामने आने के बाद जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी गलती को एक-दूसरे पर डालते हुए नजर आये है।

बताते चलें कि सीतापुर जनपद में चैथे चरण में मतदान होना है। चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में शहर के बाहर स्थित एक निजी कॉलेज में मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण शिविर लगा था। सोमवार देर शाम प्रशिक्षण समाप्त होने के दौरान सहायक प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक)/डीडीओ हरिश्चन्द्र प्रजापति ने अनुपस्थित कर्मचारियों की सूची जारी कर कार्रवाई की चेतावनी दी। इस लिस्ट में सबसे हैरत की बात यह है कि क्रम संख्या 6 पर मतदान अधिकारी प्रथम व पीठासीन अधिकारी की ड्यूटी पर अंकित सहायक अध्यापक राजीव पांडेय जो कि बीआरसी रामपुरमथुरा के प्राथमिक विद्यालय मितौरा में तैनात थे।



सहायक अध्यापक राजीव पांडेय (फाइल फोटो) अमृत विचार

बताया जाता है कि लम्बी बीमारी के चलते उनका करीब दो माह पूर्व निधन हो चुका था, लेकिन अफसरों की लापरवाही के चलते मृत व्यक्ति चुनाव ड्यूटी में आज भी जिन्दा दर्शाया गया। प्रशिक्षण में अनुपस्थित होने पर आगामी 20 अप्रैल को उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश भी अफसरों की तरफ से दिये गये। इस बाबत जब खंड शिक्षा अधिकारी रामपुर मथुरा उदय मणि पटेल से जानकारी की गई तो उन्होंने मामले की जानकारी से अनभिज्ञता जताई। इसके उपरांत तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी रहे नवनीत कुमार ने बताया कि सहायक अध्यापक राजीव पांडेय का हृदय सम्बन्धी बीमारी के चलते काफी लम्बे समय तक इलाज चला था।

> मतदान कार्मिकों की ड्यूटी की जो लिस्ट हमारे पास आई थी उसमे वह अनुपस्थित थे। अगर टीचर की मौत हो चुकी है तो सम्बंधित विभागाध्यक्ष को इसकी जानकारी ड्यूटी मिलने के दौरान देनी चाहिए थी।
> –हरिश्चन्द्र प्रजापति, सहायक प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक)

उन्होंने बताया कि इसके उपरान्त अस्पताल में भर्ती होने के दौरान निमोनिया होने से उनकी जनवरी से फरवरी माह के बीच मौत हो गई थी। उनका कहना है कि बीआरसी पर ड्यूटी आने के बाद मृतक दर्शाकर ड्यूटी को वापस करने से ऐसी नौबत नहीं आती। इस बाबत जब बेसिक शिक्षा अधिकारी के सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो उनका फोन नहीं उठा।

### टेंट की दो दुकानों में आग से जला सामान

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** टेंट हाउस की दो दुकानों में लगी आग से लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। आग लगने के उपरांत फायर बिग्रेड की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। महमूदाबाद के बिलौली बाजार चौराहे पर नानमऊ के अशोक वर्मा की टेंट हाउस की दुकान है। टेंट का सामान दो दुकानों में रखा है। रविवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में इनकी टेंट हाउस की दुकान में आग लग गई। फायर बिग्रेड की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद पर काबू पाया जा सका। टेंट मालिक अशोक के मुताबिक दो दुकानों में टेंट का लाखों का सामान रखा था, जो सब जलकर खाक हो गया।

# आधुनिक कृषि के सहारे तैयार हुए स्टार्टअप




मुख्य अतिथि को पुरस्कृत करते एनबीआरआई के निदेशक। अमृत विचार

## ग्रीष्मकालीन पादप महोत्सव

▸▸ **एनबीआरआई में शुरू हुआ शोधार्थियों का विज्ञान फेस्ट**

▸▸ **23 व्याख्यानों के साथ 27 पोस्टर प्रस्तुतियां भी हुईं**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में ग्रीष्मकालीन पादप महोत्सव का आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में 200 शोधार्थियों ने अपने शोध प्रस्तुत किये। 23 व्याख्यानों के साथ 27 पोस्टर प्रस्तुतियां भी हुईं। शोध के महत्व और प्रामाणिकता पर चर्चा की गई। नए स्टार्टअप के सहारे आधुनिक कृषि क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी।

कार्यक्रम के पहले दिन व्याख्यान, पोस्टर प्रस्तुति, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, ट्रेजर हंट, विज्ञान कला का आयोजन हुआ। महोत्सव में एक-एककर 200 शोधार्थियों ने अपने शोध प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक डॉ. एके शासनी, वैज्ञानिक डॉ. विधु साने सहित अन्य उपस्थित रहे।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ड्रोन कृषि पर बल

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद दिल्ली के कृषि शिक्षा विभाग के उप महानिदेशक डॉ. राकेश चन्द्र अग्रवाल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं ड्रोन कृषि पर फोकस किया। कहा कि लोग जीनोमिक्स, ऊतक संवर्धन, लोजिस्टिक, मार्केटिंग आदि क्षेत्रों के सहारे कृषि क्षेत्र से जुड़ रहे हैं। नए स्टार्टअप और विभिन्न इनक्यूबेटर से सहायता लेकर प्रोन्नति हो रही है।

### 82 प्रयोगशालाओं तक पहुंची नई जानकारियां

अकादमी ऑफ साइंटिफिक एण्ड इनोवेटिव रिसर्च (एसीएसआईआर) गाजियाबाद के निदेशक प्रो. मनोज कुमार धर ने बताया कि 28 नई प्रयोगशालाओं के जुड़ने से एसीएसआईआर देश भर की 82 प्रयोगशालाओं तक पहुंच चुका हैं। इसमें सात हजार से भी अधिक शोधार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया। रैंकिंग में बढ़होतरी के साथ शोधार्थियों को रोजगार के अवसर भी मिले हैं।

## कृषि पर नए नजरिए से बदलेगी देश की सूरत

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत एक कृषि प्रधान देश है। ऐसे में कृषि की उर्वरक क्षमता को बढ़ाने के लिए आधुनिक उपाय किये जा रहे हैं। शोध के सहारे तैयार नए तरीकों को अपनाया जा रहा है। किसान और खेती के प्रति नजरिये का बदलाव करने से ही देश की सूरत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निखरेगी।

पादप महोत्सव में देश भर के शोधार्थियों ने माटी की उर्वरक क्षमता को बढ़ाने की सीख दी। प. बंगाल के रुद्र बनर्जी ने कहा कि धान और चीटियों के बीच एक गहरा संबंध है। छोटी सी चीटियां फसल की उर्वरक क्षमता को बढ़ाती हैं। वातावरण में बदलाव के कारण बीस वर्ष के भीतर 20 फीसद चीटियां कम हुईं। उनकी खोज चीटियों की प्रजातियों को ढूंढकर उन्हें विस्तार देने से जुड़ी है।

### उन्नत खेती की प्रेरणा

▸▸ **अलग-अलग संस्थानों से आए शोधार्थियों ने शोध से जुड़े मॉडल किए प्रस्तुत**

▸▸ **शोधार्थियों ने खेती और उससे जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारियां कीं साझा**

▸▸ **रुद्र बनर्जी ने कहा, धान और चीटियों के बीच एक गहरा संबंध**

### मोनालिसा के शोध ने बढ़ाया टमाटर में प्रोटीन



बिहार की मोनालिसा का शोध टमाटर के प्रोटीन से लोगों को लाभ देने पर है। भूमि और जल के दोहन का असर फसलों की पौष्टिकता पर पड़ा है। शोध के सहारे वे टमाटर में प्रोटीन बढ़ाने का काम किया। राजस्थान, भरतपुर के डॉ. युवराज इंदौलिया चावल के प्रोटीन एआरएफ पर शोध कर रहे हैं। वहीं, केले की उन्नति प्रजाति को भी नया स्वरूप दिया जा रहा है।

### कपास की गुणवत्ता व पैदावार बढ़ाने का प्रयास

अंबेडकर नगर के शोधार्थी बिपिन तिवारी ने कहा कि जिस तरह से पहले देश में कपास की पैदावार थी, अब नहीं है। शोध के जरिए इसकी गुणवत्ता और पैदावार बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। ताकि उत्पादों का निर्यात विदेशों में किया जा सके। गोरखपुर से आए मोहित यादव गेहूं की विभिन्न प्रजातियों की क्षमता को बढ़ाने के कार्य में लगे हैं। कहते हैं कि जल्द ही नए क्षमता का परिणाम बाजार में देखने को मिलेगा।




## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

**05656/05655 गुवाहाटी - जम्मू तवी - गुवाहाटी ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी — 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 05656 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 05655 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 20:30 | गुवाहाटी | 13:20 | ---- |
| 17:35 | ---- | जम्मू तवी | ---- | 10:00 |

**चलने के दिनः 05656 गुवाहाटी** से प्रत्येक सोमवार दिनांक 06.05.2024 से 01.07.2024 तक एवं **05655 जम्मू तवी** से प्रत्येक गुरुवार दिनांक 09.05.2024 से 04.07.2024 तक।
**ठहरावः** कामाख्या जं., रगिंया जं., बरपेटारोड, न्यु बंगाई गांव जं., कोकराझार, न्यु कोचबिहार, न्यु जलपाईगुड़ी, किशनगंज, कटिहार जं., नवगछिया, खगड़िया जं., बेगुसराय, बरौनी जं., शाहपुर पटोरी, देसरी, हाजीपुर जं., सोनपुर, छपरा जं., सिवान जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., गोंडा जं., लखनऊ एनआर, हरदोई, बरेली जं., मुरादाबाद जं., लक्सर जं., रुड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बला कैंट, लुधियाना जं., जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, एवं कठुआ स्टेशन।
**स्थानः** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर एवं शयनयान।

**09405/09406 साबरमती - पटना जं. - साबरमती ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी — 22 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 09405 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 09406 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 18:10 | साबरमती | 13:30 | ---- |
| 15:35 | 15:45 | लखनऊ | 16:05 | 16:15 |
| 02:00 | ---- | पटना जं. | ---- | 05:00 |

**चलने के दिनः 09405 साबरमती** से प्रत्येक मंगलवार दिनांक 16.04.2024 से 25.06.2024 तक एवं **09406 पटना जं.** से प्रत्येक गुरुवार दिनांक 18.04.2024 से 27.06.2024 तक।
**ठहरावः** महेसाना जं., पालनपुर जं., आबूरोड, अजमेर जं., फूलेरा जं., जयपुर, बांदीकुई जं., भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा फोर्ट, टूण्डला जं., कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ एनआर, सुलतानपुर, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन।
**स्थानः** वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**पूर्व घोषित रेलगाड़ी संख्या 09309/09310 इंदौर - नई दिल्ली - इंदौर सुपरफास्ट द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी अब इंदौर - हज़रत निज़ामुद्दीन-इंदौर के बीच निम्नलिखित विवरण के अनुसार चलाई जायेंगीः — 42 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 09309 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 09310 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 17:00 | इंदौर | 21:00 | ---- |
| 04:30 | ---- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 08:20 |

**चलने के दिनः 09309 इंदौर** से प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को दिनांक 19.04.2024 से 30.06.2024 तक एवं **09310 हज़रत निज़ामुद्दीन** से प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को दिनांक 20.04.2024 से 01.07.2024 तक।
**ठहरावः** देवास, उज्जैन जं., नागदा जं., शामगढ़, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुरसिटी, भरतपुर जं. एवं मथुरा जं. स्टेशन।
**स्थानः** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**09064 गोरखपुर जं. - उधना जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 09064 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| गोरखपुर जं. | ---- | 04:45 |
| लखनऊ | 13:05 | 13:10 |
| उधना जं. | 15:30 | ---- |

**चलने के दिनः 09064 गोरखपुर जं.** से दिनांक 16.04.2024 (मंगलवार) को।
**ठहरावः** आनन्द नगर जं., सिद्धार्थ नगर, बढ़नी, गैंसड़ी तुलसीपुर, बलरामपुर, गोंडा जं., बाराबंकी जं., लखनऊ एनआर, कानपुर सेन्ट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, विदिशा, रानी कमलापति, इटारसी जं., खंडवा जं., भुसावल जं., नंदुरबार, बारडोली एवं चलथान स्टेशन।
**स्थानः** शयनयान एवं सामान्य।

**04145/04146 प्रयागराज - आनन्द विहार (ट) - प्रयागराज सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी — 12 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04145 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04146 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 21:20 | प्रयागराज | 19:20 | ---- |
| 08:00 | ---- | आनन्द विहार (ट) | ---- | 09:30 |

**चलने के दिनः 04145 प्रयागराज** से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 26.04.2024 से 31.05.2024 तक एवं **04146 आनन्द विहार (ट)** से प्रत्येक शनिवार दिनांक 27.04.2024 से 01.06.2024 तक।
**ठहरावः** फतेहपुर, कानपुर सेन्ट्रल, इटावा, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ स्टेशन।
**स्थानः** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**08475/08476 पुरी - हज़रत निज़ामुद्दीन - पुरी विशेष रेलगाड़ी — 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 08475 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 08476 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:50 | पुरी | 06:55 | ---- |
| 17:40 | ---- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 23:35 |

**चलने के दिनः 08475 पुरी** से प्रत्येक शुक्रवार दिनांक 19.04.2024 से 28.06.2024 तक एवं **08476 हज़रत निज़ामुद्दीन** से प्रत्येक शनिवार दिनांक 20.04.2024 से 29.06.2024 तक।
**ठहरावः** खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नराज मार्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल,रेढ़ाखोल, सम्भलपुर सिटी, झारसुगुडा रोड, बिलासपुर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।
**स्थानः** वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**05051 छपरा जं. - दिल्ली जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 05051 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|
| छपरा जं. | ---- | 11:25 |
| लखनऊ | 22:00 | 22:10 |
| दिल्ली जं. | 11:40 | ---- |

**चलने के दिनः 05051 छपरा जं.** से दिनांक 16.04.2024 (मंगलवार) को।
**ठहरावः** बलिया, इन्दारा जं., मऊ जं., आजमगढ़, खोरासन रोड, शाहगंज जं., अयोध्या कैंट, लखनऊ, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।
**स्थानः** शयनयान एवं सामान्य।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
हमें फॉलो करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे आपकी सुविधा – हमारा ध्येय हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हेमकुंड में जमी बर्फ, 25 मई को खुलेंगे कपाट

- 20 अप्रैल से सेना शुरू करेगी रास्ते से बर्फ हटाने का कार्य

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब में अभी भी 15 फीट तक बर्फ जमी हुई है। हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खोले जाएंगे।

सेना मार्ग से बर्फ हटाने का काम 20 अप्रैल से शुरू करेंगी। गोविंदघाट गुरुद्वारे के प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि 14 अप्रैल को दो सेवादार हेमकुंड साहिब का निरीक्षण करने गए थे। सोमवार को दोनों लौट आए हैं। पवित्र सरोवर जम गया है। हेमकुंड साहिब से दो किमी पहले अटलाकुडी के पास ग्लेशियर है। इसको काटकर रास्ता बनाया जाना है। अगर मौसम बिगड़ा रहा तो इस बार भी श्रद्धालुओं को हिंमखंडों के बीच से गुजरना पड़ सकता है। गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब चमोली जिले में 4632 मीटर (15,200 फीट) की ऊंचाई पर हिमालय पर्वत पर स्थित है। यहां तक केवल ऋषिकेश-बद्रीनाथ राजमार्ग पर गोबिंद घाट से पैदल ही पहुंचा जा सकता है।



हेमकुंड साहिब में जमी बर्फ। • अमृत विचार

# जज की कार रोकी, चार पुलिसकर्मियों को निलंबित करने का आदेश

## बरेली : ड्यूटी करने में पाई गई लापरवाही, जज के परिचय देने पर भी पुलिसकर्मियों ने नहीं सुनी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट के पास लोकसभा चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों ने सिविल जज जूनियर डिवीजन आकाश गुप्ता की कार रोक दी। जज के परिचय देने के बाद भी पुलिसकर्मियों ने कार जाने नहीं दी तो जज ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान को फोन कर पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई के आदेश दिए।

एसएसपी ने एक इंस्पेक्टर समेत चार पुलिस कर्मियों को निलंबित करने की संस्तुति कर चुनाव आयोग को रिपोर्ट भेज दी है। इस मामले में वहां मौजूद एसपी क्राइम मुकेश कुमार सिंह की भी लापरवाही भी सामने आई है।

लोकसभा चुनाव के नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट में एसपी समेत ढाई सौ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सोमवार को भी उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ नामांकन करने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंच रहे थे। इसी दौरान करीब एक बजे स्टेशन रोड से कलेक्ट्रेट की तरफ सिविल जज जूनियर डिवीजन आकाश गुप्ता अपनी कार से कोर्ट के लिए जा रहे थे। वहां पर बैरिकेडिंग कर लोगों और वाहनों को रोका जा रहा था। अपराध शाखा में तैनात निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह, मीरगंज थाने में तैनात

### कार्रवाई

- एसएसपी ने चुनाव आयोग को भेजी संस्तुति

दरोगा सूरज पाल सिंह, फतेहगंज पश्चिमी के सिपाही विष्णु कुमार और लेखपाल सागर ने जज की गाड़ी को रोक दिया। जज की गाड़ी पर स्टीकर लगा हुआ था, इसके अलावा उन्होंने अपना परिचय भी दिया। आरोप है कि इसके बावजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। जिस पर उन्होंने तुरंत एसएसपी को फोन कर पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई का आदेश दिया। एसएसपी ने जांच कराई तो सभी की ड्यूटी में लापरवाही पाई गई। जिसके बाद सभी को निलंबित करने के लिए चुनाव आयोग को संस्तुति भेज दी है। बताया जा रहा है कि जज कार खुद चला रहे थे। जब पुलिस ने उन्हें रोका तो उन्होंने कहा कि वह कोर्ट में जा रहे हैं। इस पर पुलिस कर्मियों ने इशारा कर कहा कि दूसरी तरफ से जाइये। इस पर जज ने कहा कि आपके जो वरिष्ठ अधिकारी हैं उनको बता दें। दरोगा और सिपाहियों ने कहा है कि जो आदेश है वह आदेश है। इस दौरान इंस्पेक्टर भी पहुंचे और उन्होंने भी इशारा कर दिया की घूम कर जाओ। जज ने तीन बार अपना आईकार्ड भी दिखाया लेकिन पुलिसकर्मी नहीं मानें।

### पुलिस से लोगों की भी हुई नोकझोंक

नामांकन के दौरान कचहरी के लिए आने-जाने वाले लोगों को भी रोका गया। इस दौरान पुलिस और लोगों के बीच भी तीखी नोकझोंक चलती रही। हालांकि विवाद बढ़ने पर कोई न कोई अधिकारी मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर शांत कर देते। एक मंत्री के साथ भी पुलिस की नोकझोंक हुई हालांकि एक सीओ ने आकर मामला किसी तरह से संभाला।

> एक इंस्पेक्टर समेत चार पुलिस कर्मियों की ड्यूटी में लापरवाही पाई गई है। चारों को निलंबित करने के लिए संस्तुति कर चुनाव आयोग को रिपोर्ट भेज दी है। -**घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

# पीएम मोदी ने राजनीति की परिभाषा को बदला : नड्डा

- मसूरी में माला राज्य लक्ष्मी के पक्ष में विजय संकल्प रैली

संवाददाता, मसूरी


**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का है। पहले राजनीति उदासीनता भरी थी लेकिन 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति की परिभाषा, संस्कृति, चाल-ढाल व तौर-तरीका बदल दिया। अब राजनीति की दृष्टि से संकल्प की परिभाषा बदल गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड से निकली समान नागरिक संहिता की गंगा देश के कोने-कोने में पहुंचेगी।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा व मुख्यमंत्री धामी पार्टी प्रत्याशी माला राज्य लक्ष्मी शाह के समर्थन में यहां गांधी चौक के पास विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग देश में तीन लाख से ज्यादा गांवों को सड़क से जोड़ दिया गया है। आज सबके घर में पानी आ रहा है, शौचालय भी बन गए हैं। आयुष्मान योजना के अंतर्गत लगभग 55 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये का सालाना स्वास्थ्य बीमा निःशुल्क प्रदान किया है। वन रैंक वन पेंशन लागू किया गया है। नड्डा ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज के तहत गांवों का विकास हो रहा है। उत्तराखंड में 51 गांव वाइब्रेंट विलेज योजना में शामिल किए गए हैं। चारधाम सड़क का निर्माण कार्य हुआ है। ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक रेल लाइन पहुंचाई जा रही है। केदारनाथ का पुनर्निर्माण का कार्य हुआ है। मसूरी में पर्यटन के कई विकास कार्य जारी हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा विकसित उत्तराखंड और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास के कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उनके नेतृत्व में आधुनिक भारत के साथ आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी देश के 140 करोड़ नागरिकों को अपना परिवार मानकर अंत्योदय के लक्ष्य को लेकर निरंतर कार्य कर रहे हैं। धामी ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में पूरे देश में यूसीसी लागू करने की बात कही गई है। उत्तराखंड से निकली समान नागरिक संहिता की गंगा अब देश के कोने-कोने में पहुंचेगी।




मसूरी में आयोजित विजय संकल्प रैली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। • अमृत विचार



श्रीनगर में सोमवार को हुई बारिश के बीच पर्यटकों ने डल झील पर शिकारा की सवारी कर मौसम का लुत्फ उठाया।

# अखिलेश हमे दबाना चाहते थे इसलिए टूटे संबंध : जयंत

संवाददाता, मुरादाबाद/छजलैट

**अमृत विचार :** अखिलेश हमें दबाना चाहते थे, इसलिए उनसे संबंध टूट गए। लेकिन, राजनीति में सबके संबंध एक-दूसरे से रहते हैं। अखिलेश से मेरे संबंध पहले की तरह रहेंगे। चुनाव में काले पैसे का प्रयोग होता है। इसलिए इस पर अंकुश लगना चाहिए।



यह बातें भाजपा-आरएलडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में सोमवार को जनसभा को संबोधित करने पहुंचे रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कही।

जयंत चौधरी ने कहा कि सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर सभी किसानों को सम्मानित किया है। भाजपा की सरकार बनने पर सत्ता की सारी बागडोर किसानों और कामगारों के हाथ में होगी। उन्होंने कहा कि सरकार आने पर किसानों के हितों में अनेक फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने सभी किसानों से एकजुट होकर भाजपा-रालोद गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया।

# कानून तोड़ा तो लोक सेवकों पर होगी कड़ी कार्रवाई

- हाई कोर्ट ने मनमाने ढंग से नोटिस जारी करने पर जताई नाराजगी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जिला मजिस्ट्रेट और उनके अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम, 1970 की धारा 3 के तहत मनमाने ढंग से नोटिस जारी करने पर गहरी नाराजगी जताई है।

कोर्ट ने कहा कि इस न्यायालय के पूर्व आदेश के बावजूद राज्य सरकार ने अधिनियम की प्रयोज्यता के संबंध में जिला मजिस्ट्रेट को कोई दिशा-निर्देश जारी करने की जरूरत नहीं समझी, जिसके कारण जिला मजिस्ट्रेट और उनके अधीनस्थ लगातार अधिनियम की धारा 3 के तहत अवैध रूप से नोटिस जारी कर रहे हैं। कोर्ट ने सचिव (गृह) विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य की शक्तियों का प्रयोग करने वाले लोक सेवक कानून की सीमा के भीतर रहें अन्यथा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही हो सकती है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ ने उक्त तल्ख टिप्पणी के साथ आक्षेपित कारण बताओ नोटिस रद करते हुए राज्य को 2 महीने के भीतर याची उमर उर्फ मोहम्मद उमैर को एक लाख रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। वर्तमान मामले में अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन), मुरादाबाद ने अपनी शक्ति का दुरुपयोग करते हुए याची को 6 मार्च 2024 को थाना मैनाठेर मुरादाबाद में दर्ज आईपीसी की धारा 376 के तहत मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसे वर्तमान याचिका में चुनौती दी गई है। कोर्ट ने पाया कि अधिनियम, 1970 के प्रावधानों का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग करते हुए उक्त नोटिस जारी की गई है। कोर्ट ने आगे यह भी कहा कि एक या दो छोटे और महत्वहीन अपराधों से व्यक्ति को गुंडा करार नहीं दिया जा सकता है। यह विशेषण अपने आप में बदनामी का बोझ लेकर आता है।

कार्यकारी अधिकारी लापरवाही और गैर जिम्मेदाराना ढंग से किसी व्यक्ति को गुंडा करार देते हैं, जिसके कारण उसके नाम और प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंचती है और उसके परिवार का शांतिपूर्वक निवास करना और अपने व्यवसाय में लगे रहना मुश्किल हो जाता है। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि अगर कार्यकारी अधिकारी इस निवारक कानून के तहत नोटिस जारी कर रहे हैं तो उन्हें व्यक्ति की पिछली छवि, साख और पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में पता होना चाहिए।

सामाजिक, नैतिक, शैक्षिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि का पूर्ण रूप से अवलोकन करने के बाद ही अधिकारी को इस निष्कर्ष पर पहुंचना चाहिए कि व्यक्ति गुंडा है या नहीं। दरअसल याची को एक गुंडा बताकर उसके खिलाफ अधिनियम, 1970 की धारा 3 के तहत नोटिस जारी की गई थी जबकि पीड़िता ने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत अपने बयान में इस बात का समर्थन नहीं किया था।

# हरिद्वार के दक्षिण काली मंदिर में श्रद्धालुओं की डंडों से पिटाई

- घटना रविवार शाम की, सोशल मीडिया पर किया गया वायरल

हरिद्वार, एजेंसी

दक्षिण काली मंदिर में श्रद्धालुओं के दल को पुजारी तथा कर्मियों ने डंडों से पीट दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें युवा पुजारी भी मंदिर के कर्मियों को सिर में लगी चोट दिखा रहा है और उनसे युवकों के दल को पीटने को कह रहा है। श्यामपुर थाने के अधिकारी नीतेश शर्मा ने बताया कि यह घटना रविवार शाम को हुई।

सूत्रों ने बताया कि मंदिर में टिकट और पार्किंग के मुद्दे पर श्रद्धालुओं और मंदिर कर्मियों के बीच बहस हुई जो संघर्ष में बदल गयी। मंदिर के पुजारी तथा कर्मियों ने श्रद्धालुओं का पीछा किया और उन्हें डंडों से मारा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के संबंध में उन्हें अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से आए थे। सूत्रों ने बताया कि पार्किंग शुल्क को लेकर दोनों पक्षों में बहस छिड़ी थी। निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि मंदिर के मठाधीश हैं। उनसे संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उनके वैयक्तिक सहायक ने फोन नहीं उठाया।

# योगी और कंगना पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार:** वजीरगंज थाना क्षेत्र के शिवशंकर ने सीएम योगी व अभिनेत्री कंगना रानौत का आपत्तिजनक कार्टून बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल डाल दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वजीरगंज के परसिया गांव निवासी शिवशंकर ने फेसबुक पर शिवशंकर यदुवंश के नाम से फेसबुक आईडी बना रखी है। उसने खुद को यादव संगठन का महासचिव व वीर अहीर सेन निर्माण का जिला सचिव लिख रखा है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि आरोपी पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बाबा साहेब के विचारों पर सभी को करना चाहिए अमल : शोभन

- उत्तर रेलवे के प्रधान कार्यालय में मनी बाबा साहेब की जयंती

नई दिल्ली अमृत विचार

**उत्तर** रेलवे के प्रधान कार्यालय बड़ौदा हाउस में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक शोभन चौधुरी, अपर महाप्रबन्धक अजय सिंघल सहित सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर चौधुरी ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों पर अमल करना चाहिए तथा कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वाह करना चाहिए। यह बाबा साहेब को हमारी सच्ची पुष्पांजलि होगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।



# 100 में 75 हमारा, 25 में बंटवारा : केशव

**बरेली, अमृत विचार :** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने सोमवार को लालफाटक रोड पर एक बैंक्वेट हॉल में पार्टी प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में जनसभा संबोधित की। इस दौरान उन्होंने ''सौ में 75 हमारा, 25 में बंटवारा'' का नारा देते हुए सपा को माफिया-दंगाइयों की पार्टी और कांग्रेस को भ्रष्टाचार की अम्मा बताया। बोले, बसपा इस चुनाव में कहीं दिख ही नहीं रही है।

डिप्टी सीएम ने भाजपा के संकल्प पत्र की प्रमुख बातें गिनाते हुए कांग्रेस पर 12 लाख करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया। भ्रष्टाचारियों पर अब तक हुई कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि यह तो अभी ट्रेलर है। असली पिक्चर चार जून के बाद दिखेगी। कहा, गर्मी में भी विपक्ष ठंडा पड़ा है।

# पांच मिनट तक होगा रामलला का सूर्याभिषेक

- 12 बजकर 16 मिनट पर गर्भगृह में प्रवेश करेंगी सूर्य की किरणें

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनवमी के दिन 17 अप्रैल की दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक पर तिलक करेंगी। इसकी पुष्टि मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने सोमवार को की। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को रामलला के सुविधाजनक दर्शन प्राप्त होंगे।

मंदिर निर्माण समिति की एक दिवसीय बैठक सोमवार को राम जन्मभूमि परिसर में संपन्न हुई। इसमें चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में राम नवमी की अंतिम तैयारी और मन्दिर निर्माण कार्य को लेकर मंथन हुआ। इसके बाद शाम को पत्रकारों से वार्ता करते हुए नृपेंद्र मिश्र ने कहा मंदिर का संपूर्ण परकोटा और श्रद्धालुओं के लिए सुविधा केंद्र सहित राम मंदिर से जुड़े संपूर्ण कार्य 2024 के दिसंबर तक पूर्ण हो जाएंगे। उन्होंने कहा हम लोग इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि इस चैत्र राम नवमी के अवसर पर रामलला के ललाट दोपहर 12 बजकर 16 मिनट सूर्य की किरणें पांच मिनट तक पड़ेंगी। उन्होंने कहा रामनवमी मेले के अवसर पर प्रशासन और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट समन्वय करके श्रद्धालुओं के लिए रामलला के दर्शन की सरल और सुलभ व्यवस्था करेंगे। इस दौरान एलएंडटी और टाटा के इंजीनियर मौजूद रहे।

### जहां रुकें वहीं अपना सामान रख कर आएं : चंपत



श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने आने वाले भक्तों से अपील की है कि भक्त जहां रुक रहे हैं वहीं अपना सामान, मोबाइल फोन, जूता-चप्पल व पर्स आदि प्रतिबंधित सामान रखकर आएं। इससे उनका समय भी बचेगा और उनको किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। थोड़ी दूरी उन्हें नंगे पैर चलना पड़ेगा। उन्होंने रामलला के दर्शन के लिए आने वाले सभी भक्तों से व्यवस्था बनाने में ट्रस्ट का सहयोग करने की अपील की है। रामनवमी पर रामलला के दर्शन के लिए भक्तों को सुबह चार बजे से रात्रि 11 बजे तक मंदिर में प्रवेश मिलेगा।

**दुखद अनुभव** — इंडिगों की उड़ान को लेकर दिल्ली पुलिस के उपायुक्त ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर किया दावा

# जब विमान उतरा तब बचा था सिर्फ 1-2 मिनट का ईंधन

- एयरलाइन प्रबंधन ने दावे को सिरे से नाकारा

नयी दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने दावा किया कि शनिवार को अयोध्या से दिल्ली आने वाली इंडिगो की एक उड़ान को खराब मौसम के कारण चंडीगढ़ की ओर मोड़ दिया गया और जब विमान वहां उतरा तब सिर्फ एक या दो मिनट का ईंधन बचा था। दूसरी ओर एयरलाइन ने सोमवार को कहा कि विमान में पर्याप्त ईंधन था।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अपराध सतीश कुमार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें अयोध्या से दिल्ली के लिए इंडिगो की उड़ान 6ई-2702 से सफर के दौरान एक दुखद अनुभव हुआ। उन्होंने कहा कि उड़ान का निर्धारित प्रस्थान समय दोपहर 3:25 बजे था और आगमन का समय शाम 4:30 बजे था, लेकिन लगभग शाम 4:15 बजे पायलट ने कहा कि दिल्ली हवाई अड्डे पर खराब मौसम है और विमान में 45 मिनट तक उड़ान भरने का ईंधन है। उन्होंने लिखा कि पायलट ने दो बार विमान उतारने का प्रयास किया, लेकिन खराब मौसम के कारण ऐसा नहीं हो सका और उसके बाद आगे की रणनीति तय करने में बहुत समय बर्बाद हुआ।

उन्होंने आगे लिखा कि शाम 5:30 बजे पायलट ने घोषणा की कि वह चंडीगढ़ में उतरने की कोशिश करेंगे और आखिरकार विमान शाम 6:10 बजे चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर उतरा। कुमार ने रविवार शाम को पोस्ट में कहा कि जब विमान चंडीगढ़ में उतरा उस वक्त 45 मिनट तक उड़ान भरने के लिए ईंधन होने की घोषणा के बाद 115 मिनट बीत चुके थे। कुमार ने यह भी कहा कि उतरने के बाद उन्हें चालक दल से पता चला कि केवल 1-2 मिनट का ईंधन बचा था। उन्होंने विमानन नियामक डीजीसीए, नागर विमानन मंत्रालय, दिल्ली हवाई अड्डे और इंडिगो को टैग करते हुए पोस्ट में कहा कि इसकी जांच की जानी चाहिए कि क्या सभी मानक प्रक्रियाओं का पालन किया गया था? इंडिगो ने सोमवार को एक बयान में कहा कि दिल्ली में खराब मौसम के कारण उड़ान को चंडीगढ़ की ओर मोड़ दिया गया था और पायलट ने एक चक्कर लगाया जो मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप है। एयरलाइन ने कहा कि यह बिल्कुल सुरक्षित प्रक्रिया है और नियमों के मुताबिक विमान को वैकल्पिक हवाई अड्डे की ओर ले जाने के लिए पर्याप्त ईंधन था।



# पिता के धर्म परिवर्तन से परेशान युवक ने दी जान

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के आजाद नगर में एक युवक ने पिता के धर्म परिवर्तन करने से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक के परिजनों ने एक मौलाना पर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया है।

पुलिस के अनुसार आजाद नगर निवासी श्री कृष्णा (25) के पिता हरिशंकर ने हरिशंकर का धर्म परिवर्तन कर लिया। हरिशंकर चोरी छिपे नमाज अदा करते थे। इसकी जानकारी कृष्णा को हुई तो उसने विरोध किया, जिस पर घर में विवाद शुरू हो गया। परेशान होकर 13 अप्रैल की देर रात श्री कृष्णा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। निजी अस्पताल में सोमवार को उसकी मौत हो गई।

# महिला ने बच्ची के साथ खुद को आग लगाई, दोनों की मौत

- घरेलू विवाद के बाद उठाया आत्मघाती कदम

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

**अमृत विचार :** गौरा गांव के पास पहाड़ी डेरा निवासी एक विवाहिता ने गृह कलह के चलते अपनी 6 माह की पुत्री के साथ आग लगाकर आत्महत्या कर ली।

थाना मुस्करा के गौरा गांव के पास पहाड़ी डेरा निवासी उत्तम सिंह की पत्नी किरन (22) ने सोमवार को सुबह करीब आठ बजे किसी बात से कहासुनी होने पर बच्ची आराध्या (6 माह) को गोद में लेकर आग लगा ली। जानकारी होते ही परिजन कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां मौजूद चिकित्सक डॉ मनोलिका ने प्राथमिक इलाज के बाद 80 प्रतिशत जले होने के कारण उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। उरई मेडिकल कॉलेज में ही दोनों का पोस्टमार्टम कराया गया। उत्तम की शादी चार वर्ष पूर्व जिला महोबा गौहरारी गांव निवासी भगवान सिंह राजपूत की पुत्री किरन के साथ हुई थी। इस मामले में सीओ राठ दिलीप कुमार ने बताया कि परिवारिक विवाद में महिला ने बच्ची के साथ आग लगा ली थी जिसकी इलाज के दौरान उरई मेडिकल में उनकी मौत हो गई। फिलहाल अभी तक पुलिस को कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन-बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्मनियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें, क्योंकि आत्मा ही हमारी हितैषी और आत्मा ही हमारी शत्रु है।

## संपादकीय

# वैश्विक जगत में चिंता

दुनिया पहले से ही दो बड़े युद्ध के संकट को झेल रही है। ऐसे में ईरान के इजराइल पर हमले ने वैश्विक जगत में चिंता बढ़ा दी है। भारत ने भी इस मुद्दे पर गहरी चिंता जताई है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इजराइल ने ब्रिटेन, फ्रांस से ईरान पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। ईरान ने हाल में कम से कम नौ मिसाइलों से इजराइल के दो हवाईअड्डों पर हमला किया है। हमले में बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि शनिवार की रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने इजराइली क्षेत्र पर अपने पहले सीधे हमले में इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागी थीं। ईरान ने यह हमला गत एक अप्रैल को दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजराइल के हवाई हमले के जवाब में किया था। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के स्थायी प्रतिनिधि गिलाद एर्दान ने कहा कि उनके पास ईरान के हालिया हमले का जवाब देने का कानूनी अधिकार है क्योंकि उसने (ईरान) ने 'हर लाल रेखा' को पार कर लिया है। उधर खाड़ी के देश युद्ध के विस्तार को लेकर खासे चिंतित हैं और अमेरिका को युद्ध से दूरी बनाए रखने को लेकर चेता रहे हैं। आशंका यह भी जताई जा रही है कि यदि इजराइल जवाबी कार्रवाई करता है तो युद्ध का विस्तार बड़े इलाके में हो सकता है।

हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के जी-7 देशों के नेताओं से हुई बातचीत के बाद इस संकट से निपटने में कूटनीतिक तेजी आई है। जो बाइडन ने जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी फोन पर अलग से बातचीत की। इन बातचीत में अमेरिकी नेतृत्व ने क्षेत्र में तनाव बढ़ने से रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा इजराइल की रक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को दोहराया। दरअसल युद्ध को टाला नहीं गया तो इसका दायरा चिंताजनक स्तर तक फैल सकता है। गौरतलब है कि भारत के दोनों ही देशों से अच्छे संबंध हैं। यही कारण है कि इजराइल पर ईरान का हमला होते ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दोनों पक्षों से बातचीत की। ईरान में चार हजार और इजराइल में 18.5 हजार भारतीय रहते हैं। युद्ध के फैलने की आशंका के मद्देनजर दोनों देशों में रह रहे भारतीयों की वहां से निकासी चिंता का कारण है। इसलिए भारत का रुख स्पष्ट है। वह तनाव कम करने के लिए हर संभव कोशिश करेगा। युद्ध से दुनिया गहरे आर्थिक संकट की चपेट में आ सकती है। इसलिए दोनों देशों को संयम बरतते हुए कूटनीति का रास्ता अपनाना चाहिए।

# एआई और फ्लेवर्स ने देशज साहित्य-शोध में बढ़ाई रुचि



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

मैंने देखा कि करीब प्रत्येक पचास वर्ष के अंतराल से साहित्यिक कृतियों को नए फ्रेम के भीतर लाकर देखा-परखा जाने लगा है। नए शोधकर्ता अब ब्रिटिश या इंडियन आर्काइवल निधि की ओर रुख न करके इन्टरनेट से ही लोकवार्ता पर अध्ययन सामग्री प्राप्त करते हैं। सिर्फ फील्ड वर्क के लिए लोकवार्ता की जन्मभूमि पर आकर लोक में वर्तमान ट्रेंड्स को जानना चाहते हैं।

भारत के अंग्रेजी लेखकों को अपने लेखन को जारी रखने या एनालिटिकल शोध हेतु विषय नहीं मिल रहे। आरके नारायण, मुलकरा आनंद और खुशवंत सिंह तो जाने-माने नाम हैं। इनसे पहले के बहुत-से नाम 'कलकत्ता रिव्यु' और 'द इंडियन रिव्यु' नामक पत्रिकाओं से मिलते हैं। कुछ नाम 'द जर्नल ऑफ़ द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल' और 'इंडियन एंटीक्वेरी' से भी लिए जा सकते हैं। नई पीढ़ी बहुत बढ़िया लिख रही है और बहुत से ऐसे नाम जो आम प्रचलन में नहीं हैं। अंग्रेजी लिट्रेचर के जर्नल्स में से नोट किये जा सकते हैं।

भारत के सबाल्टर्न समुदायों की लोकभाषाओं और वर्नाक्युलार-देवनागरी हिंदी और तमिल आदि, में उपलब्ध लोकवार्ता निधि से नई पीढ़ी अधिक वाकिफ नहीं दिखती, फिर भी शोधकार्य करने के लिए रुझान दिखलाई दे रहे हैं। रुझान को अमली जामा पहनाने के लिए यह जरूरी है कि शोधकर्ता अनेक बहुविषयक विद्वज्जनों से पहले विमर्श करें। साहित्य के एक विद्यार्थी के मन में जो बात एक फिजिसिस्ट या फिजियोलॉजिस्ट एवं एक इनफार्मेशन साइंटिस्ट डालकर उसे एकदम से नया नज़रिया दे सकता है, वह सिर्फ लिट्रेचर ही जानने वाला प्रोफेसर नहीं कर सकता। इसीलिए अंतर्विद्यावर्ती दृष्टि लेकर अध्ययन अधिक किए जाने को आजकल बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि शोध कार्य एक सशक्त, नए ज्ञान-सृजन की एक्सरसाइज में तब्दील हो जाए और प्रयास एवं संसाधन व्यर्थ होने बचें। ये भविष्यमयी बनें।

नए किस्म के इस शोध प्रोटोकॉल से वाकफियत न होने में शोधकर्ताओं के सुपरवाइजर्स और सुपरविज़न की परंपरिक पद्धति की बड़ी भूमिका नज़र आने के अलावा एक और पावरफुल इन्फ्लुएंस सक्रियता अभी तक बनी हुई है। वह है हमारे आचार्यगण की ब्रिटिश, अमेरिकन और फ्रेंच लिट्रेरी क्रिटिसिज्म की ओर गाइडेंस के लिए देखने की और ता-उम्र इस आदत पाल कर काम करने की। बावजूद इसके, इन आचार्य गणमें से कुछ तो जरूर ऐसे हैं जो भारत की विशाल लोकवार्ता निधि के बारे में अंग्रेजी भाषा में सूक्ष्म मूल्यांकन (क्रिटिकल एप्रेज़ल) करते हुए इसे विश्व पटल पर ला रहे हैं। ब्रिटिश इंडिया में ब्रिटिश इंडोलॉजिस्ट्स और स्कॉलर्स की लोकवार्ता (इंडिक स्टडीज) में बेहद रुचि होने के कारण ही ऐसा संभव

भारत के सबाल्टर्न समुदायों की लोकभाषाओं और वर्नाक्युलार-देवनागरी हिंदी और तमिल आदि, में उपलब्ध लोकवार्ता निधि से नई पीढ़ी अधिक वाकिफ नहीं दिखती, फिर भी शोधकार्य करने के लिए रुझान दिखलाई दे रहे हैं। रुझान को अमली जामा पहनाने के लिए यह जरूरी है कि शोधकर्ता अनेक बहुविषयक विद्वज्जनों से पहले विमर्श करें।

हुआ कि भारत के हरेक कोने में रहने वाले समुदायों की लोकवार्ता (फोकलोर) का दस्तावेजीकरण हो गया। भारतीय लोगों की लोकवार्ता निधि की विविधता और विशालता चकित करती है और इससे भी अधिक आनंदमयी अहसास यह कि इसके अधिकतर प्रोविंशियल लैंग्वेजेज और लोकभाषाओं में होने के वजह से लिंगविस्टिक फ्लेवर में अर्थात 'रस' और 'भाव' की वजह से यह अद्भुत संरचना वाली भी है। इसमें पद्यात्मक शैली-रूप की अधिकता है, लेकिन अध्ययन के समय यह ध्यान रखना अनिवार्य है कि हमारे आदि-मनीषियों ने गद्य को भी पद्य माना है। फिर भी बहुत कुछ बचा रहा जिसका कलेक्शन और प्रस्तुतिकरण सन 1960 के बाद तक जारी रहा।

हरियाणा में असंकलित वार्ता, यथा लोककथा और लोकगीत, का संग्रह आचार्य भीम सिंह मलिक ने अपने छात्रों से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 1970 और 1980-आदि दशक के दौरान करवाया और चालीस वर्ष पहले लोकवार्ता के प्रतिनिधि प्रकाशन 'संभावना' के प्रथमांक का प्रकाशन भी जिसमें आचार्य मलिक के नेतृत्व में आचार्य राजेन्द्र रंजन चतुर्वेदी की अपूर्व साहित्यिक सूझ से संपन्न किया गया। इसके लिए सामग्री के संकलन और संपादन में अपूर्व योगदान के कारण हरियाणा वासी दोनों के आभारी हैं। पिछले पांच दशक की साहित्य शोध प्रवृत्तियों के मद्देनज़र कह सकते हैं कि अंग्रेजी भाषा के साहित्य शोधक अब अंतर्मुखी होकर लोकवार्ता में डिस्कशन और कमेन्ट्री में मनुष्य चिंतन की केंद्र से सीमाओं पर ले जाकर, आधुनिक साहित्यिक-टूल्स के मद्देनज़र अनेक ऐसे पक्ष को उजागर करते रहे हैं जिनके बारे में पहले से आभास न था।

मैंने देखा कि करीब प्रत्येक पचास वर्ष के अंतराल से साहित्यिक कृतियों को नए फ्रेम के भीतर लाकर देखा-परखा जाने लगा है। नए शोधकर्ता अब ब्रिटिश या इंडियन आर्काइवल निधि की ओर रुख न करके इन्टरनेट से ही लोकवार्ता पर अध्ययन सामग्री प्राप्त करते हैं। सिर्फ फील्ड वर्क के लिए लोकवार्ता की जन्मभूमि पर आकर लोक में वर्तमान ट्रेंड्स को जानना चाहते हैं। इन्टरनेट के आने से लोकवार्ता या फोकलोर अध्ययन को 'ग्लोबल पर्सपेक्टिव' भी प्राप्त हुआ है। इसमें एक बड़ी कमी मुझे इसलिए महसूस हो रही है संस्कृत लिट्रेचर के हमारे आचार्यों ने बहुत पहले साहित्य कृतियों की साहित्यिक और लिंगविस्टिक समीक्षा की जो बेहतरीन पद्धति विकसित की थी उसे ग्लोबल एंड इंटरनेशनल फ्रेम में अभी तक फिट नहीं किया गया है। कुछ मामलों में अध्येताओं के बीच 'दिस्कोर्ड' हो सकता है लेकिन आगे जाकर आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (एआई) के नए टूल्स शोध-समीक्षा हेतु विकसित कर लिए जाएं तो आश्चर्य नहीं। शोध के लिए चुने जाने वाले अधिकतर विषय चूंकि यूनिवर्सल अपील के होते हैं इसलिए इन्हें बरते जाने के समय भाषांतर और लिंग्विस्टिक्स का ध्यान नहीं रखा जाएगा तो तत्व-समीक्षा नहीं हो पाएगी। अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि अमेरिकन और ब्रिटिश अध्येताओं की नज़र से लोकवार्ता की समीक्षा के लिए नए नैरेटिव का जिस तरह से सृजन हुआ, इसमें उन द्वारा प्रयुक्त मुहावरा और सिंटेक्स की संरचना ने ऐसे फ्लेवर्स की उत्पत्ति को संभव बनाया जो अज्ञात थे। इस काम के लिए भविष्य में एआई टूल्स को अधिक कारगर तरीके से विकसित किए जाने की प्रबल संभावना है क्योंकि इस पूत के पांव कैसे पसरेंगे इसका अनुमान मैंने अभी कुछ महीना से अनुभव करना शुरू किया है। फोकलोर का कंटेंट हालांकि नहीं बदलता लेकिन प्रत्येक नए समीक्षात्मक अंदाज़ से निर्मित किए गए एक 'मिरर इमेज' को 'रेडिकली डिजाईन्ड' फ्रेम्स में फिट किए जाने से दृष्टिकोण जरूर बदलता है। इसकी जरूरत भी है। को-पायलट और चैट-जीपीटी को पहले मैं बकवास समझता था। यह आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस टूल है और इस द्वारा सूचना का न केवल कलेक्शन करने और इसे इच्छित भाषा में बदलने की न केवल 'ऑटो-कैपबिलिटी' है बल्कि इन्टरनेट पर सर्च के बाद नमूदार हुए टेक्स्ट में से अगर बिना पढ़े कुछ पूछना-ढूंढना है तब इसे भी यह 'सेलेक्टिव' आधार पर ढूंढकर ठीक सूचना देने में सक्षम है।

दुनिया में कहीं भी स्थापित चुनींदा 'सर्वर्स' में सूचना आधार की विशालता और वर्ल्ड-वाइड इन्टरनेट- हाइवेज पर लोकवार्ता के संग्रहों तक हमारी एक्सेस बनाकर प्रकाश की गति से काम करते हुए संदेशों का ट्रांसपोर्टेशन ही पर्याप्त नहीं है बल्कि को-पायलट और चैट-जीपीटी की क्षमता का आकलन भी अपरिहार्य बनता नज़र आता है। ऐसे में जर्मन चिन्तक वाल्ते बेंजामिन की सन 1935 में प्रकाशित हुई किताब के छहों अध्यायों के सभी 46 निबंधों में से विशेष तौर से 'द वर्क ऑफ़ आर्ट इन द एज ऑफ़ इट्स टेक्निकल रिप्रोड्यूसिबिलिटी' निबंध और 'स्क्रिप्ट, इमेज और 'स्क्रिप्ट-इमेज' अध्याय के निबंधों का मुझे स्मरण हो रहा है जिसमें पिछले लिट्रेचर को नए युग के अनुसार ढालने की प्रक्रिया की शुरुआत होने और इसे एक फैक्ट्रीनुमा प्रोडक्शन हाउस में तब्दील कर देने की इच्छा पर चर्चा की गई है। मैन्युअल मॉड से शिफ्ट होकर एआई मॉड में आंशिक तौर से प्रवेश करने में भी मुझे ख़तरा नज़र आता है। लगता है इंटरप्रिटेशन ऑफ़ डेटा एंड स्टेटिस्टिकल वेलिडेशन हेतु मशीन इंटेलिजेंस का इस्तेमाल होने जैसा नया काम वास्तव में अधिक सृजनात्मक छवि पेश करने में मानवीय क्षमता का मुकाबला नहीं कर पाएगा और एक तरह की साहित्यिक अशांति को भी जन्म दे सकता है। विद्वानों का कहना है कि मनुष्य की कुदरती, विश्लेषणात्मक प्रतिभा का व्यक्तिगत दखल बनाए रखना जरूरी होगा। मानवीय प्रतिभा के इस्तेमाल की अनिवार्यता को नतीजे के अंतिम दौर में पहुंचने से पहले ही जागृत करना जरूरी होगा। सभ्यताओं के ही नहीं बल्कि मानव समुदायों के अस्तित्व को बचाए रखने की यह अंतिम शर्त होगी। विदेशी शोधकर्ता और इंडोलॉजिस्ट्स की रुचि इंडियन फोकलोर स्टडीज में बढ़ी है। विद्वज्जन विशिष्ट मनोभाव के कारण साहित्यिक विधा में मूल्यांकन कर पाते हैं। लिट्रेचर में 'इनटेंजीबल फैक्टर्स' जैसे कि भावप्र धानता और अलंकार, की मौजूदगी को आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस सूंघ कर अगर एनालिसिस के लिए पकड़ न पाए तो भी एआई एक आधारभूमि तैयार करती है, बशर्ते विद्वज्जन इसमें से पक्षपात के तत्वों की पहचान करने और इन्हें निष्प्रभावी करने में सक्षम हैं।

## प्रसंगवश

# धर्म और तिकड़म का समन्वय

देश को तो एक मुश्त ही आगे बढ़ना होगा, कुछ लोगों की आर्थिक प्रगति से काम नहीं चलेगा। हम खुश हो लेते हैं कि हम चौथी आर्थिक ताकत बन गए या तीसरी बन गए, पर सत्यता यह है कि इसमें आपकी जनसंख्या का भी कमाल है। इतनी बड़ी जनसंख्या वाले देश को तो कुछ देशों के मुकाबले कुल जीडीपी के लिहाज से उनसे आगे निकलना ही है, पर असली परीक्षा पर व्यक्ति जीडीपी की है। उसके लिए बहुत प्रयास की जरूरत है। इंग्लैंड, जर्मनी और जापान पर व्यक्ति जीडीपी में वे हमसे कई गुना आगे हैं, वे पूर्ण विकसित हैं। आज हमें अपने देश में साफ-साफ दिखायी देता है कि तमाम भारतीय एक तरफ अध्यात्म की बात करते हैं, पूजा स्थल खूब जाते है, पर वहीं निम्न भौतिक स्वार्थों में आकंठ डूबे है? देश में धर्म और तिकड़म का अद्भुत समन्वय दिखता है। उदाहरण के लिए आइए देश के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की बात करें।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

देश के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में कभी कपड़ों और दवाओं के उत्पादन में, उनके निर्यात में हम काफी आगे थे, पर कपड़ों में ज्यादातर आर्डर अब बांग्लादेश को मिल रहे हैं। बीच में मैं उज्बेकिस्तान गया था, पता चला हमारे यहां निर्मित दवाओं को खाकर वहां कुछ बच्चे मर गए। भारत की तमाम विख्यात दवा कंपनियों की दवाइयों मानक पर खरी नहीं उतर रही हैं। पिछले दिनों विदेश से आई मेरी बेटी को एंटीबायोटिक की जरूरत पड़ी, एक अच्छी कंपनी की दवा ली, कोई सुधार नहीं हुआ, फिर केमिस्ट ने कहा कि आप मेरे कहने से वही दवा एक साधारण कंपनी की ले जाइए, बेटी तत्काल उससे ठीक हो गई। मतलब हम दवाओं के उत्पादन में अपनी भौतिक आकांक्षा के कारण लाखों जिंदगियों से खेल रहे हैं। देश के विकास के लिए जरूरी मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर अब नीचे जा रहा है, इनका निर्यात घट रहा है। मतलब साफ है, पहले हम अपना स्वार्थ छोड़े, आर्डर के पूरी सदिच्छा से तैयार कराकर निर्यात करें, क्वालिटी से समझौता न करें वरना हम पिछड़ते ही जाएंगे। हमारे सपने कभी पूरे नहीं होंगे। हमारी अनैतिक आकांक्षाओं का खामियाजा देश को उठाना पड़ रहा है। एक तो लाल फीताशाही के कारण वैसे ही उत्पादन कीमत काफी ज्यादा हो जाती है, ऊपर से हमारी बेईमान सोच।

# जीवन से कटी हमारी शिक्षा



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हिंदी विभाग में भयंकर ईर्ष्या, द्वेष और कटुता देखी गई। जात-पात और संप्रदाय से ग्रस्त लोग आपस में झगड़ रहे हैं। स्वाभिमान की जगह खुशामदी स्वभाव आ गया।

आजादी के बाद हमारे शासकों ने शिक्षा के स्वरूप को बदलने की दिशा में थोड़ा भी काम नहीं किया। उसी शिक्षा में इन शासकों का भी हित था जिसमें अंग्रेजों का हित था। इसलिए पूरी की पूरी अंग्रेजी शिक्षा आत्मसात कर ली गई और धीरे-धीरे सभी दलों ने अपना गुलाम अंधभक्त तैयार कर लिया।

पढ़े-लिखे लोगों के भीतर चिंतन-शक्ति और रचनात्मकता का ह्रास होता चला गया। अन्य विषयों को छोड़कर यहां मैं हिंदी साहित्य के अध्यापन पर विचार करूंगा। जिस तरह से विश्वविद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई हो रही है, उससे बहुत अधिक नुकसान हुआ है। छात्रों की कल्पनाशीलता, संवेदनशीलता और रचनात्मकता पर कुठाराघात हुआ है। किसी भी विषय की पढ़ाई तभी सही मानी जाएगी, जब उस विषय का उद्देश्य पूरा होता हो। साहित्य का उद्देश्य क्या है? कहा जाता है कि साहित्य हमारे भावों का परिष्कार करता है। हमारे सौंदर्य बोध को निखारता है। हमारी कल्पना-शक्ति को जगाता है। हमें संवेदनशील बनाता है। हमारे भीतर छिपी मनुष्यता को उभारता है, इत्यादि। प्रश्न है कि क्या हमारे अध्ययन-अध्यापन से साहित्य का यह उद्देश्य पूरा हुआ? मेरे देखे तो इसका उल्टा ही हुआ।

हिंदी विभाग में भयंकर ईर्ष्या, द्वेष और कटुता देखी गई। जात-पात और संप्रदाय से ग्रस्त लोग आपस में झगड़ रहे हैं। स्वाभिमान की जगह खुशामदी स्वभाव आ गया। प्रेम की जगह घृणा ने ले ली। वीरता के स्थान पर कायरता आ गई। सत्य का स्थान झूठ ने ले लिया। लोग अपने छोटे परिवार और अपने में ही सिमटते चले गए। धन, पद और यश की दौड़ में मनुष्यता भूलते चले गए। इन सबके पीछे हमारी पढ़ाई और परीक्षा की पद्धति है। मैं सीधे-सीधे एक सवाल करना चाहता हूं। क्या हिंदुस्तान के किसी भी विश्वविद्यालय में एक भी ऐसा हिंदी विभाग है, जहां छात्रों की सृजनशीलता पर अंक हो? क्या कोई विद्यार्थी उपन्यास, कहानी, कविता, नाटक आदि लिखकर एमए पास कर सकता है? उत्तर है नहीं। आपको दूसरों की रचनाएं पढ़नी होंगी। उन्हीं पर विचार रखने होंगे। क्या यह छात्रों की रचनात्मकता को मारने वाली पद्धति नहीं है?

अगर साहित्य का उद्देश्य भावों का परिष्कार है तो यह देखना चाहिए कि जीवन के व्यवहार में हमारे भाव परिष्कृत हुए या नहीं, लेकिन ऐसा नहीं देखकर हम लिखित परीक्षा लेते हैं कि अमुक कविता के भाव स्पष्ट करें या उसकी समीक्षा करें। दूसरों के भावों की हम समीक्षा करते हैं, लेकिन अपने भावों का पता ही नहीं। जीवन प्रतिदिन कोई नया प्रश्न खड़ा करता है, उससे जूझने और उसका समाधान निकालने का कोई प्रशिक्षण हमारी शिक्षा में नहीं है। हम तो घिसे-पिटे पुराने प्रश्नों पर ही विचार करते रहते हैं। जैसे-तुलसीदास की नारी-भावना पर प्रकाश डालें। हमारे घर, समाज और देश में नारी की क्या स्थिति है और उसे कैसे बेहतर बना सकते हैं, इस पर कोई विचार नहीं।

कबीर दास की विद्रोह-भावना को अपने शब्दों में लिखें, लेकिन हमारी विद्रोह भावना मरती जा रही है, इसकी चिंता शिक्षा को नहीं है। विद्यापति भक्त कवि थे या श्रृंगारिक? विद्यापति चाहे जो हों। सवाल है कि हम क्या हैं? विद्यापति सहज श्रृंगार के अद्वितीय कवि हैं। सवाल तो यह उठना चाहिए था कि करीब आठ सौ वर्ष पहले विद्यापति श्रृंगार को लेकर जितने सहज थे, उतने असहज हम कैसे हो गए? विद्यापति सही थे या हम सही हैं? अगर हम सही हैं तो उसका प्रमाण क्या है? नारियों के साथ छेड़खानी, बलात्कार? मीरा की भक्ति भावना पर प्रकाश डालें। क्या हमारा जन्म इसीलिए हुआ है कि जिंदगी भर दूसरों की भक्ति पर चर्चा करते रहें और अपने भीतर कैसे भक्ति पैदा हो, इसका ख्याल तक न रह जाए?

'उर्वशी' में दिनकर ने पुरूरवा के द्वंद्व का सफल चित्रण किया है, इसे अपने शब्दों में लिखें। हो सकता है, हमारा द्वंद्व कुछ अलग हो। उससे हम कैसे बाहर निकलें, यह सिखाने वाला कोई नहीं। द्वंद्व में रहना दुख है, उससे बाहर निकलने का रास्ता क्या हो सकता है, इससे किसी को मतलब नहीं। इस तरह पूरी की पूरी हमारी शिक्षा ने हमें जीवन से काटकर अपाहिज बना दिया है और हमने दो टकिए की नौकरी पर लाखों के जीवन की बलि चढ़ा दी है। वह सरकारी नौकरी भी मात्र डेढ़-दो प्रतिशत को मिलती है। बाकी अठानवे प्रतिशत किस हाल में हैं, इसकी खबर लेने वाला कोई नहीं।

## सोशल फोरम

# करे कोई और भरे कोई

करे कोई और भरे कोई। यह कथन सत्य के कितना निकट है, इसका निर्णय आप पर छोड़ रहा हूं। कल चन्द्रशेखर की दुकान चाय पीने पहुंचा तो उन्होंने एक प्रश्न दाग दिया। उनका स्वाभाविक प्रश्न था कि एक नया साल संवत्सर प्रतिपदा से शुरू हो गया तो एक कल वैशाखी से शुरू हुआ ऐसा क्यों है?



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

जब तक मैं युधिष्ठिर प्रवृत्त संवत के बीते वर्ष की चर्चा शुरू कर ही रहा था। बीच में एक विद्वान और शिक्षित सज्जन कूद पड़े और बोले कि यह सब पंडितों का किया हुआ है। शुरुआत की लाइन पर आ जाइए कि करे कोई।

हस्तिनापुर के राजा युधिष्ठिर ने, उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने, शालेय धारा के शालिवाहन सम्राट ने, चित्रकूट के शासक विजयाभिनंदन ने, नागार्जुन ने, भृगुकच्छन के राजा बलि ने अपने शासन काल में अलग-अलग पंचांग प्रारंभ करवाए और अलग-अलग दिनों को नया वर्ष का आरंभ मनाया गया। बेचारे पंडित तो निरीह थे आज भी हैं, उनका तो प्रयास यही रहा कि समस्त भारतीय पंचांग का समावेश कर इसे राष्ट्रीय स्वरूप दिया जाए। यहां तक कि इस्लामिक कलेंडर जो मुहर्रम की पहली तारीख से शुरू होता है को (इस बार आठ जुलाई से हिजरी 1446) भी भारतीय पंचांग में स्थान दिया गया है। ग्रेगेरियन कैलेंडर तो है ही, जो पहली जनवरी से शुरू होता है और आज का समाज इसे नया साल मानकर अरबों लीटर शराब पी जाता है। बेचारे पंडितों ने केवल इन पर्वों को पूजा पाठ और सात्विक मार्ग के अनुसरण की याद दिलाने के प्राथमिकता देने का प्रयास किया है।

मेरे एक मित्र सेना के उच्च पद से रिटायर हैं, मेरे गोल्फ कोर्स के गुरु भी हैं। उनके साथ केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम की यात्राएं की गई हैं। एक बार चर्चा के दौरान भारत को गुलाम बनवाने में अपने ही लोगों के लोगों की भूमिका पर बात शुरू हो पड़ी। स्वाभाविक था कि जयचंद, मानसिंह जैसे अनेक क्षत्रिय राजाओं के पारस्परिक विद्वेष और अच्छी कन्याओं के वरण के लिए भयानक खून-खराबा से लेकर विदेशी आक्रमणकारी को बुलाने के इतिहास का जिक्र हो गया। मैंने उनसे पूछा कि क्या इस प्रकार का कोई कृत्य किसी गरीब ब्राह्मण के नाम दर्ज है? वह तो अपने पांडित्य का मुखड़ा लगाकर भिक्षावृत्ति ही करता रहा।

-फेसबुक वॉल से

# बंगाली समाज के सकारात्मक पहलू



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भावुकता उनकी कमजोरी नहीं, शक्ति है। इसका हृदय और कल्पनाशक्ति से गहरा संबंध है। निस्संदेह बुद्धि का स्थान ऊंचा है, लेकिन कल्पनाप्रियता के बिना आप शक्ति पैदा नहीं कर सकते।

स्वामी विवेकानंद वस्तुतः बंगाली जाति के निर्माताओं में एक हैं, उनकी बेहतरीन उक्ति है- 'दरिद्र, पददलित तथा अज्ञ लोग तुम्हारे ईश्वर बनें।' गरीबों के पक्ष में इतनी बड़ी बात पहली कभी इतनी दृढ़ता के साथ कही नहीं गई। बंगाली जाति का आधुनिककाल में सबसे बड़ा योगदान यह है कि उसने धर्म और ईश्वर को मानवीय बनाया। पहले धर्म और ईश्वर वायवीय थे। दरिद्रों से प्रेम करना सिखाया। अभिजन की भाषा और जनभाषा में भेद खत्म करके अभिजन की भाषा को जन-जन की भाषा बनाया। व्यक्तित्व विकास को सामाजिक विकास का मूलाधार बनाया। बंगाली जाति पहली जाति है जिसने हिंदू धर्म को अस्पृश्यता की दलदल से बाहर निकाला।

बंगाली जाति के भाषा प्रेम और संस्कृति बोध का एक रोचक अनुभव बताता हूं। मैं एक बार मिनीबस से कहीं जा रहा था। मिनीबस में काफी भीड़ थी। अचानक देखा दो व्यक्ति आपस में गरमागरम बहस कर रहे हैं और एक-दूसरे के प्रति नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं, प्रतिवाद कर रहे हैं। मैंने पता किया माजरा क्या है, पता चला, एक सज्जन ने अपने पास बैठे सज्जन को किसी पर पर "बोका" कहा, वे कुछ न बोले, बाद में इडियट कहा तो वे सज्जन भड़क गए और बोले इडियट केनो बोले छो, उस व्यक्ति ने कहा मैंने पहले "बोका" कहा तब आपको गुस्सा क्यों नहीं आया, उसे तो चुपचाप सहन कर गए अब इडियट कहने पर भड़क क्यों रहे हो? सारी मिनीबस इस उत्तेजना को देखकर हंस रही थी और मजा ले रही थी। मुझे बंगालियों को देखकर मन में ईर्ष्या होती है 'स्व' की इतनी गहरी अनुभूति, मान-अपमान का इतना गंभीरबोध, भाषा के प्रयोग को लेकर सटीकपन। काश, मैं बंगाली होता। बंगाली जाति के दस गुण-बंगाली जाति के कई बेहतरीन गुण हैं जिनके कारण यह जाति मुझे बहुत प्रिय है। पहला गुण है, उत्सवधर्मिता और आनंद भाव। ये लोग उत्सव के दिन उत्सव भाव में रहते हैं। हर परिवार में विशिष्ट खाना बनेगा। आज आप कहीं भी जाइए पहला वैशाख की मीठी-मीठी गंध पाएंगे। नए कपड़े और स्वादिष्ट भोजन। क्या कहने हैं, सारा राज्य छुट्टी के मूड में। बंगाली जाति का दूसरा बड़ा गुण है सामूहिकता। उत्सव का दिन और सामूहिक खान-पान। कई दिन हैं जिनमें यह जाति सामूहिक भोज करती है। जैसे पहला वैशाख पर जगह-जगह विभिन्न कॉलोनी में रहने वाले मिलकर एक साथ खाते पीते हैं, नाचते-गाते हैं। लोकल बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का मौका भी मिलता है। बंगाली जाति का तीसरा गुण है-यह कभी बीच का रास्ता नहीं पकड़ता। जिस राह जाते हैं, उस पर दौड़ ही लगाते हैं, जिस भाव का अवलंबन करते हैं, उसका चरम दृष्टांत ही पेश करते हैं। बंगाली जाति का चौथा गुण है-गंभीर बात को गंभीर भाव से न सुनना। गंभीर बात को हंसकर उड़ा देना। बंगाली जाति का पांचवां गुण है-प्राइवेसी या निजता का सम्मान करना। बंगाली लोग एक-दूसरे की निजता को मानते हैं और सम्मान करते हैं। छठा गुण है वर्जनाओं से मुक्ति। आमतौर पर पश्चिम बंगाल में पुरानी वर्जनाओं का नामोनिशां नहीं मिलेगा। जाति-धर्म आदि की वर्जनाओं से यह जाति पूरी तरह मुक्त है। इसके कारण शरीर को भी इस जाति ने वर्जनाओं से मुक्त किया है। भारत में संपूर्ण राज्य को वर्जनाओं से मुक्त देखना हो तो बंगाल आएं और कुछ दिन गुजारें।

बंगाली जाति का सातवां गुण है मुक्त हृदय। वे मुक्तभाव से एप्रिसिएट करते हैं। वे एप्रिसिएशन कला में पारंगत हैं। मिलें और सुख लें। बंगाली जाति का आठवां गुण है कि उन्होंने गरीबी को देश का प्रधान एजेंडा बनाया। गरीबी को अपराध, नैतिकता, भाग्य, पूर्वजन्म आदि से मुक्त किया। बंगाली जाति का नौवां गुण है मित्रभाव। परिचय होते ही बातें करेंगे, मित्र हो जाएंगे। बातचीत होते ही मित्रता मान लेंगे। फिर दूसरे ही क्षण घर आने के लिए कहेंगे और फिर दिल खोलकर अपने हृदय की सारी बातें रख देंगे। बंगाली जाति का दसवां गुण है भावुकता। भावुकता उनकी कमजोरी नहीं, शक्ति है। इसका हृदय और कल्पनाशक्ति से गहरा संबंध है। निस्संदेह बुद्धि का स्थान ऊंचा है, लेकिन कल्पनाप्रियता के बिना आप शक्ति पैदा नहीं कर सकते।

# देश को एक सूत्र में पिरोती रेल



रेल दिवस



डॉ. विकास खुराना
शाहजहांपुर

विश्व इतिहास का सतत सर्वेक्षण बताता है कि रेल के आगमन ने इसके हर आयाम चाहे वह सामाजिक हो अथवा आर्थिक अथवा सांस्कृतिक सबको प्रभावित किया। भारत के संदर्भ में तो रेल राष्ट्र का आधार है जैसा कि पर्सिवल स्पीयर लिखते हैं कि "रेल भारत में वो कार्य करेगी, जो अकबर की उदारता और टीपू की तलवार न कर सकी। यह भारत को एक सूत्र में पिरो देगी"। यह कथन अक्षरशः सत्य भी हुआ। इसने विभिन्न प्रांतों, बोलियों के लोगों को एक सूत्र में पिरो दिया। भारत में पहली रेल 16 अप्रैल 1853 को बोरीबंदर से ठाणे स्टेशन के मध्य चली, तब इसे इक्कीस तोपों की सलामी तथा हजारों लोगों की करतल ध्वनि के मध्य चलाया गया। इसे खींचने वाले इंजन सुल्तान, सिंध तथा साहिब थे। रुहेलखंड रीजन में रेल के विस्तार की बात करें तो यह अनेक कंपनियों द्वारा पूरा किया गया। क्षेत्र की मुख्य लाइन जो बनारस-लखनऊ से गाजियाबाद तथा आगे दिल्ली तक जाती थी। अवध रुहेलखंड रेल द्वारा बिछाई गई। तब यह बरेली नहीं आती थी। इसका मार्ग चंदौसी होकर था। वर्ष 1888 में इसका एक एक्सटेंशन बरेली तक खोला गया तथा चंदौसी लाइन, तब चंदौसी कार्ड के रूप में जानी गई। बाद में बरेली से होकर निकलने वाली लाइन कम दूरी के कारण मुख्य लाइन हो गई। बरेली से रामपुर होते हुए मुरादाबाद लाइन वर्ष 1894 को खुली तथा वर्ष 1898 में दिल्ली इस लाइन से सीधा जुड़ गया। रेल का दूसरा विस्तार कुमायूं रुहेलखंड रेल का था। यह कंपनी 1882 में शुरू हुई। सर अलेक्जेंडर आईजेड इसके मुख्य अभियंता थे जिनकी महारथ रेल के पुल बनाने में थी। यह रेल की मीटर गेज प्रणाली थी तथा इसके अधीन रेल विस्तार 957 मील था। प्रमुख लाइंस में भोजीपुरा-काठगोदाम, लालकुआं-काशीपुर, शाहजहांपुर-पीलीभीत, पीलीभीत-सीतापुर क्रमशः 1906, 1907, 1916, 1906 एवं 1916 को खुल गई। बरेली से पीलीभीत होते हुए गोला स्टेट रेल का विस्तार नेपाल की सीमा के साथ-साथ बिहार तथा आगे बंगाल तक किया गया। इसकी एक शाखा अप्रैल 1895 में दुधवा तक खोली गई। रेल ने पूरे रुहेलखंड रीजन में व्यापक प्रभाव छोड़े। इसके आने से पहले जहां मात्र नदियां ही आवागमन का साधन थीं, रेल ने क्षेत्र के व्यवसाय और संस्कृति को उच्च शिखर तक पहुंचा दिया। जनपद शाहजहांपुर में भी रेल का विस्तार अत्यंत लाभकारी रहा जिसके कारण केरू जैसी विख्यात कंपनियां यहां लगीं जिसमें बनी रम, क्रिस्टल चीनी का निर्यात ब्रिटेन तक किया जाता था। आजकल जहां रेल के आमान (गेज) परिवर्तन का कार्य जारी है तथा परंपरागत सिग्नल्स तथा स्टेशन की घंटियों का प्रतिस्थापन किया जा रहा है। अनेक विदेशी यात्रियों जिनमें इयान मैनिंग प्रमुख है कि यात्रा वृत्तांत बीते दिनों की याद दिलवाते हैं।

## अपनी ढपली अपना राग


लोगों को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। विकसित भारत की आकांक्षाओं का आधार ये संकल्प पत्र बनेगा। – योगी आदित्यनाथ


जिन्होंने अपने वादे पिछले दस वर्षों के राज में पूरे नहीं किए, वो भला भविष्य की गारंटी देने की बात कैसे कह सकते हैं। यह केवल धोखा है। – अखिलेश यादव


कांग्रेस की तरह वर्तमान सरकार भी जातिवादी हैं। पूरे देश में गरीबों, दलितों और मुस्लिमों का शोषण हो रहा है। – मायावती


पश्चिम उप्र. को अलग राज्य बनाने की बात अच्छी पर, उन्हें मौका नहीं मिलेगा। जनता ने मोदी को फिर से पीएम बनाने का मन बना लिया। – डॉ. संजीव बालियान, केंद्रीय मंत्री


पुलिस अधिकारी और कर्मचारी अपनी औकात में रहें। भाजपा के लिए काम करना बंद कर दें। –रुचि वीरा (मुरादाबाद से इंडी उम्मीदवार)


देश में बदलाव का माहौल है। चाहे वह राजनीति में रहें या न रहें, पर देश और देश के लोगों के लिए मेहनत करते रहेंगे। – रॉबर्ट वाड्रा

# वो भी क्या दिन थे जब फुटपाथ पर तैयार हो जाते थे नेताजी

**30 साल पहले लकड़ी के खोखो में बिकती भी जनप्रतिनिधियों की ड्रेस**

**फाइव स्टार संस्कृति ने बढ़ा दिया नेताजी की वर्दी का खर्च**

नीरज मिश्र, लखनऊ



**अमृत विचारः** अभी ज्यादा वक्त नहीं बीता, करीब तीन दशक पहले की ही बात है जब 'दारुलशफा' में नेताजी बाकायदा 'तैयार' किए जाते थे। उन्हें टीप टॉप नेता बनाने के लिए 50 से अधिक दुकानें विधायक निवास के विभिन्न ब्लॉक में बने 'गैराज' और 'सड़कों' पर मौजूद थीं। नेताजी इन्हीं 'टेलरिंग शॉप' में अपनी 'वर्दी'' सिलवाते थे। वहीं कपड़ा लिया टेलर मास्टर को नाप दिया और पैदल ही चल पड़े जनता के बीच। एक बार तन पर खादी पहनी तो रात तक शरीर से उतरने का नाम नहीं लेती थी। अब न टेलर के पास काम है और न ही छोटी-छोटी गुमटियों से कपड़ा खरीदने का चलन। अब नेता जी हाईटेक हो चुके हैं ब्रांडेड कपड़ों की पसंद अब वे खोखे पर नही सीधे शोरूम में जाकर करते हैं। केवल ब्रांडेड पैंट-शर्ट नहीं कोटी भी साथ में पसंद करते हैं। जाहिर सी बात है कि इसके साथ मैंचिग पटका भी चाहिए।

बीते कुछ वर्षों में राजनीति का मिजाज पूरी तरह से बदल चुका है। पैठ बना चुकी 'फाइव स्टार संस्कृति' ने राजनीति में एक बड़ा बदलाव ला दिया है। अब जनप्रतिनिधियों का एक-दो जोड़ी ड्रेस से काम नहीं चलता है। रोज कम से कम चार बार सूट बदलते हैं। जनता से मिलने के लिए अलग और जनसभाओं एवं रोड शो के लिए अलग। पहले खादी थी। इनका स्थान अब महंगे और कीमती 'लेनिन' और ब्रांडेड वस्त्रों ने ले लिया है। एक बार की 'कड़क वर्दी' नेताजी की जेब से करीब पांच हजार रुपया तो आसानी से निकलवा ही लेती है। नेताओं के बदलते परिवेश और ड्रेस कोड पर एक रिपोर्ट।

| लेनिन कपड़ा | रुपये प्रति पीस |
|---|---|
| शर्ट | 1,800 से 2,100 रुपये |
| पैंट | 1,500 से 1,800 |
| कोटी | 1,200 से 1,500 |

| सेमी लेनिन कपड़ा | रुपये प्रति पीस |
|---|---|
| शर्ट | 1,000 –1,500 |
| पैंट | 600 – 800 |
| कोटी | 1,000 –1,200 |

| सिलाई | रुपये प्रति पीस |
|---|---|
| शर्ट | 400– 450 |
| पैंट | 600–700 |
| कोटी | 800 –1,000 |

### गिने-चुने लोग ही आते हैं नाप देने, 'टेलर मास्टर' का सम्मान अब गुजरे जमाने की बात

दशकों से दारुलशफा गैराज में दुकान चला रहे टेलर मो. शकील बताते हैं कि एक दौर था जब जनप्रतिनिधि आते और कपड़ा देखते। नाप देते और चलते बनते। तीन–चार दिन बाद पूरी ड्रेस तैयार कर उनके कमरे में भिजवा दी गई या फिर वे खुद आए और पहनकर चले गए। दूसरी और तीसरी जोड़ी एक अखबार में लपेट कर उन्हें थमा दी। न केवल वह उनके साथ कई बार पार्टी कार्यकर्ता भी अपनी नाप देकर कपड़ा सिलवा लेते थे।' 'मास्टर'' कह कर हमें सम्मान भी दिया जाता था।अब वह दिन नहीं रहे, फैशन और कीमती कपड़ों और डिजाइनों का दौर है। बस गिने–चुने लोग ही कपड़ा सिलवाने आते हैं। इन्हीं के सहारे धंधा चल रहा है। अली मोहम्मद कहते हैं कि अब उतनी आमदनी नहीं है। बस कुछ लोगों के सहारे ही धंधा किसी तरह आगे बढ़ रहा है।

### कड़क वर्दी तैयार करने पर रोज 150 रुपया खर्च

जब लेनिन के कड़क सूट और इसमें कलफ लगी पैंट, शर्ट, कॉटन कोटी और पटका। इसे घर में धोया जाना आसान काम नहीं। लांड्री धुलाई कल्चर पर रोज एक सूट पर करीब 150 रुपया व्यय होता है। यानी चार से पांच सूट अगर धुलने गए 600 से 750 रुपया रोज का औसतन खर्च। अगर 24 से 48 घंटे में धुलाई चाहिए तो यह व्यय बढ़कर दोगुना हो जाता है।

### 20 से 30 फीसद महंगी हुई नेताजी की लेनिन ड्रेस

**लेनिन का एक सूट कपड़ा लेकर सिलवाया तो 5,000 रुपये खर्च :** उप्र.कपड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक मोतियानी और लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कपड़ा व्यवसायी प्रभू जालान बताते हैं कि लोक सभा चुनाव की घोषणा के साथ ही लेनिन वस्त्रों की मांग तेज हो गई है। एक तो बढ़ती गर्मी और दूसरे नेताओं का पसंदीदा रंग सफेद कपड़ा काफी महंगा हो गया है। पहले लेनिन कपड़ों पर तेजी 20 फीसद के आसपास रही जो अब बढ़कर 25 से 30 प्रतिशत तक हो गई है। रेडीमेड और ब्रांडेड का भाव अलग है। ब्रांडेड लेनिन कपड़ों का शूट हजारों का बैठता है। पटका तक डिजाइनर चाहिए। सत्ता पक्ष से जुडे.हैं तो सफेद के अलावा गुलाबी और नारंगी रंग पसंदीदा। सफेद रंग सभी दल के लोग पहनते हैं।


कुर्ता पैजामा सिलवाने आये युवक की नाप लेते शकील।


दारुलशफा में नेताओं के कपड़े सिलते अली मोहम्मद।

# सोशल इंजीनियरिंग में फंसी बीजेपी

**बसपा ने उदय राज वर्मा और सपा ने राम भुआल निषाद को मैदान में उतारा**

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लगातार तीसरी बार सुलतानपुर लोकसभा सीट जितने का मंसूबा पाले बैठी बीजेपी को बीएसपी ने बड़ा झटका दिया है। सोशल इंजीनियरिंग को साध कर बीएसपी ने कुर्मी वोट बैंक में सेंधमारी का प्रयास किया है। बीएसपी ने सुलतानपुर से युवा नेता व जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। आम तौर पर पिछले चुनाव में कुर्मी वोट बैंक बीजेपी के लिए जिताऊ साबित हुआ था। वहीं, निषाद वोट भी बीजेपी से खिसकता दिख रहा है। क्योंकि, सपा ने पहले घोषित भीम निषाद को वापस बुलाकर यहां अपने कद्दावर नेता राम भुआल निषाद को प्रत्याशी बनाकर बीजेपी को उसी की मांद में घेरने की कोशिश की है।

भारतीय जनता पार्टी ने सुलतानपुर में फिर से मेनका गांधी को अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा हैं। 2014 में यहां पर वरुण गांधी ने कमल खिलाया था तो 2019 में उनकी मां मेनका संजय गांधी ने इस सीट को भाजपा के पाले में डाल दिया था। लंबी जद्दोजहद के बाद भाजपा ने मेनका गांधी को यहां दोबारा मौका दिया है। वह चुनाव मैदान में मजबूती से उतर पड़ी हैं।



सबसे मजबूत माने जाने वाले भाजपा व उसके संगठनों ने चुनावी तैयारियों में ताकत झोंक दी है। पार्टी के नेता व कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए घर-घर पहुंच रहे हैं और अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा दिए हैं। सुलतानपुर में छठवें चरण में 25 मई को होने वाले चुनाव में अभी काफी समय है। जैसे जैसे चुनाव तिथि नजदीक आएगा वैसे वैसे सुलतानपुर की चुनावी सरगर्मी अपने उफान पर होगी।

**पांच विस में चार पर भाजपा, एक पर सपा का कब्जाः** सुलतानपुर जिले की कुल पांच विधानसभा सीटों में वर्तमान में चार पर भाजपा और एक पर सपा का कब्जा है। सुलतानपुर सीट से भाजपा के विनोद सिंह, लंभुआ सीट से भाजपा के सीताराम वर्मा, जयसिंहपुर सदर सीट से भाजपा के राज बाबू उपाध्याय, कादीपुर सुरक्षित सीट से भाजपा के राजेश गौतम और इसौली सीट से सपा के मोहम्मद ताहिर खान विधायक हैं।

**चुनेंगे अपना सांसदः** जिले की पांचों विधानसभाओं में मिलाकर कुल 18,34,355 मतदाता है। इनमें 9,54,358 पुरुष तो 8,79,932 महिला वोटर शामिल हैं। 65 ट्रांसजेंडर मतदाता है। इनमें युवा मतदाता ही निर्णायक होंगे। 18 से 19 साल के 22,819 तो 20 से 39 साल के 8,28,479 वोटर्स है। इस वर्ग के ज्यादातर मतदाता बूथ तक पहुंचते है और निर्णायक बनते हैं।

### ऐसा था परिणाम

2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी चार लाख 58 हजार 281 मत पाकर विजयी हुई थीं। सपा–बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ने वाले चंद्रभद्र सिंह सोनू को चार लाख 44 हजार 422 वोट मिले थे, जबकि पूर्व मंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी अमीता सिंह को महज 41 हजार 588 मतों से संतोष करना पड़ा था। इस बार अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि हाईकमान जिसे भी टिकट देगा, उसी के लिए पूरे तन–मन से लगेंगे।

**बसपाः** सुलतानपुर सीट पर दो बार सांसद दे चुकी बहुजन समाज पार्टी ने इस बार भी सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को दोहराया है। आंबेडकर जयंती के अवसर पर यहां पहुंचे बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने उदराज वर्मा को प्रत्याशी घोषित कर दिया। साफ–सुथरी छवि, युवा चेहरा और जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा बसपा के मूल वोट के साथ कुर्मी बिरादरी को अपने पाले में लाने के लिए पूरा दम लगा देंगे। जबकि, भाजपा के जिलाध्यक्ष डा. आरए वर्मा व लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा है। इस लिहाज से यहां का कुर्मी वोटर भाजपा का वोट बैंक माना जाता रहा है। यदि उदराज अपनी बिरादरी का वोट बसपा के पाले में लाने में कामयाब होते हैं तो भाजपा को नुकसान होना तय है।

**सपाः** अमेठी से सटी सुलतानपुर सीट कांग्रेस के लिए खास मानी जाती रही है। फिर भी यह सीट इस बार इंडी गठबंधन में समाजवादी पार्टी के खाते में चली गई है। अब तक सुलतानपुर में साइकिल जीत का स्वाद नहीं चख सकी है। कई बार नजदीकी मुकाबला होने के बाद भी सपा यहां पर जीत नहीं हासिल कर सकी। बीते दिनों सपा ने अंबेडकरनगर के मूल निवासी भीम निषाद को उम्मीदवार बनाकर भेजा था। जब से भीम यहां प्रत्याशी बने थे सपा संगठन दो धड़ों में बंट गया था। दबाव इस कदर पड़ा कि सपा शीर्ष शीर्ष नेतृत्व ने यहां का प्रत्याशी रविवार की शाम बदल दिया। सपा मुखिया ने भीम निषाद को वापस बुलाकर अब गोरखपुर के मूल निवासी राम भुआल निषाद को यहां का प्रत्याशी बना दिया है। राम भुआल का निषाद समाज में अच्छी पकड़ मानी जाती है। वह गोरखपुर में सीएम योगी के खिलाफ भी चुनाव लड़ चुके हैं। जिले का निषाद समुदाय का वोट पिछले चुनाव में काफी हद तक भाजपा का रहा था। ऐसी स्थिति में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि निषादों का कितना वोट सपा प्रत्याशी अपने पाले में ला पाएगा।

### लोकसभा सीट का इतिहास

सुलतानपुर लोकसभा सीट के इतिहास पर नजर डाले तो वर्ष 1952 में एम.ए. काजमी उर्फ काजिम अली एडवोकेट पहली बार कांग्रेस सांसद चुने गए। 1957 में गोविंद मालवीय, इनकी मृत्यु के बाद हुए उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार बाबू गनपत सहाय सांसद बने थे। वर्ष 1962 में कांग्रेस से उनके पुत्र कुंवर कृष्ण वर्मा सांसद बने। 1967 में बाबू गनपत सहाय ने जीत हासिल की थी। उनकी मृत्यु के पश्चात हुए 1969 में हुए उपचुनाव में चौधरी चरण सिंह की बीकेडी से पं. श्रीपति मिश्र सांसद बने, उन्होंने महज 249 वोटों से कांग्रेस के डा. कैलाश नाथ सिंह को हराया था। यह सुलतानपुर सीट के इतिहास का सबसे नजदीकी मुकाबला रहा है। 1970 में कांग्रेस से केदारनाथ सिंह, 1977 से जनता पार्टी के जुल्फिकार उल्ला, 1980 में कांग्रेस के गिरिराज सिंह, 1984 में कांग्रेस से राजकरन नाथ सिंह, 1989 में जनता दल से राम सिंह, 1991 में बीजेपी का खाता इस सीट पर खुला और अयोध्या के महंत विश्वनाथ दास शास्त्री सांसद बने। 1996 व 1998 में बीजेपी के डीबी राय, 1999 बसपा के जयभद्र सिंह, 2004 में बसपा के मो. ताहिर खान, 2009 में कांग्रेस से डा. संजय सिंह यहां के सांसद बने। 2014 में भाजपा के वरुण गांधी और 2019 में भाजपा से वरुण गांधी की मां मेनका संजय गांधी सांसद चुनी गई।

## सपा और राजद का चुनावी घोषणा पत्र कंगाल बैंक के चेक जैसाः नन्दी




**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा और राजद के चुनावी घोषणा पत्र, किसी कंगाल बैंक के चेक सरीखे हैं। बिना बुनियाद की इमारत बनाने के दावे और हवा–हवाई खोखले वादे किये गये हैं। दोनो पार्टियां जनता को मूर्ख समझने की भारी भूल कर रहे हैं। यह बात सोमवार को औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने अमेठी संसदीय क्षेत्र में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन अवसर पर कही।अमेठी संसदीय क्षेत्र के तिलोई, जगदीशपुर, गौरीगंज, अमेठी और सलोन विधानसभा क्षेत्र में भाजपा चुनाव कार्यालयों में उन्होंने कहा कि इनके घोषणा पत्र में मतदाताओं को भ्रमित करने का प्रयास किया गया है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस, सपा और आरजेडी जैसी पार्टियों ने साझा घोषणा पत्र न जारी करके अपनी ढपली अपना राग अलापना यह साबित किया है।

नन्दी ने कहा कि इंडी गठबंधन की न तो नीति तय है और न ही नेता। एक अनार सौ बीमार वाली हालत है। ऐसे में इन दलों का अपना–अपना घोषणा पत्र कोढ़ में खाज की तरह है! उन्होंने सपा के घोषणा पत्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इनके घोषणा पत्र में, जैसे बैल यह दावा करे कि वह दूध देगा और मुर्गा यह वादा करे की वह अण्डा देगा ।गौरीगंज में नन्दी ने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल दलों में बिखराव साफ नजर आ रहा है। विपक्षी गठबंधन अपना एक साझा घोषणा पत्र तक नहीं जारी कर पाया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और इसकी बदौलत भाजपा उत्तर प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के साथ–साथ 400 पार के लक्ष्य को भी हासिल करने में सफल होगी।


# आईना : सुलतानपुर लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| मेनका संजय गांधी | 4,58,281 |
| चन्द्र भद्र सिंह | 4,44,422 |
| अमिता सिंह | 4,1,588 |

### 2014 में किसको कितने वोट





| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | वरुण गांधी | 4,10,348 |
| बसपा | पवन पांडेय | 2,31,446 |
| सपा | शकील अहमद | 2,28,144 |
| कांग्रेस | अमिता सिंह | 41,983 |

| 2019 नोटा | 2014 नोटा |
|---|---|
| 9,771 | 5,412 |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | डॉ. संजय सिंह | 3,00,411 |
| बसपा | मोहम्मद ताहिर | 2,01,632 |
| सपा | अशोक पांडेय | 1,07,895 |
| बीजेपी | सूर्यभान सिंह | 44,425 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | एम.ए. काजमी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | गोविंद मालवीय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1961 | गनपत सहाय | निर्दलीय |
| 1962 | कुँवर कृष्ण वर्मा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | गणपत सहाय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | केदार नाथ सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | जुल्फिकारुल्ला | जनता पार्टी |
| 1980 | गिरिराज सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | राज करण सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | राम सिंह | जनता दल |
| 1991 | विश्वनाथ दास शास्त्री | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996व 98 | देवेन्द्र बहादुर राय | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | जय भद्र सिंह | बहुजन समाज पार्टी |
| 2004 | ताहिर खान | बहुजन समाज पार्टी |
| 2009 | संजय सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 2014 | वरुण गांधी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | मेनका गांधी | भारतीय जनता पार्टी |

**कुल मतदाता- 18,34,355**

**पुरुष मतदाता- 9,54,358**

**महिला मतदाता- 8,79,932**



# निर्दल प्रत्याशियों पर नोटा पड़ रहा भारी

**2014 में लोकसभा चुनाव में पहली बार नोटा को किया गया था लागू**

**लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनावों में भी दिख रहा असर**

**इस लोकसभा चुनाव में भी हो सकता है इजाफा**


अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव 2014 में देश में पहली बार नोटा को लागू किया गया था, इसके बाद से चुनाव में वोटिंग के ट्रेंड में बड़ा बदलाव देखने को मिला है, इसके तहत यदि मतदाता को चुनाव में खड़ा कोई भी प्रत्याशी योग्य नहीं समझ में आता है तो वह नोटा बटन दबाकर अपना मत दे सकता है। ऐसे में बात यदि बीते दो चुनाव में नोटा के ट्रेंड की कर लें तो, यूपी की सियासत में नोटा बढ़ता हुआ दिखाई दिया है, देवीपाटन मंडल में भी इसका व्यापक असर है जहां 2014 व 2019 लोकसभा चुनाव में सभी निर्दल उम्मीदवारों से अधिक नोटा पर मतदान हुआ।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में गोंडा, कैसरगंज, बहराइच व श्रावस्ती सीटों के लिए हुए चुनाव में 47926 नोटा के वोटों की गिनती हुई थी। वहीं 2019 में 51883 लोगों ने नोटा के बटन दबाए थे। यानि 2014 के मुकाबले 2019 में नोटा की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में माना जाए तो नोटा की संख्या में इस बार भी इजाफा हो सकता है। हालांकि चुनाव के बाद ही पता चलेगा।



### 2019 के चुनाव में नोटा के आंकड़े




### 2014 में नोटा की स्थिति

| | |
|---|---|
| श्रावस्ती | – 14,587 |
| बहराइच | – 13,498 |
| कैसरगंज | – 11,853 |
| गोंडा | – 7,988 |

### उम्मीदवारों को नोटा से कम मिले वोट

लोकसभा चुनाव 2014 में गोंडा लोकसभा में 14 उम्मीदवार थे। इसमें आठ उम्मीदवारों को नोटा से कम मत प्राप्त हुए थे। 2019 में 15 उम्मीदवार मैदान में थे जिनमें 12 उम्मीदवारों को नोटा से कम मत प्राप्त हुए थे। इसी तरह कैसरगंज सीट से 2014 में 14 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें 10 उम्मीदवारों को नोटा से कम वोट मिले थे। 2019 में 12 उम्मीदवारों में 9 प्रत्याशियों को नोटा का आधा वोट भी नहीं मिला था। यही हाल बहराइच व श्रावस्ती में था। श्रावस्ती में 2019 में 17 हजार से अधिक नोटा का प्रयोग किया गया था।

### 2013 में ईवीएम में मिला स्थान

पीपुल्स यूनियन आफ सिविल लिबर्टीज( पीयूसीएल) संगठन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। इसमें सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को नागरिकों के अधिकार का हवाला देते हुए यह आदेश पारित किया था कि चुनाव के दौरान यह आप्शन रखा जाए जिसमें किसी प्रत्याशी के पसंद न आने पर लोगों को विकल्प मिल सके। 2013 में सरकार ने ईवीएम में सबसे नीचे एक लाल रंग की बटन की व्यवस्था की जिसका नाम नोटा( नन आफ एवब) यानि इनमें से कोई नहीं का विकल्प दिया गया। इसका असर 2014 के लोकसभा व अन्य विधानसभाओं के चुनाव में खूब दिखा।

## लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट से मुकेश सिंह चौहान कांग्रेस प्रत्याशी



अमृत विचार, लखनऊ। विधानसभा की खाली सीटों पर उप चुनाव के तहत कांग्रेस ने लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट से मुकेश सिंह चौहान प्रत्याशी घोषित किया है। मुकेश सिंह चौहान नगर निगम के पार्षद व प्रदेश कांग्रेस के महासचिव हैं। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डॉ अलीमुल्लाह खान ने कहा कि एक लोकप्रिय प्रत्याशी घोषित होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ–साथ पूरे विधानसभा में आम लोगों में उत्साह है।

उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में जीत हासिल करेगी। मालूम हो कि भाजपा नेता पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन के निधन के कारण यह सीट खाली हुई थी। भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा की खाली चार सीटों लखनऊ पूर्वी, दुद्धी, ददरौली व गैसड़ी शामिल हैं।

## चुनावी चक्कर

**अखिलेश के पोस्टर के साथ शर्मनाक हरकत :** वाराणसी में एक शख्स ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के पोस्टर के साथ शर्मनाक हरकत की। यहां तक कि अपनी अभद्र भाषा का शिकार वह अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को भी बनाता है। उसने फेसबुक पर लाइव आकर यह हरकत की। घटना का वीडियो वायरल हुआ तो सपा के पदाधिकारियों ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज करायी। आरोपी की पहचान दीपक चौहान उर्फ बड़ेलाल चौहान के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 504 और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

**हे 'राम' आपने भी बोल दिया? :** लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाओं का बाजार भी गरम है। कोई संविधान खत्म करने की बात कर रहा तो कोई बदलाव की। अयोध्या से भाजपा सांसद लल्लू सिंह के बाद अब मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल का भी संविधान में बदलाव करने का एक वीडियो वायरल हुआ है। अरुण गोविल पत्रकारों से कह रहे हैं, जब संविधान बनाया गया था उस समय परिस्थितियां कुछ और थीं, आज की कुछ और हैं। इसके बाद पत्रकारों ने अरुण गोविल से भाजपा के 400 पार वाले नारे पर सवाल किया। इस पर अरुण गोविल बोले– मुझे ये महसूस होता है क्योंकि मोदी जी ऐसे ही कोई बात नहीं कहते हैं, उसके पीछे कोई न कोई अर्थ जरूरत होता है।

# हैट्रिक मारेगी भाजपा या बैंड बजा देंगे निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी

**छात्र राजनीति से आए भाटी की सभाओं में उमड़ने वाली भीड़ कर रही बहुत कुछ इशारा**

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** बाड़मेर के रण में इस बार मुकाबला काफी दिलचस्प है। हैट्रिक लगाने की तैयारी में जुटी भाजपा की राह में रोड़ा बन गए हैं, निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी। कभी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मजबूत कार्यकर्ता रहे भाटी के बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंकने से मुकाबला काफी रोचक हो गया है। भाटी और भाजपा की लड़ाई में कांग्रेस खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है, उसके रणनीतिकारों को लगता है कि 2014 में मिले हार के जख्म को इस बार वह आसानी से भर लेगी। हालांकि ऊंट किस करवट बैठेगा यह कह पाना तो किसी जानकार के लिए भी बहुत आसान नहीं है, लेकिन जिस तरह भाटी के साथ मतदाताओं का हुजूम उमड़ रहा है, उसने बड़े- बड़ों के माथे पर बल जरूर ला दिया है। वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस क्षेत्र में जनसभा कर माहौल भाजपा के पक्ष में करने की कोशिश की है पर इसमें उन्हें कितनी कामयाबी मिली यह परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा।

## भाजपा के लिए नाक का सवाल बनी बाड़मेर सीट

- राजस्थान की सत्ता पर हाल ही में काबिज हुई भाजपा के लिए बाड़मेर–जैसलमेर लोकसभा सीट नाक का सवाल बन गई है। इसी जिले की शेओ विधानसभा सीट से रवींद्र सिंह भाटी निर्दलीय विधायक हैं। उन्होंने यहां से भाजपा के उम्मीदवार को हरा दिया था। भाटी की चुनौती से निपटने के लिए भाजपा ने प्रधानमंत्री की रैली कराने के साथ ही जल्द ही अन्य बड़े नेताओं की सभा कराने की तैयारी शुरू कर दी है। इन परिस्थितियों में कांग्रेस के नेता इस रोचक होते जा रहे मुकाबले में मैदान मारने की जुगत लगा रहे हैं।
- भाटी को उम्मीद थी कि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधायक बनने के बाद भाजपा उन्हें लोकसभा का टिकट दे देगी पर पार्टी ने यहां से केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी को पुनः मैदान में उतार दिया है तो कांग्रेस ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से आए उम्मेदा राम बेनीवाल को अपना चेहरा बनाया है। भाजपा के स्थानीय नेताओं ने भाटी को मनाने की काफी कोशिश की पर वे सफल नहीं हुए। भाजपा के वोट बैंक में सेंधमारी कर भाटी लगातार मजबूत हो रहे हैं, पार्टी इसी बात से चिंतित है।




### कांग्रेस नेता सचिन पायलट से लोग कर रहे तुलना

राजपूत समुदाय से आने वाले 26 वर्षीय भाटी छात्र राजनीति से निकले हैं। उनकी चुनावी रैलियों में खासकर बाड़मेर क्षेत्र में भारी भीड़ जुटती है और उनका हौसला बढ़ाती है। युवाओ, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच उनकी बढ़ती लोकप्रियता का जिक्र करते हुए लोग उनकी तुलना सचिन पायलट से करते नजर आते हैं। उधर, रविंदर भाटी का कहना है कि " मुझे भरोसा है, सभी पिता समान लोग, मातृ शक्ति और युवा साथी और 36 समुदायों के लोग जो आ रहे हैं, उनके समर्थन से रविंदर आगे आएगा और एक नेता की तरह नहीं, बल्कि एक बेटे की तरह क्षेत्र के लिए काम करेगा।"

### मानवेंद्र सिंह की घर वापसी से भाजपा को मिली राहत

भाजपा के दिग्गज नेता रहे पूर्व विदेश मंत्री स्व .जसवंत सिंह के पुत्र मानवेंद्र सिंह की भाजपा में वापसी हो गई है। मानवेंद्र सिंह भाजपा नेतृत्व से नाराज होकर अक्टूबर 2018 में कांग्रेस में चले गए थे। उनकी वापसी से भाजपा को राहत मिली है क्योंकि रवींद्र सिंह भाटी के निर्दलीय मैदान में आने से भाजपा को यहां नुकसान होता दिख रहा था। पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की घर वापसी से पार्टी को बड़ी राहत मिली है। पिता जसवंत सिंह को लोकसभा टिकट न मिलने के बाद मानवेंद्र सिंह ने भाजपा को अलविदा कहा था।

### 6.5 लाख ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में



बाड़मेर–जैसलमेर लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार कैलाश चौधरी जाट समुदाय से हैं तो रवींद्र सिंह भाटी राजपूत हैं। कांग्रेस उम्मीदवार उम्मेदाराम बेनीवाल भी जाट हैं। यहां अगर जातिगत आधार पर मतदाताओं की स्थिति देखें तो ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। यहां पर सबसे ज्यादा 4 .5 लाख जाट मतदाता हैं तो राजपूतों की संख्या भी करीब सवा तीन लाख है। मुस्लिम मतदाता 2 .7 लाख और ओबीसी मतदाताओं की संख्या 6 .5 लाख है। एससी– एसटी मतदाताओं की बात करें तो उनकी संख्या चार लाख के आसपास है।

---

**तालों के लिए मशहूर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कारण देश-दुनिया में जाना जाता है। मुस्लिम बहुल अलीगढ़ लोकसभा सीट पर बीते दो चुनावों से भाजपा जीत रही है। इस बार उसकी नजर जीत की हैट्रिक पर है, लेकिन पार्टी के मौजूदा ब्राह्मण सांसद के सामने बसपा के भी ब्राह्मण चेहरा उतारने और सपा-कांग्रेस गठबंधन से जाट प्रत्याशी होने से लड़ाई दो ब्राह्मण और एक जाट प्रत्याशी के बीच सिमटकर रोचक हो गई है। ऐसे में सपा कभी लहर तो कभी ध्रुवीकरण की चाबी से यहां खुलने वाला जीत का ताला खोलने की कोशिश में जुटी है।**

# अलीगढ़ का ताला खोलने का तिलिस्म तलाश रही सपा

- भाजपा की जीत की हैट्रिक से रोकने के लिए बसपा ने भी ब्राह्मण प्रत्याशी मैदान में उतारा
- समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस छोड़कर आए जाट बिरादरी के पूर्व सांसद पर खेला दांव

**1991**
1996, 1998 और 1999 में भाजपा की शीला गौतम ने लगाया था जीत का चौका

**मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र लेकिन बीते 67 साल से कोई मुस्लिम प्रत्याशी यहां नहीं जीता**
**इस बार के चुनाव में किसी भी प्रमुख दल ने मुस्लिम चेहरे को मैदान में नहीं उतारा**




**02**
ब्राह्मण प्रत्याशियों की जंग में जाट उम्मीदवार दिखा पाएगा कमाल, बड़ा सवाल



मनोज त्रिपाठी


**अमृत विचारः** 1952 और 1957 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां बड़ी जीत दर्ज की थी। लेकिन इसके बाद हर चुनाव में इस लोकसभा सीट पर गैर कांग्रेसी दलों का ही परचम लहराता रहा। 1967 और 1971 में भारतीय क्रांति दल तो 1977 और 1980 में जनता दल ने चुनावी जीत हासिल की। हालांकि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां वापसी की। लेकिन 1989 के चुनाव में जनता दल के सत्यपाल मलिक ने कांग्रेस को हरा दिया। इसके बाद राम मंदिर आंदोलन आगे बढ़ा तो अलीगढ़ की राजनीति भारतीय जनता पार्टी की तरफ मुड़ गई। वर्ष 1991, 1996, 1998 और 1999 के चुनाव में भाजपा की शीला गौतम ने लगातार जीत दर्ज करके यहां कमल खिलाए रखा। 2004 के चुनाव में कांग्रेस को आखिरी बार अलीगढ़ सीट से जीत मिली थी। 2009 के चुनाव में बसपा की राजकुमारी चौहान को जीत मिली। लेकिन 2014 की मोदी लहर में जीतने वाली भाजपा ने अपनी जीत की लय को 2019 में बरकरार रखा है।

**2019 का जनादेश**

| दल | प्रत्याशी | मत मिले | मत प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| भाजपा | सतीश कुमार गौतम | 6,56,215 | 56 .80 |
| बसपा | डॉ . अजीत बलियान | 4,26,954 | 37 .10 |
| कांग्रेस | विजेंद्र सिंह | 50,880 | 04 .50 |

**2022 विधान सभा चुनाव में प्रमुख दलों का मत प्रतिशत**

| भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|
| 51.65% | 23.90% | 15.10% | 1.95% |




### बसपा के खाते में एक जीत पर सपा पहली जीत को तरस रही

अलीगढ़ लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी अभी तक पहली चुनावी जीत के लिए तरस रही है। इस सीट से लगातार प्रत्याशी उतारने के बावजूद वह आज तक अलीगढ़ की राजनीति का बंद ताला नहीं खोल पाई है। बहुजन समाज पार्टी को भी इस सीट पर केवल एक बार 2009 में ही जीत नसीब हुई है।

**विकास और ट्रैफिक जाम स्थानीय मुद्दे**

### 1957 के बाद कोई मुस्लिम प्रत्याशी इस मुस्लिम बाहुल्य सीट से नहीं जीत पाया

- मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद अलीगढ़ लोकसभा सीट से 1957 के बाद किसी मुस्लिम उम्मीदवार को जीत नहीं मिल सकी है। 1957 में अलीगढ़ से मुस्लिम सांसद बनने वाले जमाल ख्वाजा एकमात्र नेता थे। इस बार के लोकसभा चुनाव में तो किसी भी प्रमुख दल ने किसी मुस्लिम प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा है। यहां तक कि पीडीए ( पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) का नारा लगाकर चुनावी सफलता की उम्मीद लगाने वाली समाजवादी पार्टी ने भी यहां अल्पसंख्यक प्रत्याशी नहीं दिया है। भाजपा और बसपा के साथ उसने भी हिंदू चेहरे पर ही दांव लगाया है।

**लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा ने जमाया था कब्जा :** अलीगढ़ लोकसभा क्षेत्र के तहत कुल पांच विधानसभा सीटें खैर, बरौली, अतरौली, कोल और अलीगढ़ आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांच सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था।

**कल्याण सिंह के बिना पहला चुनाव बन सकते नए राजनीतिक समीकरण :** अलीगढ़ की राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह 'बाबूजी' का प्रभाव गहरे तक है। उनके बिना यह पहला लोकसभा चुनाव है। भाजपा उनके प्रभाव से खुद को मजबूत मान रही है। लेकिन विरोधी दल कल्याण सिंह के नहीं होने पर नए समीकरण गढ़कर लोकसभा सीट पर खासतौर पर लोध मतदाताओं के बीच तस्वीर बदलना चाहते हैं।

**20 लाख**
**मतदाताओं में मुस्लिम, जाट, जाटव, ठाकुर व ब्राह्मण मत सर्वाधिक**

अलीगढ़ में मतदाताओं की संख्या करीब 20 लाख है। जातीय समीकरणों के लिहाज से यहां 3 .50 लाख मुस्लिम मतदाता हैं। करीब 2 .5 लाख जाट मतदाता, 2 लाख जाटव, 2 लाख के आसपास ठाकुर मतदाता, 1 .5 लाख ब्राह्मण और एक–एक लाख की संख्या में बघेल, वैश्य, लोध, यादव मतदाता हैं।

## प्रत्याशियों का प्रोफाइल

### चौधरी विजेंद्र सिंह : समाजवादी पार्टी प्रत्याशी

विजेंद्र सिंह कांग्रेस से एक बार सांसद और तीन बार विधायक रह चुके हैं। जाट नेता विजेंद्र सिंह ने वर्ष 2020 में कांग्रेस का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। तभी से वह लोकसभा चुनाव का टिकट पाने की कोशिश में लगे थे। चौधरी विजेंद्र सिंह ने वर्ष 2004 में कांग्रेस के टिकट पर अलीगढ़ से लोकसभा चुनाव जीता था। लेकिन इसके बाद वह लोकसभा के लगातार तीन 2009, 2014 और 2019 में चुनाव हार चुके हैं। 2014 व 2019 के चुनाव में उनकी जमानत भी नहीं बची थी। माना जा रहा है कि विजेंद्र सिंह के जरिए सपा ने जाट लैंड पर निशाना साधा है।

### सतीश गौतम : सांसद भाजपा के प्रत्याशी

अलीगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद सतीश गौतम लगातार दो चुनाव जीत चुके हैं। हालांकि उनका कई विवादों से नाता रहा है। इसके चलते भाजपा से टिकट की दौड़ में पूर्व सांसद शीला गौतम की पुत्र वधू नमिता गौतम, पूर्व उर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, विधायक जयवीर सिंह और अनिल पाराशर शामिल थे। लेकिन गौतम ने सभी को पछाड़ कर हाईकमान का भरोसा जीतने में सफलता पाई। इससे पहले सतीश गौतम का नाम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में प्रमुखता से लिया जा रहा था।

### हितेंद्र उपाध्याय बंटी : बसपा से प्रत्याशी

बहुजन समाज पार्टी ने अलीगढ़ से पहले एआईएमआईएम के नेता गुफरान नूर का टिकट घोषित किया था। लेकिन उन्हें हार्ट अटैक आने और अस्पताल में भर्ती होने के बाद पार्टी ने टिकट काटकर भाजपा में सक्रिय रहे हितेंद्र उपाध्याय बंटी को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी का यह फैसला चौंकाने वाला माना जा रहा है। रीयल स्टेट कारोबारी बंटी लंबे समय से ब्राह्मण समाज की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव में भी अलीगढ़ से भाजपा से टिकट की दावेदारी की थी।

## तीनों प्रत्याशियों को साधना पड़ रहा संगठन और जातीय आधार

पहले बसपा ने अलीगढ़ लोकसभा सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी उतारा था। लेकिन बाद में उसका टिकट काटकर रीयल एस्टेट के कारोबारी और भाजपा से आए ब्राह्मण चेहरे हितेंद्र उपाध्याय पर दांव लगा दिया। इससे अलीगढ़ में इस बार चुनाव के सियासी समीकरण बदल गए हैं। बदली परिस्थितयों में जानकार भाजपा के ब्राह्मण प्रत्याशी और मौजूदा सांसद सतीश गौतम की राह आसान नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि टिकट की जंग में तो गौतम जीत गए हैं, मगर असली चुनौती अब सभी को साथ लेकर चुनाव लड़ने की है, तभी उन्हें बड़ी जीत मिल पाएगी। हालांकि कुछ ऐसा ही हाल समाजवादी पार्टी के भीतर भी है। कांग्रेस से आए चौ. बिजेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाने का फैसला कुछ सपा नेता पचा नहीं पा रहे हैं। उधर, बसपा के पास अपना कैडर वोट है। लेकिन नामांकन से पहले आए ब्राह्मण प्रत्याशी को दलित मतदाताओं के सामने अपनी पहचान बनाने और ब्राह्मण समाज के वोट बांटने का हुनर दिखाना है।

**चप्पल मिला चुनाव निशान :** अलीगढ़ में एक निर्दलीय प्रत्याशी पंडित केशव देव लोगों के कौतुहल का विषय बने हैं। वह चप्पलों की माला पहनकर सुबह चुनाव प्रचार के लिए निकल पड़ते हैं। इसकी वजय यह है कि उन्हें चुनाव आयोग से चप्पल चुनाव चिह्न आवंटित हुआ है।

---

# अमेठी और रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा 26 के बाद

नई दिल्ली, ब्यूरो

- वायनाड में 26 को मतदान, इससे पहले राहुल गांधी को प्रत्याशी घोषित करने पर दक्षिण भारत में जा सकता है गलत संदेश

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में कुछ सीटों को लेकर कांग्रेस एवं भाजपा काफी असमंजस में हैं। रायबरेली व अमेठी संसदीय क्षेत्र से किसे मैदान में उतारा जाए, इस सवाल का जवाब खोजना कांग्रेस के लिए काफी भारी पड़ रहा है। कांग्रेस हाईकमान ने 26 अप्रैल के बाद दोनों सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल करने के संकेत दिए हैं। करनैल गंज सीट पर भाजपा की भी कुछ ऐसी ही स्थिति है।

2019 के चुनाव में राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हार गए थे। अब कांग्रेस इसे भाजपा का दुर्ग समझ कर देख रही है, जबकि स्थानीय जनता का दबाव है कि रायबरेली एवं अमेठी सीट से गांधी परिवार के ही किसी सदस्य को मैदान में उतारा जाए क्योंकि दोनों सीटों पर लंबे समय तक कांग्रेस का ही कब्जा रहा है। हालांकि इस बार अमेठी और रायबरेली की सभी विधानसभा सीटों में एक भी कांग्रेस के पास नहीं है।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक रायबरेली एवं अमेठी संसदीय क्षेत्र से राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के साथ रॉबर्ट वाड्रा का नाम भी संभावित प्रत्याशियों में चल रहा है। इंडिया गठबंधन के नेताओं का तर्क है कि यदि गांधी परिवार से इन दोनों सीटों पर उम्मीदवार आएंगे तो पूरे प्रदेश में संदेश जाएगा, अन्यथा कांग्रेस के परंपरागत मतदाता हताश हो सकते हैं। इन स्थितियों को देखते हुए कांग्रेस ने अब दोनों सीटों पर 26 अप्रैल के बाद उम्मीदवार घोषित करने की डेडलाइन तय कर दी है। दरअसल, 26 अप्रैल को वायनाड संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। यदि 26 से पहले राहुल को उत्तर प्रदेश से भी चुनाव लड़ने की बात तय की जाएगी तो इसका विपरीत असर न सिर्फ केरल बल्कि पूरे दक्षिण भारत में पार्टी की संभावनाओं पर पड़ सकता है।

उधर, भाजपा करनैलगंज सीट पर फंसी है। यहां से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का महिला खिलाड़ियों ने काफी विरोध किया था। लेकिन एक जातीय संगठन भाजपा हाईकमान पर दबाव बना रहा है कि बृजभूषण या उनके परिवार को ही टिकट दिया जाए।

## रोज 100 करोड़ की नकदी व शराब की जा रही बरामद

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** चुनाव संहिता लागू होने के बाद रोज औसतन 100 करोड़ से ज्यादा की नकदी व शराब बरामद की जा रही हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात व्यय पर्यवेक्षकों की सतर्कता से अब तक 4658 करोड़ से ज्यादा की नकदी और शराब पकड़ी जा चुकी है। इनमें वे राज्य भी शामिल हैं, जहां पूर्ण शराबबंदी है। इस बरामदगी ने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। गुजरात, बिहार, मिजोरम एवं नागालैंड जहां शराब प्रतिबंधित है, वहां भी शराब पकड़ी गई है। हालांकि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में कम शराब बरामद हुई है। सर्वाधिक शराब कर्नाटक में एक करोड़ 30 लाख लीटर बरामद हुई है। इसके बाद राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, बंगाल, मध्य प्रदेश, असम का नंबर है। इस बार आयोग ने राज्य सरकार एवं नागरिकों की मदद से ऐसी तकनीक विकसित की है जिसके तहत काला धन के साथ-साथ शराब, ड्रग्स एवं लुभावने उपहार बरामद हो रहे हैं।

## दिग्विजय, कमलनाथ क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रहे

भोपाल

- भाजपा की कड़ी चुनौती के सामने दिग्गज कांग्रेसियों को बहाना पड़ रहा अपनी सीटों पर पसीना

**अमृत विचार :** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए अपने वरिष्ठ नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें राजगढ़ से दिग्विजय सिंह, छिंदवाड़ा में कमल नाथ के पुत्र नकुल नाथ और रतलाम से कांतिलाल भूरिया हैं। लेकिन भाजपा की चुनौती से निपटने में हालत यह है कि तीनों नेता अपने निर्वाचन क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

कांग्रेस ने अपने दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को राजगढ़ से चुनाव मैदान में उतारा है। वह 33 साल बाद राजगढ़ से चुनाव लड़ रहे हैं। पूरे क्षेत्र में उन्होंने पदयात्रा की है। लेकिन राजगढ़ से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। राजगढ़ से भाजपा ने मौजूदा सांसद रोडमल सिंह नागर को टिकट दिया है। इसी तरह कमल नाथ छिंदवाड़ा में उलझे हैं। कांग्रेस ने उनके पुत्र नकुल नाथ को दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। कमल नाथ बेटे के चुनाव प्रचार की कमान संभाले हैं और क्षेत्र से बाहर ही नहीं निकले हैं। छिंदवाड़ा सीट पर पिछले 45 साल से कमलनाथ का कब्जा है। प्रदेश में यही एकमात्र सीट है जो भाजपा नहीं जीत पा रही है। इस बार भाजपा ने यहां से बंटी साहू को टिकट दिया है। चुनाव से पहले ही कई दिग्गज कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं, जो कमलनाथ की परेशानी और बढ़ा रहे हैं।

कुछ ऐसी ही स्थिति कांतिलाल भूरिया की है। वह भी रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट पर उलझे हैं। भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद गुमान सिंह डामोर का टिकट काटकर प्रदेश में कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनीता चौहान को टिकट दिया है, जो भूरिया को कड़ी टक्कर देती नजर आ रही हैं।



**हम हाथ के साथ** कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी वायनाड लोकसभा सीट से दूसरी बार मैदान में हैं। चुनाव प्रचार के लिए वह नीलगिरी कॉलेज पहुंचे तो छात्राओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया।

# धर्म दर्शन



## मर्यादा और अनुकरणीय गुणों के स्वामी श्रीराम

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम भारतीय जनमानस में बसते हैं। इतिहास का कोई पृष्ठ नहीं जहां श्रीराम का प्रभाव न हो, समाज का कोई वर्ग नहीं, जो राम भक्ति से अछूता हो। यहां पिछले सहस्त्र वर्षों से आज तक जनता यदि किसी आदर्श शासनतंत्र को जानती है तो वो है रामराज्य। राम शक्ति की मर्यादा भी जानते हैं और अपनी शक्ति से दूसरे के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण नहीं करते। इसीलिए राम मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाते हैं। श्रीराम सत्य में धर्म की मूर्ति के समान हैं।

'सत्ये धर्म इवा पर' भगवान श्रीराम को वाल्मीकि ने धर्म का मूर्त रूप कहा है- रामो विग्रहवान् धर्मः। धर्म तो निराकार है,किंतु यदि उसकी मूर्ति की कल्पना की जाए तो श्रीराम के समान वह मूर्ति होगी। इसी बात को यहां कहा गया है। वे सभी शास्त्रों के तत्व को जानने वाले। सर्वशास्त्रार्थ तत्वज्ञ वे श्रीराम सभी उत्कृष्ट गुणों से संपन्न हैं। स च सर्वगुणोपेत वैशेषिक दर्शन में 24 गुण माने गए हैं। सभी का समावेश श्रीराम में है। भगवान श्रीराम का धैर्य हिमालय के समान है,जिस प्रकार हिमालय कभी अपने स्थान से हिलता-डुलता नहीं है,उसी प्रकार भगवान श्रीराम कभी विचलित नहीं होते हैं। भगवान राम विषम परिस्थितियों में भी नीति सम्मत रहे। उन्होंने वेदों और मर्यादा का पालन करते हुए सुखी राज्य की स्थापना की। स्वयं की भावना व सुखों से समझौता कर न्याय और सत्य का साथ दिया। फिर चाहे राज्य त्यागने, बालि का वध करने, रावण का संहार करने या सीता को वन भेजने की बात ही क्यों न हो। भगवान श्रीराम संपूर्ण संसार को अपने वश में करने वाले हैं। भगवान राम का व्यक्तित्व भी अनुपम था। महर्षि वाल्मीकि ने उनके व्यक्तित्व का वर्णन करते हुए लिखा है, 'उनका चेहरा चंद्रमा के समान सौम्य, कांतिवाला, कोमल और सुंदर था। उनकी आंखें बड़ी और कमल के समान थीं। उनकी नाक उन्नत और चेहरे के अनुरूप सुडौल थी। उनके होंठों का रंग उगते हुए सूर्य की तरह रक्ताभ था। वह विद्वान, बुद्धिमान और अच्छे वक्ता थे। संपूर्ण विद्याओं में पारंगत और वेदों के ज्ञाता थे। शस्त्र विद्या में वे अपने पिता से भी आगे थे,उनकी स्मरण शक्ति अद्भुत थी। कोई कितना भी प्रयास कर ले,उन्हें कभी क्रोध नहीं आता था।' ये राम के आदर्श गुण ही हैं,जो सदियों से हमारी संस्कृति के नायक हैं। भगवान श्रीराम की प्रतिज्ञा सत्य होती है। उनकी प्रतिज्ञा है कि "सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते। अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद् व्रतं मम।।" अर्थात् जो कोई एक बार भी मेरी शरण में आ जाता है और याचना करता है कि मैं आपका हूं तो उसे मैं सभी प्राणियों के भय से मुक्ति दिलाता हूं। भगवान की यह प्रतिज्ञा सत्य है, इसलिए उन्हें सत्यसंधः कहा गया है।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

## शीलगुण निधान मर्यादा पुरुषोत्तम

चक्रवर्ती राजा दशरथ के महल (अयोध्या) में धरती का समस्त वैभव विद्यमान था। फिर भी वे मन ही मन निस्संतान होने के दुख में डूबे रहते थे। दंपति की सारी संपदा ढेले के समान है। यदि घर में बच्चों की किलकारी की मिसरी घुली गूंज न हो। थोड़ी कल्पना कीजिए, राजा दशरथ और तीनों माताओं को महल का वह ऐश्वर्य, सुख-भोग-विलास उनके मन से कितना उत्साहित कर पाता होगा।

मर्यादा मानवोत्तम श्रीराम ने पुत्ररूप में जन्म (अवतरण) लेकर इसी इक्ष्वाकु वंशी अयोध्या नरेश दथरथ के राजमहल के सूनेपन को किलकारियों से भर दिया। इस निमित्त के अनेक गूढ़ार्थ को ज्ञानीजन भलीभांति समझते हैं। चौथेपन में पुत्र-प्राप्ति के लिए पुत्रेष्ठि यज्ञ फलीभूत हुआ किया, किंतु श्रीहरि के विशायकाय रूप को देखकर कौशल्या का अचरज से भर जाना स्वाभाविक था। हे प्रभु! वात्सल्य-स्नेह की पूर्णता इसी में है कि आप मेरे गर्भ से जन्म लीजिए। मैं प्रसव पीड़ा के सुख के लिए वर्षों से तरस रही हूं। माता कौशल्या की मनौती पूरी हुई। नवजात शिशु रूप में रामलला चैत्र मास के शुक्ल पक्ष, तिथि नवमी पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न की शुभ मुहूर्त बेला में श्रीराम सहित चारों भाइयों के जन्मते ही कौशल्या के अलावा कैकेयी और सुमित्रा की सूनी गोद भी भर गई। चैत्र नवरात्रि के पवित्र दिवस (नवमी) शक्ति उपासना-आराधना के विराम का भी होता है। यही दिवस प्रभु राम के जन्म का भी है। तीनों लोक सहित अयोध्या, इस जन्मोत्सव पर इस भांति आनंदमग्न हो गई जैसे वहां के प्रत्येक घर में राम पैदा हुए हों। राजा दशरथ ने आदेश दिया कि प्रत्येक पुरवासी के घर को महल जैसा सजा दिया जाए। पथ फूलों से पाट दिए जाए। राजा और रानियों ने तो नेकचार के रूप में हीरे-जवाहरात, माणिक, मोती बांटे। महल में मैय्या कौशल्या सहित दो अन्य माताएं क्रमश: कैकेई से धर्मधुरीण-भरत और सुमित्रा से साक्षात शेषनाग अवतार लक्ष्मण और शत्रुओं का दमन करने वाले सबसे छोटे और सबके दुलारे भैया शत्रुघ्न ने जन्म लिया था। श्रीराम सहित अनुजों के बालपन की अगणित बालसुलभ चेष्टाओं से दशरथ महल का कोना-कोना पुलकित हो गया।



संतोष कुमार तिवारी
शिक्षक, नैनीताल

गुरु वशिष्ठ से दीक्षित श्रीराम कालांतर में आज्ञाकारी, शांत स्वभाव,आजानुबाहु, विशाल वक्ष और धीरोदात्त नायक के समस्त गुणों से संपन्न चर्चा में तब आए, जब यज्ञ-रक्षा हेतु राम और लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ राजा जनक की पुत्री सीता के स्वयंवर (विवाह) में जनकपुर पहुंचे और शिव-पिनाक भंग कर सियावर रामचंद्र कहलाए। वे आजीवन पिता, पुत्र, पति, भाई, सखा व प्रजा सहित समस्त प्राणी मात्र के प्रति समदर्शी, समर्पित व उदारमना महापुरुष के रूप में जाने जाते रहे। जीवन को साक्षी भाव से तटस्थ मुद्रा में देखते हुए कर्तापन और उपलब्धि का श्रेय लेने की दौड़ से वे हमेशा दूर रहे। राम द्वारा शिव धनुष पिनाक के भंग हुआ,तब परशुराम के क्रोध से विचलित हुए बिना हाथ जोड़कर अपना परिचय देते हुए कहा मेरा दो अक्षर का नाम राम है और आप परशुराम। मुझे अपना सेवक मानकर आज्ञा दीजिए।

कैकेई के दो वरदान जिनमें स्वयं के लिए वनगमन का समाचार सुन श्रीराम मुस्काते हुए तैयार हो गए तथा सबसे पहले आशीर्वाद लेने माता कैकेई के ही पास पहुंचे। अपनी इन्हीं अगणित विशिष्टताओं के फलस्वरूप ही तो वे शीलगुण निधान मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाते हैं।


यह रामनवमी (17 अप्रैल) कई दृष्टि से विशिष्ट हैं। आज पांच सौ वर्षों के अंतराल पर अयोध्या राजा विक्रमादित्य की अयोध्या नगरी के समान दिव्य-भव्य और नव्यता को प्राप्त हो गई है। राम मंदिर में बालरूप में श्रीराम (रामलला) विराज रहे हैं। उनकी एक झलक पाने के लिए प्रतिदिन देशभर से श्रद्धालु श्रीधाम अयोध्या पहुंच रहे हैं। अपने खोए हुए वैभव को पुन: प्राप्त कर आज अयोध्या नगरी की वीथियां मोगरा सदृश्य फूलों से पटी पड़ी हैं। रामजन्म पर गाए जाने वाले सुमंगल गीत सोहर की अनुगूंज चारो दिशाओं में विद्यमान हैं।

## ब्रह्म का महत्व

ब्रह्म ह देवेभ्यो विजिग्ये। तस्य ह ब्रह्मणो विजये देवा अमहीयन्त।। 'ह' शब्द यहां इतिहास अर्थात् ऐसा कहा जाता है के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। कहते हैं कि ब्रह्म ने देवताओं के लिए देवासुर संग्राम में विजय प्राप्त की। ब्रह्म की इस विजय में देवता गण अपनी विजय मानकर स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करने लगे। देवासुर संग्राम में परब्रह्म पुरुषोत्तम ने देवों पर कृपा करके उन्हें शक्ति प्रदान की थी जिससे देवताओं ने असुरों पर विजय पाई थी। इस विजय में देवता तो निमित्तमात्र थे,परंतु इस ओर देवताओं का ध्यान नहीं गया और वे अभिमान वश यह मानने लगे कि हमने ही अपने बल व पौरुष से असुरों को पराजित किया है।

तद्धैषां विजज्ञौ तेभ्यो ह प्रादुर्बभूव तन्न व्यजानत किमिदं यक्षमिति।। कहते हैं कि वह ब्रह्म देवताओं के इस अभिप्राय को जान गया और उनके सामने यक्ष के रूप में प्रकट हुआ। देवता लोग यह न जान सके कि यह भव्य मूर्ति कौन है? समस्त जीवों के मन एवं इंद्रियों के प्रेरक अंतर्यामी परमब्रह्म ने देवताओं के मिथ्याभिमान को जान लिया। उन्हें आशंका हुई कि कहीं असुरों के समान देवगण भी अपने मिथ्याभिमान के कारण पतन को न प्राप्त हो जाएं। अतः देवताओं पर कृपा करके उनका मिथ्याभिमान दूर करने के लिए अपनी योगमाया से अत्यंत अद्भुत रूप धारण करके वह परब्रह्म उन्हीं देवताओं के समक्ष यक्ष के रूप में प्रकट हुए। देवता यह नहीं जान सके कि यक्ष रूप में प्रकट यह महापुरुष कौन हैं। अग्नि,वायु, इन्द्र आदि देवता चकित हो उसे देखते रहे। जातवेदा अग्निदेव को सबसे अधिक बुद्धिमान जानकर देवताओं ने उन्हें यक्ष के पास भेजा। यक्ष ने अग्निदेव से पूछा,आप कौन हैं? आपकी विशेषता क्या है? अग्निदेव ने कहा कि वे जातवेदा हैं,किसी भी वस्तु को जला सकते हैं। तब यक्ष ने उनके सामने एक तिनका रख दिया और कहा कि इसे जलाओ। अग्निदेव अपनी पूरी ताकत लगाकर उस तिनके को जला न सके और लज्जित होकर वापस चले आए। तत्पश्चात वायुदेव उस यक्ष के पास गए। उनका परिचय पाकर यक्ष ने उसी तिनके को उनके सामने रख दिया और उसे उड़ाने को कहा,लेकिन अपनी पूरी शक्ति लगाने के बावजूद वायुदेव उस तिनके को हिला तक नहीं सके।

इसके बाद जब इन्द्र स्वयं उस यक्ष के पास गए तो इन्द्र को लज्जाजनक स्थिति से बचाने के लिए वह यक्ष वहीं अदृश्य हो गया। इन्द्र उस यक्ष के बारे में काफी देर तक सोचते रहे। इस बीच वहां एक देवी प्रकट हुईं। उन्होंने अपना परिचय उमा के रूप में दिया और बताया कि सर्वशक्तिमान ब्रह्म ही देवताओं का मिथ्याभिमान दूर करने के लिए यक्ष के रूप में प्रकट हुआ था। इतना कहकर वह देवी वहीं अंतर्ध्यान हो गईं। ब्रह्म का परिचय उसकी शक्ति है। शक्ति के बिना शक्तिमान कैसा? इकारांत 'इ' के बिना शिव शव हो जाता है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## संपूर्ण जगत की ईश्वरी हैं मां ललिता

त्रिपुरसुंदरी मां ललिता जिसमें सृष्टि का सारा सौंदर्य समाहित है उनकी उपासना में श्रीचक्र की आराधना का विधान है। श्रीचक्र एक ऐसा विज्ञान है,जो बिंदु, त्रिकोण, वलय रेखा और दल के माध्यम से संपूर्ण ब्रह्मांड की सृष्टि,स्थिति और लय के साथ विग्रह और अनुग्रह की विवेचना प्रस्तुत करता है। मानव शरीर एक श्रीचक्र है,जो ब्रह्मांड में है,वही पिंड में है। श्रीचक्र के नौ आवरण मानव शारीर के नवद्वार हैं। मां भक्ति से पूर्ण साधक की गुरु की भांति संरक्षण भी करती है और जीवन को संतापों से मुक्त भी करती है।

मां ललिता की उपासना प्रेम, आनंद एवं सौंदर्य के नैसर्गिक भावों से परिपूर्ण रहती है। आसुरी तत्वों का विनाश मां क्रोध और ज्ञान द्वारा नहीं करती,बल्कि भक्ति की आह्लादिनी शक्ति द्वारा मधुर भाव से परिपूर्ण शुद्ध सात्विक रूप से आसुरी शक्ति को निष्क्रिय कर पराजित करती है। शक्ति संगम तंत्र में उल्लेख है कि "कदाचिदाद्या ललिता पुरुषा कृष्ण विग्रहा" अर्थात् किसी समय श्रीमां ललिता ने ही कृष्ण रूपी पुरुष का रूप धारण किया था। "ममैव पौरुषं रूपं गोपिका जन मोहनं" अर्थात् गोपियों के हृदय को मोहित करने वाला कृष्ण ललिता का ही रूप है। श्रीविद्या की साधना गोपी भाव से ही करना चाहिए।

श्रीमां ललिता त्रिपुरसुंदरी सुंदरतम मूल्यों की देवी हैं। शोभा, विलास, मधुरता, गंभीरता, स्थिरता, तेज, सौंदर्य और उदारता का गुण प्रदान करती हैं। तंत्र चूड़ामणि में कहा गया है कि बावन शक्तिपीठों में, प्रयाग भी एक प्रमुख शक्तिपीठ है,जहां सती की हस्तांगुल गिरी थी, "अन्गुल्यश्चैव हस्तस्य प्रयागे ललिता भव्"। संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी के अनुसार सती की हस्तांगुल यमुना तट पर गिरी जिससे महाकाली,महालक्ष्मी, महासरस्वती के समन्वित स्वरूप में राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मां ललिता का प्रादुर्भाव हुआ। शक्तिपीठ का प्रमुख केंद्र कालिंदी तट मीरपुर में स्थित है।

वस्तुतः प्रयाग शाक्तक्षेत्र भी रहा है। प्रयागे तू ललिता के त्रिकोण में मां ललिता का एक बिंदु मीरापुर है। दूसरा बिंदु कल्याणी देवी हैं तो तीसरे बिंदु पर मां अलोप्शंकरी के रूप में विराजमान है। प्रयाग क्षेत्र में मां ललिता ही शांतादेवी के रूप में श्रृंगवेरपुर में विराजमान है तो ऐन्द्रीदेवी के रूप में सैदाबाद के समीप दुर्वासा ऋषि के आश्रम के समीप प्रतिष्ठित हैं। मां ललिता इमलियन देवी के रूप में यमुना के किनारे वास करती हैं तो खेमामाई के रूप में नगर में तथा मांडवी देवी के रूप में मांडा में निवास करती हैं।

मां ललिता ही संपूर्ण जगत की ईश्वरी हैं,विश्व ऊर्जा के रूप में विचरण करने वाली, संपूर्ण प्राणियों के के शरीर में जीव रूप में निवास करती हैं। ब्रह्मांड के शिरोभाग पर स्थित द्युलोक का जन्म मां ललिता से ही हुआ है। मां ललिता से ही प्रकृति पुरुषात्मक सद्रूप और असद्रूप जगत उत्पन्न हुआ। नमो देव्यै महा देव्यै शिवाय सततं/नमः नमः प्रक्रत्यै नियतः प्रणताः स्मताम।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

# प्रदेश

## नमक मोदी की मेहरबानी नहीं आपके टैक्स का पैसा : मायावती

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को आयोजित जनसभा में कहा कि देश में कुछ समय से अति गरीब परिवारों को अस्थायी तौर पर फ्री में जो थोड़ी सी खाद्य सामग्री दी जा रही है। उससे भला होने वाला नहीं है। ये भी पता चला है कि चुनाव के दौरान भाजपा, आरएसएस के लोग गांव-गांव जाते हैं। अपना थैला लटकाते हैं और कहते हैं कि मोदी ने आपको खाद्य सामग्री दी है, दाल दी है, चावल दिया है, और उसके साथ नमक भी दिया है।

आपको मोदी का नमक जरूर हलाल करना है। ध्यान रखना ये नमक मोदी का नहीं, बल्कि आपके टैक्स के पैसे का है। इसमें मोदी की मेहरबानी नहीं है। ये आपका अपना टैक्स का पैसा है, गुमराह मत होना। देश की जटिल समस्या का समाधान राशन से नहीं हर हाथ को काम देने से होगा। हमारी सरकार इसका विशेष ध्यान देगी।



मंच से जनसभा में आए लोगों का अभिवादन करतीं बसपा सुप्रीमो मायावती।

**▸▸ बसपा सुप्रीमो ने की मुस्लिम, दलित और पिछड़े मतदाताओं को साधने की कोशिश**

पीलीभीत के बीसलपुर में आयोजित चुनावी जनसभा के दौरान बसपा अध्यक्ष मायावती ने वर्तमान भाजपा और पूर्व की कांग्रेस की सरकारों पर जमकर सियासी वार किए। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी कांग्रेस, भाजपा व अन्य किसी भी विरोधी पार्टी के साथ मिलकर नहीं, बल्कि अकेले अपने बलबूते पर पूरी दमदारी से चुनाव लड़ रही है। टिकट बंटवारे को लेकर भी सर्वसमाज को उचित भागीदारी दी है। कहा कि भाजपा व इनके सहयोगी दल केंद्र व कई राज्यों की सत्ता में काबिज हो गए हैं। मगर अब भाजपा की भी जातिवादी, पूंजीवादी, सांप्रदायिक व द्वेषपूर्ण नीतियों और कथनी -करनी के अंतर से ऐसा लगता है कि केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस होने वाली नहीं है। बशर्ते यदि ये चुनाव फ्री एंड फेयर हो, या फिर आम चर्चा के मुताबिक वोटिंग मशीनों में कोई गड़बड़ी आदि न की जाए। भाजपा ने अच्छे दिन के वादे किए और कागजी गारंटी भी दी है। उनका जमीनी हकीकत में अभी तक लगभग एक चौथाई काम भी पूरा नहीं किया है।

## आजम परिवार की ओर से सिब्बल ने कोर्ट में रखा पक्ष

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**▸▸ फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में अगली सुनवाई अब 22 को**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सपा नेता आज़म खान और उनके परिवार को फिलहाल कोई राहत ना देते हुए मामले की सुनवाई आगामी 22 अप्रैल को सुनिश्चित कर दी है। जेल में बंद सपा नेता आज़म खान के बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष हुई। सोमवार को हुई सुनवाई में आजम खान के परिवार का पक्ष रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल हाईकोर्ट में प्रस्तुत हुए।

उन्होंने अपनी बहस पूरी कर ली है और अगली सुनवाई पर सरकार अपना पक्ष रखेगी। रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने दो जन्मतिथि प्रमाण पत्र मामले में आजम खान, उनकी पत्नी और बेटे को सात साल की सजा सुनाई थी, जिसे चुनौती देते हुए वर्तमान याचिका दाखिल की गई है। दरअसल रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में रामपुर के गंज थाने में सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाण पत्र होने का मामला दर्ज कराया था। मामले में पिता आजम खान और मां डॉ तंजीन फातिमा को भी आरोपी बनाया गया है। मालूम हो कि इससे पूर्व वर्ष 2017 में भी बसपा उम्मीदवार नवाब काजिम अली खान ने अब्दुल्ला आजम के स्कूल और बर्थ सर्टिफिकेट में दो अलग-अलग जन्मतिथि को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर उनकी सदस्यता रद करने की मांग की थी, जिस पर सुनवाई करने के बाद कोर्ट ने अब्दुल्ला की सदस्यता को रद करने का आदेश दिया था। इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी हालांकि वहां से अब्दुल्ला को कोई राहत नहीं मिली।

## वर्ग पहेली-41

**बाएं से दाएं**

1.1. उत्सव या समारोह के लिए निकलने वाली यात्रा, जनयात्रा, (रैली) 2. लोगों का वह विशाल समूह जो विरोध या उल्लास प्रदर्शित करने के लिए निकलता हो 3. किसी अवसर पर धूमधाम की सवारी 4. किसी मंत्री या राजनेता की शोभायात्रा या नगर-भ्रमण।

3.1. पीड़ा न देना, उत्पीड़ित न करना 2. दया, अनुकंपा।

4. कर्मचारी को किसी अतिरिक्त कार्य के लिए वेतन के अलावा दी जाने वाली रकम

5.1. गाय 2. बैल 2. वृष राशि 3. गाय की शक्ल का शराब का प्याला।

6.1. अच्छा व्यवहार या चालचलन, सादगीपूर्ण बरताव 2. सात्विक व्यवहार, सदाचार 3. उत्तम व्यवहार, सद्व्यवहार।


**ऊपर से नीचे**

1. छालों से संबंधित

2.1. धातु के बरतनों के टकराने से होने वाला शब्द 2. बच्चे के रुक-रुक कर रोने का शब्द 3. बच्चे का मचलना।

3.1. किसी कार्य की विशेष विधि समझाना, शिक्षा 2. निर्देश, हिदायत 3. संकेत।

4.1. केवल आभास के रूप में होने वाला मिथ्या ज्ञान 2. प्रतीति 3. चमक 4. झलक 5. दिखाई देना।



### वर्ग पहेली -40 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 रु | णि | त | ■ | ■ | 2 अ | ■ |
| ख़ | ■ | ■ | 3 सं | ■ | भि | ■ |
| 4 स | खा | ■ | चा | ■ | भा | ■ |
| त | ■ | 5 प | रि | जी | वि | त |
| ■ | 6 गि | रि | का | ■ | त | ■ |
| ■ | ■ | क | ■ | ■ | ■ | 7 बा |
| ■ | 8 धी | र | शां | त | ■ | पू |

## सुडोकू-120

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | 8 | | 3 | | | | 5 | 7 |
| | | 9 | | 7 | | 6 | | |
| 6 | | | | 1 | 5 | | 7 | |
| | 3 | | | | | | 8 | |
| | 9 | | 2 | 3 | | | | 4 |
| | | 7 | | | | 8 | | 3 |
| 3 | 6 | | | | 8 | | 2 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |

### सुडोकू -119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 8 | 2 | 5 |
| 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 5 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 1 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 5 | 7 |
| 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 5 | 1 | 9 | 2 |
| 2 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 3 | 1 | 6 | 7 | 2 | 9 | 5 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 16 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 13.23 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष:** आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। मित्रों की छोटी-मोटी बातों को तूल न दें। जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। आप अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं।

**वृष:** आज दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं।

**मिथुन:** आज मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार के कार्यों में मन लगाएं। आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहेगी। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है।

**कर्क:** आज आपको फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहना चाहिए। उच्च स्तरीय शोध कार्यों में आप जुड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात पर झगड़ा हो सकता है। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है।

**सिंह:** आज समाज में अपयश जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**कन्या:** आज भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में दिन बहुत शुभ है। आप शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी।

**तुला:** आज आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में अच्छे, नए और उत्तम विकल्प मिल सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। संपत्ति से जुड़े मामलों में लापरवाही न करें। आपको परिजनों को लेकर काफी चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सुझाव लेकर काम करना हितकारी होगा।


**धनु:** आज जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। किसी को कर्ज या उधार बिल्कुल भी न दें। जीवनसाथी आपसे कुछ शिकायत कर सकता है। बीमा संबंधित कारोबार से लाभ मिलेगा।

**मकर:** आज परिवार का खर्च बढ़ सकता है। घर की मरम्मत आदि की योजना बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है। आपके सभी काम शांतिपूर्वक पूर्ण होंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे।

**कुंभ:** आज भावनाओं में आकर ज्यादा खर्च न करें। उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। आपके टीमवर्क की प्रशंसा होगी। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। शाम को परिवार के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।

**मीन:** आज अत्यधिक आदर्शवादी होने से आपको बचना चाहिए। आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 17 अप्रैल 05.16 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- पृथ्वी — सुबह: 08.35
- राम बलराम — दोपहर: 01.05

SONY MAX
- थानेदार — सुबह: 11.00
- चेक — शाम: 06.00

SONY PIX
- ग्रैन टूरिस्मो — सुबह: 11.00
- वंडर वुमन — रात: 08.29

ZEE CINEMA
- हमेशा — सुबह: 10.20
- ऐतराज — रात: 07.20

colors CINEPLEX
- दुनिया — सुबह: 11.18
- बद्रीनाथ की दुल्हनियां — रात: 08.55

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात: 07.20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,399.78 | 22,272.50 |
| गिरावट | 845.12 | 246.90 |
| प्रतिशत में | 1.14 | 1.10 |

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| गेहूँ (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूँ (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूँग खड़ा | 10000-10500 |
| मूँग दाल | 10500-11000 |
| मूँग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूँगफली का दाना | 11000-12000 |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 |
| तेल सरसों (प्रति 15 ) | 1475-1900 |
| तेल अलसी | 2600-2700 |
| तेल तिल्ली | 2600-2700 |
| तेल मूँगफली रिफाइन्ड | 3400-3500 |
| तेल नारियल | 2700-2800 |
| तेल सोयाबीन | 1650-1700 |
| बावर्ची | 1900 |
| रथ | 1950 |
| चीनी (एम 30) | 4250 |
| चीनी (एस 30) | 4100 |
| गुड़ पंसेरा | 5000 |

## मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 995, फ्लैग-1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 880

रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 85600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74450 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55450-55650 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 74,850 |
| सोना रवा | 74,700 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग ) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,100 |
| चांदी (999) | 83,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 75000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 74000 |
| सिल्वर ( पक्की) | 823 (अनुमानित ) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 74,650 |
| चांदी आभूषण | 83,000 |

# मार्च में 0.53 प्रतिशत पर पहुंची थोक मुद्रास्फीति


## फरवरी में 0.20 प्रतिशत का था आंकड़ा, पिछले वर्ष मार्च में 1.41 प्रतिशत पर थी मुद्रास्फीति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण थोक मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 0.53 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो फरवरी में 0.20 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी। मार्च, 2023 में यह 1.41 प्रतिशत के स्तर पर थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर मार्च 2024 में 0.53 प्रतिशत (अस्थायी) रही। आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर 6.88 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.42 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई दर 19.52 प्रतिशत रही, मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 2.39 प्रतिशत थी। आलू की मुद्रास्फीति मार्च, 2023 में 25.59 प्रतिशत थी जो मार्च, 2024 में 52.96 प्रतिशत हो गई। प्याज की मुद्रास्फीति 56.99 प्रतिशत रही जो मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 36.83 प्रतिशत थी। मार्च, 2024 में खाद्य मुद्रास्फीति भी बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर 4.6 प्रतिशत पर पहुंच गई। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के वरिष्ठ निदेशक सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप से अनाज की मुद्रास्फीति से बढ़ी जो 12 महीने के उच्चतम स्तर नौ प्रतिशत पर रही। आम उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण दालें और सब्जियों की मुद्रास्फीति मार्च, 2024 में क्रमशः 17.2 प्रतिशत और 19.5 प्रतिशत रही।

मुख्य मुद्रास्फीति मार्च में शूल्य से नीचे 1.1 प्रतिशत रही। आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से इस साल मार्च में कच्चे पेट्रोलियम खंड में मुद्रास्फीति 10.26 प्रतिशत बढ़ गई। मार्च, 2024 में खाद्य वस्तुओं, बिजली, मशीनरी और उपकरण और अन्य विनिर्माण उत्पादों की महंगाई बढ़ने से मुद्रास्फीति की दर शून्य से ऊपर रही। विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में भी 0.85 प्रतिशत की गिरावट आई। इस बीच, मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के कारण इस साल मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85% पर आ गई।




# कोटक महिंद्रा बैंक का सर्वर ठप, ग्राहकों को लेन-देन में दिक्कत

**मुंबई।** निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक के ग्राहकों ने सोमवार को बैंक के सर्वर में समस्या के कारण लेन-देन में दिक्कत आने के बारे में जानकारी दी।

बैंक के ग्राहकों को सुबह यूपीआई भुगतान, पैसे निकालने और ऑनलाइन बैंकिंग जैसे लेनदेन को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने इन मुद्दों को सोशल मीडिया पर उठाया। कोटक महिंद्रा बैंक ने रात 8.45 बजे सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उसके ग्राहकों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उसकी टीम इस मुद्दे को तेजी से हल करने के लिए काम कर रही है। बैंक ने कहा हमें यह बताते हुए खेद है कि हमारे तकनीकी सर्वर में वर्तमान में कुछ समस्याएं आई हैं। हालांकि, सामान्य रूप से काम करने में लगने वाले समय के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

# बुजुर्गों से सावधि जमा के ब्याज पर कर के रूप में सरकार ने कमाए 27,000 करोड़

**मुंबई, एजेंसी**



सरकार ने पिछले वित्त वर्ष में सावधि जमा पर कमाए गए ब्याज पर वरिष्ठ नागरिकों से 27,000 करोड़ रुपये से अधिक कर इकट्ठा किया है। देश के सबसे बड़े ऋणदाता एसबीआई के शोधकर्ताओं की रिपोर्ट कहती है कि पिछले पांच वर्षों में जमा की कुल राशि वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में 143 प्रतिशत बढ़कर 34 लाख करोड़ रुपये हो गई जबकि पांच साल पहले यह 14 लाख करोड़ रुपये थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, सावधि जमाओं पर अधिक ब्याज दर होने से वरिष्ठ नागरिकों के बीच यह जमा योजना काफी लोकप्रिय हुई है। इस अवधि में सावधि जमा खातों की कुल संख्या 81 प्रतिशत बढ़कर 7.4 करोड़ हो गई है। एसबीआई शोधकर्ताओं का अनुमान है कि इनमें से 7.3 करोड़ खातों में 15 लाख रुपये से अधिक की राशि जमा है।

इन जमाओं पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलने के अनुमान को ध्यान में रखें तो वरिष्ठ नागरिकों ने सिर्फ ब्याज के रूप में ही पिछले वित्त वर्ष में 2.7 लाख करोड़ रुपये कमाए हैं। रिपोर्ट कहती है कि इसमें बैंक जमा से 2.57 लाख करोड़ रुपये और शेष राशि वरिष्ठ नागरिक बचत योजना की है। वरिष्ठ नागरिकों द्वारा भुगतान किए गए 10 प्रतिशत (औसत) कर को सभी वर्गों के बीच सुसंगत मानते हुए, भारत सरकार द्वारा कर संग्रहण लगभग 27,106 करोड़ रुपये होगा।

# ओला इलेक्ट्रिक ने स्कूटर की कीमतों में की 10 हजार की कटौती

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने सोमवार को अपने प्रवेश-स्तर के मॉडल एस1 एक्स के सभी संस्करणों की कीमतों में 5,000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की कटौती कर दी। कीमतों में इस कटौती के साथ ही ओला का यह इलेक्ट्रिक स्कूटर अब परंपरागत स्कूटर मॉडलों के आसपास पहुंच गया है।

ओला ने एस1 एक्स मॉडल को इस साल फरवरी में 79,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर पेश किया था। इसके सबसे उन्नत संस्करण की कीमत 1,09,999 रुपये रखी गई थी। ओला इलेक्ट्रिक के मुख्य विपणन अधिकारी अंशुल खंडेलवाल ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि इस प्रवेश-स्तर के स्कूटर की कीमतें तत्काल प्रभाव से कम कर दी गई हैं और अगले सप्ताह से इनकी आपूर्ति भी शुरू हो जाएगी। कटौती की घोषणा के बाद इस मॉडल के शुरुआती संस्करण की कीमत 69,999 रुपये हो गई है जबकि सबसे उन्नत संस्करण की कीमत अब 99,999 रुपये होगी। खंडेलवाल ने कहा हमें लगता है कि भारत को और भी बहुत कुछ चाहिए।

# पैसा वसूलने को रोज वैली ग्रुप की 22 संपत्तियों की नीलामी करेगा सेबी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) रोज वैली ग्रुप द्वारा अवैध योजनाओं के माध्यम से लोगों से जुटाए गए धन की वसूली के लिए समूह की कंपनियों की 22 संपत्तियों की नीलामी करेगा। 20 मई को होने वाली इस नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य 8.6 करोड़ रुपये रखा गया है।

सेबी ने सोमवार को एक नोटिस में कहा कि जिन संपत्तियों की नीलामी की जाएगी उनमें पश्चिम बंगाल में स्थित फ्लैट और कार्यालय स्थल शामिल हैं। ई-नीलामी 20 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच आयोजित की जाएगी। इन संपत्तियों का कुल आरक्षित मूल्य 8.6 करोड़ रुपये रखा गया है। समिति परिसंपत्तियों की बिक्री की निगरानी करेगी और धन का उपयोग निवेशकों को भुगतान करने के लिए किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मई, 2015 में पारित एक आदेश के बाद समिति का गठन किया गया था। नोटिस के अनुसार, बोली लगाने वालों को बोली जमा करने से पहले नीलामी में रखी गई संपत्तियों की देनदारी, कानूनी विवाद, कुर्की और देनदारियों के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए। नियामक ने जून, 2022 में निवेशकों के कुल 5,000 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया की वसूली के लिए रोज वैली होटल्स एंड एंटरटेनमेंट लि. और उसके तत्कालीन निदेशकों के बैंक खातों के साथ-साथ शेयर तथा म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को कुर्क करने का आदेश दिया था।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### भाजपा नेता की शिकायत पर कमलनाथ के घर आई पुलिस, सहायक से पूछताछ

**छिंदवाड़ा (मप्र)।** मध्य पुलिस ने सोमवार को कहा कि उसने भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार विवेक बंटी साहू की शिकायत पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के छिंदवाड़ा स्थित घर में उनके एक सहयोगी से पूछताछ की है। कोतवाली थाने के निरीक्षक उमेश गोल्हानी ने बताया कि साहू ने शिकायत की है कि कमलनाथ के सहयोगी आर के मिगलानी ने उनका एक आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित किया था। गोल्हानी ने कहा कि हमने पूछताछ की। जांच जारी है, अधिक जानकारी बाद में मीडिया के साथ साझा की जाएगी। साहू की शिकायत को पूरी तरह से झूठ बताते हुए मिगलानी ने कहा कि मुझसे पुलिस ने पूछताछ नहीं की। मुझे नोटिस दिया गया। मैंने उनसे कहा कि मैं चुनाव के बाद इसका जवाब दूंगा। इस घटना के बाद कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ क्षेत्र में अपना दौरा रद्द कर शिकारपुर स्थित अपने आवास पर वापस आ गए। नकुलनाथ छिंदवाड़ा से मौजूदा सांसद हैं और उन्हें कांग्रेस ने फिर से उम्मीदवार बनाया है। छिंदवाड़ा कमलनाथ का गढ़ है और 2019 के लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में भाजपा यही एकमात्र सीट जीतने में असफल रही थी। इस बार इस सीट पर 19 अप्रैल को मतदान है।

### पवन पर पार्टी नेता की टिप्पणी के खिलाफ चंडीगढ़ में कई नेताओं ने दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में महिला कांग्रेस प्रमुख सहित पार्टी के कई नेताओं ने पार्टी की चंडीगढ़ इकाई के अध्यक्ष एच.एस. लकी द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन कुमार बंसल के कथित अपमान को लेकर अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वालों को बंसल का करीबी माना जाता है। यह कदम उस दिन उठाया गया जब चंडीगढ़ से कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी ने यहां पार्टी कार्यालय का दौरा किया। तिवारी और बंसल चंडीगढ़ लोकसभा सीट से उम्मीदवारी के दावेदार थे। पार्टी ने हालांकि बंसल की जगह तिवारी को चुना। चंडीगढ़ महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाली दीपा दुबे ने चंडीगढ़ इकाई प्रमुख लकी पर बंसल का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि लकी ने अपने इंस्टाग्राम खाते पर एक 'पोस्ट' साझा की थी जिसमें लिखा था, पवन बंसल के साथ हो गया खेल, मनीष तिवारी को मिली टिकट। दुबे ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर लकी पर बंसल का अपमान करने का आरोप लगाया। हमने इस्तीफा दे दिया है और हम कांग्रेस की चंडीगढ़ इकाई के अध्यक्ष पद से लकी के इस्तीफे की मांग करते हैं। उन्होंने हालांकि स्पष्ट किया कि वे चंडीगढ़ लोकसभा सीट से तिवारी की उम्मीदवारी के खिलाफ नहीं हैं।

### दिव्यांगों के लिए चार फीसदी आरक्षण संबंधी याचिका पर केंद्र, राज्यों को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर केंद्र, राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और सभी उच्च न्यायालयों से जवाब मांगा जिसमें 2016 के एक कानून के तहत दिव्यांगों (पीडब्ल्यूडी) के लिए जिला न्यायपालिका की न्यायिक नियुक्तियों में चार प्रतिशत आरक्षण सहित अन्य राहत देने की मांग की गई है। जनहित याचिका में दिव्यांगों के अधिकारों से संबंधित कानून के अनुसार न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के लिए मौजूदा न्यायिक सेवा के नियमों को ठीक करने के लिए केंद्र और अन्य को निर्देश देने की मांग की गई है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले दो याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय पारिख की दलीलों पर गौर किया। याचिका में कहा गया है कि दिव्यांग जन अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम, 2016 के तहत न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति में दिव्यांग व्यक्तियों को उनका हक नहीं मिल रहा है।

# 10 वर्ष का काम ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है : मोदी

## राजग सरकार की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री बोले- अभी बहुत कुछ किया जाना है बाकी

**त्रिशूर (केरल), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के वास्ते भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत गठबंधन के लिए केरल से समर्थन जुटाने की कवायद में सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के पिछले दशक में जो काम हुआ है वह महज एक ट्रेलर है और इस दक्षिण राज्य तथा देश की प्रगति के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

नजदीकी कुन्नामकुलम में राजग द्वारा आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा जो अभी लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के वास्ते केरल में हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता पर उत्तर प्रदेश में अपने परिवार की सीट न बचा पाने और करुवन्नूर बैंक घोटाले पर चुप रहने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहापिछले 10 वर्ष में जो हुआ है वह महज ट्रेलर है क्योंकि केरल तथा भारत के लिए और बहुत कुछ किया जाना बाकी है। यह केरल में प्रगति का साल होगा। उन्होंने भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में किए गए विभिन्न वादों तथा विकास कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए इसे मोदी की गारंटी बताया, जिसे रविवार को जारी किया गया था।



तिरुनेलवेली जिले के अंबासमुद्रम में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक में भाग लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अंदाज में स्वीकार किया समर्थकों का अभिवादन। ● एजेंसी

राहुल गांधी का नाम लिए बगैर मोदी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र के संदर्भ में कहा कि कांग्रेस के युवराज उत्तर प्रदेश में अपनी सीट सुरक्षित कर परिवार के गौरव की रक्षा करने में नाकाम रहे और वोट मांगने केरल में आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता केरल के लोगों से वोट मांगेंगे लेकिन उनके हितों में अपनी आवाज नहीं उठाएंगे। वह राज्य की सत्तारूढ़ माकपा द्वारा नियंत्रित करुवन्नूर सहकारी बैंक में करोड़ों रुपये के घोटाले पर चुप हैं। उन्होंने प्रतिबंधित पीएफआई की राजनीतिक शाखा सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया द्वारा लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस को दिए समर्थन को लेकर भी पार्टी की आलोचना की। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और एसडीपीआई के बीच 'साठगांठ' है, जो कि राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए भारत में एक प्रतिबंधित संगठन की राजनीतिक इकाई है। उन्होंने माकपा नीत सरकार पर करुवन्नूर सहकारी बैंक घोटाला करने का मुद्दा उठाया और वाम दल पर गरीबों का पैसा लूटने का आरोप लगाया।

### मणिपुर में शांति स्थापित करना केंद्र की प्राथमिकता : शाह

**इम्फाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार की प्राथमिकता जातीय संघर्ष प्रभावित मणिपुर में शांति स्थापित करना है। शाह ने इम्फाल में एक जनसभा में कहा कि यह लोकसभा चुनाव मणिपुर को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों और इसे एकजुट रखने वालों के बीच है। शाह ने कहा कि सभी समुदायों को साथ लेकर और राज्य को तोड़े बिना मणिपुर में शांति स्थापित करना नरेन्द्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है। पिछले साल तीन मई को मणिपुर में जातीय झड़प शुरू होने के बाद कम से कम 219 लोग मारे गए थे, जब मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किया गया था।

# किसी के नाम से पहचाना जाना, पहचान के अधिकार का मूल आधार है: हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी के नाम से या माता-पिता की संतान के रूप में पहचाना जाना किसी भी व्यक्ति की पहचान का मूल आधार है। अदालत की यह टिप्पणी याचिकाकर्ता की 10वीं और 12वीं की सीबीएसई की अंकतालिकाओं में पिता का नाम बदलने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करते हुए आई।




अदालत ने कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के प्रमाणपत्रों में उल्लिखित नाम वास्तव में याचिकाकर्ता के पिता का नहीं था और उसने पंजीकरण के समय अपने चाचा का नाम अंकित किया था क्योंकि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी। हालांकि विभिन्न सार्वजनिक दस्तावेजों में याचिकाकर्ता के पिता के नाम की वर्तनी में कुछ विसंगतियां थीं और अदालत ने कहा कि नाम पहचान से जुड़ा होता है और ऐसे मामलों में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया जाए। न्यायमूर्ति सी हरिशंकर ने हाल के एक आदेश में कहा था, ऐसे मामलों में यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना होगा और प्रमुख विचार को ध्यान में रखना होगा कि नाम पहचान से जुड़ा है और किसी के नाम से, साथ ही माता-पिता की बेटी या बेटे के रूप में भी पहचाने जाने का अधिकार एक व्यक्ति के रूप में उसकी पहचान का मूल आधार है।

# भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में गरीबों के लिए कुछ नहीं : राहुल



केरल के वायनाड में लोकसभा चुनाव के लिए एक चुनाव प्रचार रोड शो करते राहुल गांधी। ● एजेंसी

**उधगमंडलम (तमिलनाडु), एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनावी घोषणापत्र में गरीबों के लिए कुछ नहीं है लेकिन बातें 2036 का ओलंपिक आयोजित कराने की हो रही हैं।

राहुल ने नीलगिरी जिले में अपने दौरे के दौरान केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के अपने एजेंडे को आगे बढ़ा रही है। केरल के वायनाड के लिए प्रस्थान करने से पहले यहां थलूर में कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ बातचीत के दौरान राहुल ने पूछा, गरीबों के लिए भाजपा की क्या नीति है? कांग्रेस के घोषणापत्र में युवाओं और महिलाओं सहित सभी लोगों के लिए नीतियां हैं लेकिन भाजपा का चुनावी घोषणापत्र 2036 में ओलंपिक कराने की बातें करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को भाजपा का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें 'विकसित भारत' के उनके दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया है।

# बीजद के पूर्व सांसद प्रभास कुमार सिंह भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल (बीजद) के पूर्व सांसद प्रभास कुमार सिंह लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से कुछ दिन पहले सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली पार्टी की आलोचना की। ओडिशा की बारगढ़ सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके सिंह ने कहा कि बीजद में कोई गरिमा और आत्म-सम्मान नहीं बचा है। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी में उनका स्वागत किया।

# एजी को टी राजा, नितेश राणे के नफरत भरे भाषण की जांच करने का आदेश

**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार के राज्य महाधिवक्ता से कहा कि वह जनवरी में मीरा रोड पर हिंसा के दौरान विधायक नीतीश राणे, गीता जैन और विधायक टी राजा द्वारा दिए गए कथित नफरत भरे भाषणों की जांच करें और यह निर्धारित करें कि क्या उनके खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ मीरा रोड की एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें भाजपा विधायकों नितेश राणे, गीता जैन (महाराष्ट्र) और टी राजा (तेलंगाना) के खिलाफ कथित रूप से नफरत भरे भाषण देने और हिंसा भड़काने के लिए कार्रवाई की मांग की गई थी, जो जनवरी में नया नगर, मीरा रोड में भड़की थी। पिछले सप्ताह सुनवाई के दौरान, पीठ ने मुंबई और मीरा-भयंदर के पुलिस आयुक्तों को निर्देश दिया था कि वे नफरत भरे भाषणों की रिकॉर्डिंग और प्रतिलिपि की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करें और अदालत को सूचित करें कि क्या पुलिस द्वारा ही प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि इस पर गौर करने की आवश्यकता है।

# अगर दंगा भड़का तो भूख हड़ताल कर दूंगी : ममता

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाली केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और भगवा ब्रिगेड का पक्ष लेने के लिए चुनाव आयोग (ईसीआई) की आलोचना की। बनर्जी ने राज्य में एक भी दंगा होने पर चुनाव आयोग के बाहर भूख हड़ताल करने की धमकी दी।



- मुख्यमंत्री बोलीं किसानों के लिए 26 दिन कर सकती हूं उपवास तो 55 दिनों तक ईसीआई कार्यालय पर भी करूंगी भूख हड़ताल

उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार को संबोधित करते हुए, उन्होंने जरूरत पड़ने पर 55 दिनों के लिए ईसीआई कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल करने की धमकी दी। बनर्जी ने दोहराया कि अगर मैं किसानों के लिए (सिंगूर में) 26 दिनों तक उपवास कर सकती हूं, तो मैं ईसीआई कार्यालय के बाहर 55 दिनों तक भूख हड़ताल भी कर सकती हूं। उन्होंने भाजपा नेताओं पर कथित तौर पर विपक्ष को जेल में डालने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज भी, सिर्फ भाजपा के निर्देश पर मुर्शिदाबाद के पुलिस उपमहानिरीक्षक को बदल दिया गया। अब, अगर मुर्शिदाबाद और मालदा में दंगे होते हैं, तो जिम्मेदारी चुनाव आयोग की होगी।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 07 | 361 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 06 | 284 |
| संजू सैमसन (राजस्थान) | 06 | 264 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 06 | 11 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 06 | 10 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 05 | 10 |

## इंडियन प्रीमियर लीग में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले खिलाड़ियों में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर हैं। वहीं उनसे ऊपर केवल क्रिस गेल हैं। इसके साथ ही वह आईपीएल में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों में पहले स्थान पर हैं। उनके बाद रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और चेन्नई सुपरकिंग्स के एमएस धोनी का नंबर आता है। वहीं विदेशी खिलाड़ियों में एबी डिविलियर्स टॉप-5 में मौजूद हैं।




## खेल डायरी

### माइकोलास ने चक्का फेंक में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

**रेमोना (अमेरिका)।** लिथुआनिया के माइकोलास एलेकना ने ओकलाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में चक्का फेंक में 1986 में बना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इक्कीस साल के माइकोलास ने रविवार को चक्के को 243 फीट 11 इंच (74.35 मीटर) की दूरी तक फेंका और छह जून 1986 को बनाए जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट के 243 फीट (74.08 मीटर) के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। माइकोलास के थ्रो को शुरू में 244 फीट एक इंच (74.41 मीटर) मापा गया था, लेकिन विश्व एथलेटिक्स के अनुसार बाद में इसे संशोधित किया गया।

### जेहान ने फार्मूला ई में पहला अंक जुटाया

**मिसानो (इटली)।** भारत के जेहान दारूवाला ने पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज फार्मूला ई में अपने पहले सत्र में खराब शुरुआत के बाद पहले अंक जुटाए। फार्मूला टू में चार सत्र बिताने के बाद फार्मूला ई से जुड़ने वाले जेहान ने मासेराती एमएसजी रेसिंग की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हुए रविवार को यहां मिसानो ई-प्री की दूसरी रेस में नौवें स्थान पर रहते हुए दो अंक हासिल किए। उन्होंने रेस की शुरुआत 21वें स्थान से की थी। फिया विश्व चैंपियनशिप का दर्जा रखने वाली इस सीरीज में इससे पहले जेहान की शुरुआत खराब रही थी। अब तक उन्होंने जिन रेस में हिस्सा लिया, उनमें से दो को पूरा नहीं कर पाए।

### बैंगनी रंग का होगा ओलंपिक का एथलेटिक ट्रैक

**पेरिस।** एथलीट इस साल पेरिस ओलंपिक खेलों में जब नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे तो दर्शकों को बैंगनी रंग का एथलेटिक ट्रैक देखने को मिलेगा। पारंपरिक ईंट जैसे लाल रंग से हटकर पहली बार ओलंपिक ट्रैक इस बार बैंगनी रंग का होगा। 'वल्केनाइज्ड रबर ट्रैक' (रासायनिक प्रक्रिया से तैयार होने वाला बेहतर कृत्रिम रबर) के टुकड़ों का उत्पादन उत्तरी इटली की एक फैक्ट्री में किया गया है और कर्मचारी उन्हें ट्रैक स्पर्धाओं की मेजबानी करने वाले राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डी फ्रांस' में बिछा रहे हैं।

### विदित गुजराती ने फिर नाकामूरा को हराया

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने पिछले मैच में शिकस्त के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के दूसरे वरीय हिकारू नाकामूरा को हरा दिया। डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि किसी अन्य बाजी का भी नतीजा नहीं निकला। रूस के इयान नेपोमनियाची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के साथ अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका। साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में अब पांच दौर का खेला बाकी है।

### भाटिया संयुक्त 35वें, थीगाला संयुक्त 45वें स्थान पर

**अगस्ता।** भारतीय-अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया और सहिथ थीगाला रविवार को यहां अगस्ता नेशनल गोल्फ टूर्नामेंट में क्रमश: संयुक्त 35वें और संयुक्त 45वें स्थान पर रहे। स्कॉटी शेफलर ने चार शॉट के अंतर से तीन साल में अपना दूसरा अगस्ता मास्टर्स खिताब जीता। मास्टर्स टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे भाटिया ने अंतिम दौर में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया जबकि दूसरी बार मास्टर्स टूर्नामेंट में खेल रहे थीगाला अंतिम दौर में तीन ओवर 75 का स्कोर ही बना सके। थीगाला पिछले साल शीर्ष 10 में रहे थे। शेफलर ने अंतिम दिन 68 के स्कोर से कुल 11 अंडर के स्कोर से चार शॉट की बढ़त के साथ खिताब अपने नाम किया।

# मैच में चैलेंज बनी रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

## हैदराबाद ने 25 रनों से हराया, हेड के शतक और क्लासेन के अर्धशतक के दम पर आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया



ट्रेविस हेड

**बेंगलुरु, एजेंसी**

ट्रेविस हेड 102 रन की तूफानी शतकीय और हेनरिक क्लासेन 67 रन की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 30वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 25 रनों से हरा दिया है। छह मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की यह चौथी जीत है।

288 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले पहले विकेट के लिये 80 रन जोड़े। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विराट कोहली को बोल्ड कर दिया। कोहली ने छह चौके और दो छक्के लगाते हुए 42 रन बनाये। उसके बाद विल जैक्स सात रन बनाकर रनआउट हो गये। कप्तान फाफ डुप्लेसी ने सात चौके और चार छक्के लगाते हुए 62 रन बनाये। उन्हें पैट कमिंस ने आउट किया। रजत पाटीदार नौ रन बनाकर आउट हुये। सौरव चौहान बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये।

एक समय 122 के स्कोर पर पांच विकेट गंवाकर संकट में फंसी टीम को दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर की पारी ने संभाला। महिपाल लोमरोर 19 रन बनाकर आउट हुये। मार्कंडेय ने कार्तिक की शानदार पारी का अंत किया। कार्तिक गुड लेंथ गेंद को ऑफ स्टंप के बाहर कवर के ऊपर से खेलने के प्रयास में बल्ले का बाहरी किनारा लगा और कीपर क्लासेन ने कैच पकड़ लिया। कार्तिक के आउट होते के साथ आरसीबी की जीत उम्मीदें भी समाप्त हो गईं। कार्तिक ने पांच चौके और सात छक्के लगाते हुए 83 रन बनाये। अनुज रावत 25 रन और विजय कुमार वैशाख एक रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी 20 ओवर में सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी और 25 रन से मुकाबला हार गई। हैदराबाद की ओर से पैट कमिंस को तीन विकेट मिले और मयंक मार्कंडेय ने दो विकेट लिये।

सोमवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 108 रनों की साझेदारी की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट लिये। रीस टॉप्ली ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### 2024 में इंडियन प्रीमियर लीग में बड़े स्कोर

| टीम | स्कोर | विपक्षी |
|---|---|---|
| हैदराबाद | 287/3 | बेंगलुरु |
| हैदराबाद | 277/3 | मुंबई |
| कोलकाता | 272/7 | दिल्ली |
| बेंगलुरु | 262/7 | हैदराबाद |
| मुंबई | 246/5 | हैदराबाद |
| मुंबई | 234/5 | दिल्ली |

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 6 | 5 | 1 | 10 | +0.767 |
| कोलकाता | 5 | 4 | 1 | 8 | +1.688 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.726 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.502 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 | +0.038 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.637 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.218 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.234 |
| दिल्ली | 6 | 2 | 4 | 4 | -0.975 |
| बेंगलुरु | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.185 |

### हैदराबाद 287/3
20 ओवर, अतिरिक्त : 15

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा का फर्ग्युसन बो टॉपली | 34 | 22 | 2/2 |
| ट्रेविस हेड का डु प्लेसी बो फर्ग्युसन | 102 | 41 | 9/8 |
| हेनरिच क्लासेन का विशाख बो फर्ग्युसन | 67 | 31 | 2/7 |
| एडेन मार्करम नाबाद | 32 | 17 | 2/2 |
| अब्दुल समद नाबाद | 37 | 10 | 4/3 |

**गेंदबाजी :** जैक्स 3-0-32-0, टॉपली 4-0-68-1, दयाल 4-0-51-0, फर्ग्युसन 4-0-52-2, विशाक 4-0-64-0, लोमरोर 1-0-18-0

### बेंगलुरु 262/7
20 ओवर, अतिरिक्त : 14

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली बो मार्कंडेय | 42 | 20 | 6/2 |
| फाफ डु प्लेसी का क्लासेन बो कमिंस | 62 | 28 | 7/4 |
| विल जैक्स रन आउट | 07 | 04 | 1/0 |
| रजत पाटीदार का रेड्डी बो मार्कंडेय | 09 | 05 | 0/1 |
| सौरव चौहान पगबाधा बो कमिंस | 00 | 01 | 0/0 |
| दिनेश कार्तिक का क्लासेन बो नटराजन | 83 | 35 | 5/7 |
| महिपाल लोमरोर बो कमिंस | 19 | 11 | 0/2 |
| अनुज रावत नाबाद | 25 | 14 | 5/0 |
| विजयकुमार विशाख नाबाद | 01 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** शर्मा 1-0-10-0, भुवनेश्वर 4-0-60-0, शाहबाज 1-0-18-0, नटराजन 4-0-47-1, कमिंस 4-0-43-3, मार्कंडेय 4-0-46-2, उनादकट 2-0-37-0

# ऑस्ट्रेलिया के इनकार पर कुछ नहीं कर सकते : राशिद

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने कहा कि क्रिकेट उनके देशवासियों को खुशी के पल मुहैया कराता है लेकिन अगर कोई देश उनके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने से इनकार कर दे तो कुछ नहीं किया जा सकता। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से इनकार के बाद तर्क देते हुए कहा कि ऐसा करने से उनके देशवासी खुशी से महरूम हो गये।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तालिबान शासित देश में महिलाओं के साथ व्यवहार में गिरावट के चलते 2023 में अपने ही देश में अफगानिस्तान के साथ होने वाली वनडे श्रृंखला रद्द कर दी थी और इस साल के अंत में संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली टी20 श्रृंखला में खेलने से भी इनकार कर दिया। राशिद सहित अफगानिस्तान के अन्य खिलाड़ियों का 'बिग बैश लीग' में खेलना जारी है।

# अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचना चाहेगी केकेआर

**कोलकाता, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग में यहां जब दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी तो उसके बल्लेबाजों के सामने ईडन गार्डन्स पर सुनील नरेन की गेंदबाजी का जवाब ढूंढने की चुनौती होगी। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नरेन ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

वर्ष 2012 में नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के बाद से नरेन ने ईडन गार्डन्स पर अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। मेंटर के रूप में टीम में गंभीर की वापसी के बाद नरेन ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताब के दावेदारों में शामिल कर दिया है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करती है तो 10 टीम की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगी। रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ केकेआर की आठ विकेट की जीत में फिल सॉल्ट को नाबाद तूफानी अर्धशतक जड़ने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। लेकिन वह नरेन थे, जिनकी किफायती गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना सकी।

मौजूदा सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर जैसे बल्लेबाजों को हालांकि नरेन की चुनौती का हल ढूंढना होगा। यह देखना होगा कि जोस बटलर इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। मौजूदा सत्र में नरेन बल्ले से भी काफी अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। इस मैच में मुख्य मुकाबला केकेआर की गेंदबाजी और रॉयल्स की बल्लेबाजी के बीच होगा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान, रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज। **समय :** मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# 'हाइब्रिड पिच' पर खेले जायेंगे आईपीएल के मैच

**धर्मशाला, एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ का खूबसूरत स्टेडियम बीसीसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त पहला स्टेडियम होगा जिसमें अत्याधुनिक 'हाइब्रिड पिच' बिछाई गई है जहां इस सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग के दो मैच होंगे। एचपीसीए के एक अधिकारी ने कहा, 'हाइब्रिड पिच बिछा दी गई है और आईपीएल के दो मैच खेले जायेंगे।'

नीदरलैंड की 'एसआईएस ग्रास' कंपनी को इसका जिम्मा दिया गया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह पिच अधिक टिकाऊ, स्थिर और हाई परफॉर्मिंग होगी। एचपीसीए अध्यक्ष आर पी सिंह ने कहा,'' भारत में हाइब्रिड पिच तकनीक का आगमन क्रिकेट के लिये बहुत महत्वपूर्ण पल है।' इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय निदेशक पॉल टेलर ने कहा, 'भारत में हमारे डिलिवरी साझेदार पिच विशेषज्ञ ग्रेटर टेन के साथ मिलकर एसआईएस ग्रास हाइब्रिड पिच जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं के जरिये भारतीय क्रिकेट के इकोसिस्टम में निवेश करने को लेकर प्रतिबद्ध है।'' हाइब्रिड पिच में मैदान के भीतर की कुदरती टर्फ के साथ कुछ प्रतिशत पोलीमर फाइबर होता है। इससे पिच टिकाऊ रहती है और समान उछाल भी मिलता है।

## बॉलीवुड हलचल

# भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना हंसी के खजाना रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना ''हंसी के खजाना'' रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह और गायिका ममता राउत का शिक्षा से भरपूर गीत ''हंसी के खजाना'' यूट्यूब पर आ गया है। इस गाने में अक्षरा सिंह की अदाकारी और ममता राउत की आवाज है।यह गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इसके वीडियो में दिख रहा है कि अक्षरा लाल साड़ी पहने, आँखों पर सिंपल चश्मा और मांग में सिंदूर लगाये हुए अध्यापिका के गेटअप में स्कूल में बच्चों को पढ़ा रही हैं। उनका पढ़ाने का अंदाज एकदम निराला है। वह इस वीडियो में बच्चों को प्रेरणा स्रोत एवं शिक्षा पूर्ण गाना सुनाकर पढ़ा रही हैं और प्रेरणा दे रही हैं। इस गाने को फणीन्द्र राव ने लिखा है और संगीतकार ओम झा हैं। इस गाने में अक्षरा सिंह बच्चों को पढ़ाते हुए कह रही हैं कि ...हंसी के खजाना लेके आइल बानी, तोहनी के पसंन के सुनाईब हम कहानी... त बच्चा लोग के के सुनी...हंसी के खजाना लेके आइल बानी, तोहनी के पसंन के सुनाईब हम कहानी... खोलिके तू कान से सुनि ला धियान से, ना होई परेशानी... हंसी के खजाना लेके आइल बानी...। गौरतलब है कि ''हंसी के खजाना'' गाना फिल्म ''अक्षरा'' का है। वर्ल्डवाइड चैनल और सबरंग फिल्म प्रोडक्शंस प्रस्तुत फिल्म ''अक्षरा'' के निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव, रत्नाकर कुमार हैं। निर्देशक देव पांडेय हैं। लेखक राकेश त्रिपाठी हैं।




# फिल्म के लिए मिल रही तारीफ से भावुक हुईं परिणीति चोपड़ा

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिये मिल रही तारीफ से भावुक हो गयी हैं। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका में हैं। ''अमर सिंह चमकीला'' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका में हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत कौर बनी हैं। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिये मिल रही तारीफ से परिणीति चोपड़ा भावुक हो गयी हैं। परिणीति चोपड़ा ने भावुक होकर इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में परिणीति चोपड़ा ने ''अमर सिंह चमकीला'' के सेट की बीटीएस फोटो शेयर कर कैप्शन लिखकर बताया है कि उनके आंसू नहीं थम रहे हैं। परिणीति चोपड़ा फोटोज में इम्तियाज अली और दिलजीत दोसांझ के साथ पोज करतीं और मस्ती करती नजर आ रही हैं। परिणीति ने फोटोज के साथ कैप्शन में लिखा, कंबल में लिपटी हूं और आपके शब्दों, कॉल और फिल्म रिव्यूज से अभिभूत हूं (मेरे आंसू नहीं रुक रहे हैं) परिणीति इज बैक, यह शब्द तेजी से गूंज रहे हैं। ऐसा नहीं सोचा था, हां मैं वापस आ गई हूं और कही नहीं जाने वाली हूं।



# श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने का गाना तू मिल गया रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' का गाना 'तू मिल गया' रिलीज हो गया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का गाना 'तू मिल गया' हो गया है। तनिष्क बागची द्वारा रचित यह गाना राजकुमार राव और अलाया एफ पर फिल्माया गया है। जुबिन नौटियाल और तुलसी कुमार द्वारा स्वरबद्ध किये गए इस गाने को श्लोक लाल ने लिखा है। फिल्म ''श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने'' उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिन्होंने अपनी दृश्यहीनता को अपने सपनों पर हावी नहीं होने दिया और बोलेंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की। फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव के अलावा अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर की भी अहम भूमिका है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# 75 साल के चुनावी इतिहास में ईसी की सबसे बड़ी कार्रवाई

*लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों का एलान हो चुका है। सभी पार्टियां चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। चुनाव आते ही पार्टी और प्रत्याशी धनबल का इस्तेमाल हर बार मतदाताओं को लुभाने के लिए करते ही हैं। इस बार भी ऐसा ही माहौल बना हुआ है लेकिन चुनाव आयोग ने इस साल धनबल के इस्तेमाल पर अब तक की सबसे बड़ी जब्ती की है।*

● चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि उसकी निगरानी में अधिकारी लोकसभा चुनाव से पहले एक मार्च से हर दिन 100 करोड़ रुपये की जब्ती कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि प्रवर्तन अधिकारियों ने लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से पहले ही 4,650 करोड़ रुपये जब्त किए हैं और यह 2019 के चुनावों में की गई 'कुल जब्ती से अधिक' है।



### 2024 में चुनाव आयोग की सबसे अधिक जब्ती

चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि 2024 के आम चुनाव के साथ, ईसीआई देश में लोकसभा चुनावों के 75 साल के इतिहास में दर्ज की गई सबसे अधिक प्रलोभन की जब्ती की राह पर है।18वीं लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान शुरू होने से पहले ही प्रवर्तन एजेंसियों ने धनबल पर रोक लगाने के लिए 4,650 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड जब्ती की है।

### तमिलनाडु में सबसे ज्यादा कैश, कर्नाटक में शराब

तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 53 करोड़ कैश, तेलंगाना में 49 करोड़, महाराष्ट्र में 40 करोड़, कर्नाटक और राजस्थान में 35-35 करोड़ रुपये से ज्यादा जब्त किए गए हैं। कर्नाटक में सबसे ज्यादा 124.3 करोड़ की शराब सीज की गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 51.7 करोड़, राजस्थान में 40.7 करोड़, उत्तर प्रदेश में 35.3 करोड़ और बिहार में 31.5 करोड़ रुपये की शराब जब्त की गई।

### ड्रग्स जब्ती में गुजरात समेत 5 राज्य आगे

आंकड़ों के मुताबिक कुल जब्ती में 45 फीसदी ड्रग्स और नशीले पदार्थ हैं। गुजरात से सबसे ज्यादा करीब 485.99 करोड़ रुपये के ड्रग्स बरामद किए गए हैं। इसके बाद तमिलनाडु में 293.02 करोड़, पंजाब में 280.81 करोड़, महाराष्ट्र में 213.56 करोड़ और दिल्ली में 189.94 करोड़ के ड्रग्स जब्त किए गए हैं।

### हर दिन करीब 100 करोड़ की जब्ती हो रही

आयोग के मुताबिक, 1 मार्च के बाद से जब्त किए गए सामान में 2068.85 करोड़ रुपये के ड्रग्स, 1142.49 करोड़ के मुफ्त में बांटे जाने वाले सामान, 562.10 करोड़ की कीमती धातुएं, 489.31 करोड़ रुपये की शराब और 395.39 करोड़ कैश शामिल है। कैश सहित सभी सामानों को मिलाकर हर दिन करीब 100 करोड़ रुपये सीज किए जा रहे हैं।

# हवाई यात्रा के सपने की कीमत 150 रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यदि विमान में बैठने का सपना हो और महंगे टिकट के चलते उसे पूरा नहीं कर पा रहे हों, तो आप असम जा सकते हैं। यहां सिर्फ 150 रुपये में आपका सपना पूरा हो सकता है।

असम के लीलाबाड़ी से तेजपुर तक के लिए विमान कंपनी अलायंस एयर केंद्र सरकार की 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) स्कीम के तहत यह सुविधा दे रही है। कंपनी की इस रूट पर रोज दो उड़ानें हैं, जो दो महीने से लगभग फुल चल रही हैं। यात्रा पोर्टल 'इक्सिगो' के अनुसार, तेजपुर से लीलाबरी बस से जाते हैं 216 किमी के सफर में 4 घंटे लगते हैं। जबकि इसी रूट पर हवाई दूरी 147 किमी है, जो फ्लाइट से 25 मिनट में पूरी हो जाती है। इस यात्रा में एक तरफ का किराया 150 रुपये है। इसी रूट पर वाया कोलकाता वाली फ्लाइट का किराया 450 रुपये है। जब से यहां सस्ती विमान सेवा शुरू हुई, तब से ऑक्यूपेसी 95 फीसदी तक है।

बता दें, 2017 में शुरू हुई 'उड़ान' का पूर्वोत्तर में अच्छा रिस्पॉन्स है। असम, मेघालय, नगालैंड, अरुणाचल, सिक्किम की 73 हवाई पट्टियां स्कीम से जुड़ी हैं। अलायंस एयर, फ्लाईबिग, इंडिगो यहां सेवा दे रही हैं। इसी स्कीम के तहत 2021 में इंफाल से शिलॉन्ग के लिए सीधी उड़ान शुरू हुई थी।

### 2016 से शुरू हुई उड़ान सेवा... इतनी सस्ती कैसे



एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर किराए को किफायती बनाने के लिए उड़ान योजना के तहत एयरलाइंस को वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) दी जा रही है। इससे कंपनी को मूल किराए में हुए नुकसान की भरपाई हो जाती है। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और हवाईअड्डा परिचालक क्षेत्रीय उड़ान सेवा के तहत उड़ानों के लिए विभिन्न प्रोत्साहन देते हैं। अन्य बातों के अलावा, इन उड़ानों के लिए कोई 'लैंडिंग' या 'पार्किंग' शुल्क नहीं है। नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना को प्रोत्साहित करने तथा हवाई यात्रा को और अधिक किफायती बनाने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर, 2016 को उड़ान सेवा शुरू की।

## एक नजर

### अफ्रीका के पूर्वी हिस्से में भारी बारिश से अब तक 58 की मौत

**दार एस सलाम।** अफ्रीका के पूर्वी हिस्से में स्थित देश तंजानिया के 10 क्षेत्रों में भारी बारिश हो रही है। कई हिस्सों में बाढ़ से 58 लोग मारे गए हैं, जबकि, कई लापता हैं। मुख्य सूचना सेवा के निदेशक ने कहा कि पीड़ितों की मौत 01 अप्रैल से 13 अप्रैल के बीच हुई है। मतिनयी ने बंदरगाह शहर दार एस सलाम में रविवार को कहा कि 58 मौतों में से 10 अरुशा क्षेत्र में, चार गीता में, दो दार एस सलाम में, पांच इरिंगा में, एक किलिमंजारो में, चार लिंडी में, छह म्बेया में, पांच मोरोगोरो में, 11 कोस्ट में और 10 रुकवा में हुई हैं।

### घाटी के दो जिलों में हिमस्खलन और हिमपात की चेतावनी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने अगले 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी के दो जिलों के ऊंची चोटियों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की है। जेकेडीएमए के अधिकारियों ने सोमवार को कहा है कि, उत्तर कश्मीर के कुपवाड़ा जिले और मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में 2,400 मीटर से ऊंची चोटियों पर मध्यम स्तर के खतरे' का हिमस्खलन होने का अनुमान जताया है। कश्मीर घाटी में पिछले दो दिनों से बड़े पैमाने पर व्यापक बारिश हुई और कुछ ऊपरी चोटियों में ताजा हिमपात भी हुआ है।



### नेपाल में वसंत आगमन के स्वागत में सिन्दूर यात्रा...

**भक्तपुर।** नेपाल के भक्तपुर स्थित बालकुमारी मंदिर में रविवार को सिंदूर जात्रा उत्सव मनाया गया। यह वसंत और नववर्ष के आगमन का प्रतीक है। लोगों ने सिंदूर और गुलाल उड़ाकर जश्न मनाया और 32 देवी-देवताओं के शाही रथ खींचे गए हैं।

### हरियाणा के अंबाला में मिनी ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे श्रद्धालू

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला जिले में अधोया गांव के पास श्रद्धालुओं को ले जे रहे मिनी ट्रक का टायर फटने से वाहन पलट गया, जिस कारण कुछ यात्री घायल हो गए। पुलिस ने कहा- मिनी ट्रक में 18 श्रद्धालु त्रिलोकपुर माता मंदिर में माथा टेककर कैथल स्थित अपने घर लौट रहे थे। तभी अचानक ट्रक का टायर फट गया, जिससे सभी बाल-बाल बच गए।

# पाकिस्तानी पुलिस का दावा... जिंदा है सरबजीत का हत्यारा सरफराज तांबा

## पड़ोसी देश के आंतरिक मंत्री नकवी ने हमले में भारत का हाथ होने से किया इनकार

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान की जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के आरोपी अमीर सरफराज तांबा की हत्या के एक दिन बाद पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बड़ा दावा किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ऑपरेशंस लाहौर सैयद अली रजा का कहना है कि तांबा अभी भी जीवित है लेकिन वह गंभीर रूप से घायल है।

हालांकि, रजा ने यह नहीं बताया कि तांबा इलाज के लिए कहा भेजा गया है। वहीं, जब भारतीय न्यूज एजेंसी ने लाहौर पुलिस के प्रवक्ता फरहान शाह से बात की तो उन्होंने मामले को संवेदनशील बताते हुए कुछ भी कहने से मना कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने सोमवार को तांबा की हत्या में भारत का हाथ होने से इनकार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अतीत में पाकिस्तान में हुई कई हत्याओं में भारत सीधे तौर पर शामिल रहा है। पुलिस मामले की जांच की जांच कर रही है। भारत की संलिप्तता के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। हालांकि, उन्हें हत्या में भारत के शामिल होने का संदेह जरूर है। बता दें, रविवार को सरबजीत की हत्या के आरोपी और लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद के करीबी अमीर सरफराज तांबा पर हमलावरों ने हमला किया था। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

### रविवार को बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने मारी चार गोलियां



तांबा के परिवार के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया कि दो लोग मोटरसाइकिल पर उनके घर आए और ऊपरी मंजिल पर खड़े तांबा को गोली मार दी। रिपोर्ट में कहा गया कि तांबा के शरीर पर चार गोलियां लगीं। दो गोलिया तांबा की छाती और दो पैरों में लगीं। हमला करने वाले एक बंदूकधारी ने हेलमेट पहन रखा था तो दूसरे ने चेहरे पर नकाब डाल रखा था। दोनों गोली चलाने के बाद घटनास्थल से भाग गए। सूत्रों की मानें तो तांबा कारावास के दौरान जेल के अंदर मोबाइल फोन सहित सभी सुविधाओं का आनंद लेता था।

### अनजाने में सरहद पार कर गए थे सरबजीत सिंह



तरनतारन भिखीविंड निवासी सरबजीत सिंह 30 अगस्त 1990 की शाम को भारत पाकिस्तान सीमा पार करके पाकिस्तान चले गए थे। बाद में उसे पाकिस्तान पुलिस ने इस्लामाबाद में हुए बम धमाकों के मामले में गिरफ्तार किया। पाकिस्तान पुलिस ने दावा किया था कि तरन तारन के गांव भिखीविंड निवासी सरबजीत सिंह भारतीय एजेंसियों का जासूस है। मालूम हो कि अमीर सरफराज किसी केस के संबंध में पाकिस्तान की कोट लखपत जेल में बंद था। 26 अप्रैल 2013 को उसने सरबजीत सिंह पर हमला किया और 2 मई को सरबजीत को मृत घोषित किया गया। बाद में सरबजीत सिंह को पंजाब सरकार द्वारा बलिदानी घोषित किया गया था। वर्ष 2018 में एक पाकिस्तानी अदालत ने सिंह की हत्या के मामले में दोनों को उनके खिलाफ सबूतों की कमी का हवाला देते हुए बरी कर दिया।

## तनाव के बीच पाकिस्तान की यात्रा करेंगे ईरानी राष्ट्रपति

**इस्लामाबाद।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी 22 अप्रैल को पाकिस्तान की यात्रा करने वाले हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, रईसी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और सैन्य नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे।

बता दें, रईसी की यात्रा ऐसे समय होगी जब तेहरान ने कुछ दिन पहले ही सीरिया में दमिश्क स्थित अपने वाणिज्य दूतावास पर कथित हमले में इजराइल पर रविवार को मिसाइलों से जवाबी कार्रवाई की है। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया है कि, जनवरी में, ईरान के सीमा पार हमलों के जवाब में पाकिस्तान ने ईरानी क्षेत्र के अंदर आतंकवादियों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन और रॉकेट का उपयोग करके सटीक हमले किए थे। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच आतंकवादी समूह दो ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाया था। जैश अल-अदल 2012 में बनाया गया एक बलूच सुन्नी आतंकवादी समूह है जो ज्यादातर पाकिस्तान में सक्रिय है।

# ऑस्ट्रेलिया में फिर चाकू से हमला, पादरी समेत कई घायल

**सिडनी, एजेंसी**

● पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को किया गिरफ्तार



ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में चाकूबाजी की एक और घटना सामने आई है। वेकली में स्थित द गुड शेफर्ड चर्च में एक पादरी और इकट्ठा हुए कुछ और लोगों पर हमला किया गया है। चाकूबाजी में कई लोग घायल हुए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना चर्च सर्विस के दौरान हुई है। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही इलाके की घेराबंदी कर ली और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया है कि, आरोपी जांच में मदद कर रहा है।

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें बिशप मार मारी इमैनुएल चर्च की स्टेज पर खड़े हैं। इस दौरान काले जंपर पहने एक शख्स उनकी तरफ भागता है और उन्हें खींचकर सीने पर चाकू मार देता है। इसके बाद पादरी जमीन पर ही गिर जाते हैं और हमलावर उन्हें चार से पांच बार और चाकू मारता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पादरी व अन्य लोगों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में ही वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में शनिवार को चाकूबाजी और गोलीबारी के कारण हड़कंप मच गया था। इस घटना में पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए थे। इस घटना पर सिडनी पुलिस ने सोमवार को बड़े खुलासे किए हैं। पुलिस का कहना है कि हो सकता है कि हमलावर के निशाने पर सिर्फ महिलाएं थीं, क्योंकि घटना में मारे गए छह लोगों में से पांच महिलाएं हैं।

## चुनावी बॉण्ड रद करने के फैसले पर पुनर्विचार अर्जी दायर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 15 फरवरी के उस फैसले पर पुनर्विचार का अनुरोध किया गया है, जिसमें मोदी सरकार की राजनीतिक चंदे की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया गया था।

वकील मैथ्यूज जे. नेदुम्पारा द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका में कहा गया कि अदालत ने योजना के खिलाफ याचिका पर विचार किया और इस बात पर ध्यान दिए बिना ही कानून और योजना को रद कर दिया कि ऐसा करके वह संसद पर अपीलीय प्राधिकारी के रूप में कार्य कर रहा है। नेदुम्पारा ने दावा किया कि कोर्ट ने इस बात का ध्यान नहीं दिया कि जनता की राय इस मामले में अलग-अलग हो सकती है और देशवासी संभवतः इस योजना के समर्थन में हो सकते हैं।

# मणिपुर के विस्थापित लोगों की मांग सुनने से सुप्रीम इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा के लिए लगाई थी गुहार

उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में जातीय संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित लगभग 18 हजार लोगों के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इस अदालत का हस्तक्षेप, विशेष रूप से इस विलंबित चरण में, मणिपुर के लिए लोकसभा के आगामी आम चुनावों के संचालन में महत्वपूर्ण बाधाएं पैदा करेगा। पीठ ने कहा, आप अंतिम समय में आये हैं। इस स्तर पर, वस्तुतः क्या किया जा सकता है? हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं कर सकते है। वहीं, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने कहा कि 18,000 आंतरिक रूप से विस्थापित लोग हैं। वे मणिपुर में चुनाव में मतदान करना चाहते हैं।

मणिपुर मई 2023 से हिंसा की चपेट में है। 3 मई को पहली बार राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 160 से अधिक लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग घायल हैं, जब पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्चका आयोजन किया गया था।

### रूपाला का टिकट काटने का अल्टीमेटम...





**राजकोट :** गुजरात की राजकोट लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला के विवादित बयान से खफा क्षत्रिय समाज ने शक्ति प्रदर्शन किया। राजकोट के करीब रतनपर में समाज ने महादरबार (क्षत्रिय अस्मिता महासम्मेलन) लगाया। समाज के नेताओं ने अल्टीमेटम दिया है कि अगर 19 अप्रैल तक रूपाला का टिकट रद नहीं हुआ तो गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों का विरोध होगा। ● एजेंसी

## सिंगापुर के अगले पीएम होंगे वोंग, ली सीन लूंग छोड़ेंगे पद



**सिंगापुर।** सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने सोमवार को कहा कि वह 15 मई को अपने पद से इस्तीफा देंगे। लॉरेंस वोंग को अगला प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाएगा। वोंग फिलहाल देश के उप प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान में हैंडओवर की तारीख की घोषणा की है। बयान के अनुसार, ली सीन 15 मई को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देंगे और डीपीएम लॉरेंस वोंग अगले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। ली 2004 से सिंगापुर के तीसरे प्रधानमंत्री और सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी के महासचिव के रूप में कार्यरत हैं।

# गैंगस्टर लखबीर लांडा के 12 गुर्गे गिरफ्तार

● कारोबारी से मांगी थी दो करोड़ की रंगदारी, दो लग्जरी बाइक समेत हथियार बरामद

**कपूरथला, एजेंसी**



पकड़े गए सभी आरोपियों के साथ मौजूद पंजब पुलिस की टीम।

अमेरिका में बैठे गैंगस्टर लखबीर सिंह लंडा के 12 गुर्गों को कपूरथला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने लंडा और उसके यूके रहते साथी हरजीत सिंह भंडाल के कहने पर सुल्तानपुर लोधी के एक कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग करके दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी।

आरोपियों पर पहले भी कई लूटपाट व आर्म्स एक्ट के केस दर्ज हैं। इनसे पुलिस ने 7.65 बोर की एक पिस्टल, एक देसी रिवाल्वर 32 बोर, एक देशी पिस्तौल 7.62 बोर, 26 रौंद और 2 लग्जरी बाइक बरामद किए हैं। एससपी वत्सला गुप्ता ने बताया कि 10 मार्च को कपूरथला से संबंधित एक धनाढ्य व्यक्ति के घर के बाहर फायरिंग करके दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस के पास मामला पहुंचने के बाद सीआईए स्टाफ कपूरथला, डीएसपी-डी और काउंटर इंटेलीजेंस जालंधर की टीम के साथ संयुक्त आपरेशन चलाया गया। इस दौरान तफ्तीश में मालूम हुआ कि अमेरिका बैठा गैंगस्टर लखबीर सिंह उर्फ लंडा निवासी हरिके जिला तरनतारन अपने यूके में रहते साथी हरजीत सिंह भंडाल निवासी गांव चिट्टी थाना लांबड़ा जिला जालंधर के जरिये जिला कपूरथला व इसके आसपास के एरिया में धनाढ्य व एनआरआई को धमकियां देकर रंगदारी की मांग कर रहे हैं। इस पर आपरेशन टीम ने इनपुट और तकनीकी आधार पर ट्रैप लगाकर 12 गुर्गों को सुल्तानपुर लोधी, तरनतारन, संगरूर, जालंधर और शाहकोट से काबू करने में सफलता हासिल की।

पहले मुख्य आरोपी जसवीर सिंह उर्फ जस्सा निवासी गांव गिल नकोदर, यूके रहते हरजीत सिंह का भाई मनिंदर सिंह निवासी गांव चिट्टी जालंधर, गुरजीत सिंह उर्फ ज्ञानी निवासी नकोदर को पहले गिरफ्तार किया गया।

## कांगो में आतंकी हमला, 11 लोगों को उतारा मौत के घाट

**किंशासा (कांगो)।** कांगो में आतंकी हमला हुआ है। इस दौरान हमलावरों ने पूर्वी कांगो में कम से कम 11 लोगों की हत्या कर दी। मीडिया के अनुसार, इस्लामिक स्टेट से जुड़े हमलावरों ने लोगों की हत्या करने के बाद वाहनों में भी आग लगा दी।

इस्लामिक स्टेट से जुड़े हमलावरों ने यह हमला पूर्वी कांगो के गांवों पर हमला किया, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। हमलावरों ने इस दौरान लोगों के संपत्ति पर भी कब्जा कर लिया गया। बता दें, कि यह हमला शनिवार को हुआ था। हालांकि, स्थानीय मेयर ने इसकी जानकारी रविवार को दी। इस्लामिक स्टेट से जुड़े कई ग्रुप युगांडा के आसपास सक्रिय हैं। संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में कहा था कि इस साल इस क्षेत्र में आतंकियों के हमले में करीब 200 लोग मारे गए हैं।

**विज्ञान** हजारों ग्रहों की खोज के बाद इस उपग्रह के समुद्र में मिले सूक्ष्म जीवन के साक्ष्य

# शनि के उपग्रह एन्सेलाडस में ठहरी जीवन की तलाश

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश शनिग्रह के उपग्रह पर जा ठहरी है। इस ग्रह के उपग्रह एन्सेलाडस के समुद्र में ऐसी कोशिकाएं (सूक्ष्म जीवन) के साक्ष्य मिले हैं, जो पृथ्वी के समुद्रतल में भी मौजूद हैं। इस खोज से पुष्टि होती है कि पृथ्वी के अलावा हमारे अपने सौर मंडल के दूसरे ग्रह में भी जीवन मौजूद है।

जीवन की तलाश मे वैज्ञानिक ब्रह्मांड की खाक छानने में जुटे हैं। हजारों ग्रहों की खोज के बाद अब जो सबूत मिले हैं, वह दूसरे ग्रहों पर जीवन बसाने की संभावनाओं को बल देता है। फिलहाल वैज्ञानिक मंगल पर जीवन बसाने की योजनाओं में जुटे हुए हैं, जबकि मंगल पर अभी तक जीवन के कोई ठोस चिन्ह नही मिले हैं। मगर एन्सेलाडस मे सूक्ष्म जीवन की मौजूदगी से उम्मीद जताई जाने लगी है कि भले ही जीवन बसाने का लक्ष्य मंगल ग्रह हो, लेकिन भविष्य में अधिक संभावनाएं शनि ग्रह के उपग्रहों में नजर आती है। बहरहाल एन्सेलेडस की सतह में समुद्र हैं और जलवाष्प के फब्बारे निकलते हैं। नासा के अंतरिक्ष यान कैसिनी के जरिए इसका पता चल पाया है। कैसिनी से प्राप्त डेटा के नए अध्ययन में सब-माइक्रोमीटर कणों के प्रमाण मिले हैं जो पृथ्वी के महासागरों में हाइड्रोथर्मल वेंट में जीवाणु कोशिकाओं के समान आकार के हैं। एन्सेलाडस की सतह पर बर्फ की दरारों से निकलने वाले फब्बारों के आंतरिक भाग में एक तरल महासागर है।



शनि ग्रह के उपग्रह एन्सेलाडस के समुद्र से निकलते फब्बारों की तस्वीर।

### समाप्त हो चुका है कैसिनी का मिशन

नासा का अंतरिक्ष मिशन कैसिनी का मुख्य उद्देश्य शनि व इसके उपग्रहों की जांच पड़ताल करना था। इस अंतरिक्ष यान ने शनि के उपग्रहों के करीब पहुंचकर महत्वपूर्ण तस्वीरों को कैमरे में कैद किया और शनि समेत इसके उपग्रहों के अनेक राज हम तक पहुंचाए हैं। जिनका अध्ययन कर वैज्ञानिक आज भी नित नई जानकारी जुटा रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी मिशन का समय अब खत्म हो चुका है।

शनि ग्रह का उपग्रह एन्सेलाडस एक दिलचस्प छोटी सी दुनिया है, जिसकी बाहरी बर्फ की परत के नीचे खारे पानी का एक वैश्विक महासागर छिपा हुआ है। यह खोज पोलैंड के तीन वैज्ञानिकों द्वारा सामूहिक रूप से की गई है।